CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : $29^0$C
न्यूनतम : $24^0$C

देहरादून, गुरुवार 10 जुलाई 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 24 अंक 337 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आषाढ़ शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 14 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिशः राहुल पेज 2



टेस्ट रैंकिंग में 15 स्थान की लम्बी छलांग के साथ छठे नंबर पर पहुंचे शुभमन गिल खेल टाइम्स



ओली के हवा हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा सम्पादकीय



दावाः पूर्व पीएम शेख हसीना ने प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का दिया था आदेश पेज 2

## योगी ने छांगुर बाबा को दी जल्लाद की संज्ञा



कहाः राष्ट्रविरोधी व समाज विरोधी तत्वों को चकनाचूर करके रहेंगे

आजमगढ़, वार्ता

**सीएम योगी** आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि समाज विरोधी व राष्ट्रविरोधी कार्रवाई में लिप्त तत्वों के खिलाफ कार्रवाई हो रही है। उन्होंने अवैध धर्मांतरण के आरोपी जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की ओर इशारा करते हुए कहा कि मंगलवार को बलरामपुर में एक जल्लाद को हम लोगों ने गिरफ्तार किया है।

वह जल्लाद हिंदू बहन-बेटियों की इज्जत से खिलवाड़ करता था। पैसे में सौदेबाजी करता था, लेकिन अब ऐसे तत्वों के साथ सख्ती की जा रही है। हम समाज को टूटने भी नहीं देंगे और राष्ट्रविरोधी-समाजविरोधी तत्वों को भी चकनाचूर करके रहेंगे।

### छांगुर बाबा की कोठी में छह जर्मन शेफर्ड व घोड़े मिले, कोठी पर दूसरे दिन भी चला बुलडोजर, बाथरूम से विदेशी सामान बरामद

**बलरामपुर।** यूपी में धर्मांतरण के मास्टरमाइंड जमालुद्दीन उर्फ छांगुर बाबा की कोठी पर दूसरे दिन भी बुलडोजर चला। बलरामपुर में प्रशासन की टीम बुधवार सुबह 10 बजे कोठी में पहुंची। जहां लाल निशान लगा, उसे तोड़ना शुरू कर दिया। कोठी के अंदर एक मिनी पावर हाउस मिला है। बाथरूम में भी विदेशी ब्रांड के सामान मिले। इसके अलावा, कोठी के अंदर एक घोड़ा भी बंधा मिला। तहसीलदार राजेंद्र बहादुर ने बताया कि मंगलवार और बुधवार दो दिन की कार्रवाई में 1500 स्क्वायर फीट में बने अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया है। 2041 स्क्वायर फीट में हुए निर्माण को प्रशासन ने अवैध बताया था। अभी 500 स्क्वायर फीट में अवैध निर्माण गिराया जाना बाकी है, जिसे गुरुवार को गिराया जाएगा। छांगुर बाबा ने 6 जर्मन शेफर्ड कुत्ते भी पाल रखे थे, जिन्हें गांव वाले उठा ले गए थे। हालांकि, जब पुलिस ने सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी, तो गांव वालों ने कुत्ते वापस सौंप दिए। 3 बीघे में करीब 3 करोड़ की लागत से बनी कोठी में 70 से ज्यादा कमरे और हॉल हैं। इनमें 40 कमरों वाले हिस्से को प्रशासन ने अवैध बताया है।

### जगुआर लड़ाकू विमान क्रैश, दोनों पायलटों की मौत

**नई दिल्ली।** वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान राजस्थान के चुरू के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया, दुर्घटना में दोनों पायलट की मौत हो गई। वायुसेना ने कहा है कि यह विमान नियमित प्रशिक्षण उड़ान के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में दोनों पायलटों की मौत हो गई। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच समिति गठित की गई है। वायुसेना ने सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा कि भारतीय वायुसेना का एक जगुआर ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### ट्रेड यूनियनों के भारत बंद का नहीं दिखा खास असर

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ और विभिन्न मांगों को लेकर प्रमुख ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के आह्वान का बुधवार को देशभर में मिलाजुला असर रहा। पश्चिम बंगाल और केरल में इस बंद का ज्यादा असर देखा गया और कई राज्यों में बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रही। बंद का आह्वान दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनों ने किया था। केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध में आयोजित इस बंद के तहत कुछ वाम संगठनों ने राजधानी दिल्ली में जंतर मंतर पर प्रदर्शन किया। दिल्ली में बंद का खास असर नहीं दिखाई दिया और यहां बाजार सामान्य दिनों की तरह खुले रहे एवं सड़कों पर वाहन भी सामान्य रूप से चलते रहे। एक तरफ जहां पश्चिम बंगाल और केरल में बंद का ज्यादा असर देखने को मिला, वहीं भाजपा और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) शासित राज्यों में बंद का कोई खास असर नहीं दिखा। पश्चिम बंगाल में वामपंथी दलों और उससे संबद्ध ट्रेड यूनियनों के भारत बंद के दौरान ट्रेनों के परिचालन पर असर पड़ा। बंद के कारण सार्वजनिक परिवहन में भारी व्यवधान हुआ।

### एनआईए ने लश्कर से जुड़े मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े उग्रवादी की जेल में मदद करने के आरोप में जेल के मनोचिकित्सक और एक पुलिस अधिकारी सहित तीन प्रमुख आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एजेंसी के मुताबिक बेंगलुरु और कोलार जिलों में पांच स्थानों पर व्यापक तलाशी के बाद मंगलवार को ये गिरफ्तारियां हुईं। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान केंद्रीय कारागार, परप्पाना अग्रहारा, बेंगलुरु के मनोचिकित्सक डा. नागराज, सिटी आर्म्ड रिजर्व पुलिस के सहायक पुलिस निरीक्षक चांद पाशा और एक फरार आरोपी जुनैद अहमद की मां अनीस फातिमा के तौर पर की गई है। एजेंसी के अनुसार छापेमारी में आरोपियों और अन्य संदिग्धों के घरों से डिजिटल उपकरण, नकदी, सोना और आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किए गए।

### युद्धपोत 'निस्तार' नौसेना में शामिल

**नई दिल्ली।** गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चलाने में सक्षम स्वदेशी युद्धपोत निस्तार नौसेना के बेड़े में शामिल हो गया है। देश की प्रमुख शिपयार्ड कंपनी हिंदुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड ने विशाखापत्तनम में नौसेना को यह युद्धपोत सौंपा। इस युद्धपोत को भारतीय नौवहन के अनुसार डिजाइन और निर्मित किया गया है और यह गहरे समुद्र में गोताखोरी तथा बचाव अभियान चला सकता है। इसके साथ ही भारतीय नौसेना यह क्षमता हासिल करने वाली दुनिया की चुनिंदा नौसेनाओं में शामिल हो गई है। इस युद्धपोत का नाम 'निस्तार' संस्कृत से लिया गया है जिसका अर्थ मुक्ति, बचाव या मोक्ष है।

## ब्रिक्स से चिढ़ गए ट्रम्प

### भारत समेत ब्रिक्स देशों पर 10% एक्स्ट्रा टैरिफ लगाएगा अमेरिका

वाशिंगटन, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प ने मंगलवार को ब्रिक्स देशों पर एक अगस्त से 10 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दी। ट्रम्प ने आरोप लगाया ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है।

उन्होंने कहा कि ब्रिक्स हमें नुकसान पहुंचाने और हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए बनाया गया था। जो भी ब्रिक्स में हैं उन्हें 10 फीसदी टैरिफ देना होगा। अमेरिकी डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वाले को बड़ी कीमत चुकानी होगी। ट्रम्प ने कहा कि डॉलर राजा है, हम इसे ऐसे ही रखेंगे। मैं बस इतना कह रहा हूं कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं, तो वे कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। मुझे नहीं लगता कि उनमें से कोई भी वो कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत के बारे में पूछे जाने पर ट्रम्प ने कहा कि ब्रिक्स मेंबर होने की वजह से भारत को भी 10 फीसदी टैरिफ देना होगा, किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। ब्रिक्स ने इसकी आलोचना की है और इसे डब्ल्यूटीओ नियमों के खिलाफ बताया है। ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार समझौते की बात भी की। यह समझौता इस महीने ही या ट्रम्प की भारत यात्रा के दौरान हो सकता है। इस समझौते के तहत दोनों देश 2030 तक आपसी ट्रेड को 500 अरब डॉलर तक पहुंचाना चाहते हैं। इसमें खेती और डेयरी जैसे सेक्टर शामिल नहीं होंगे। अमेरिका अपने कृषि उत्पादों, मेडिकल इक्विपमेंट और इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स पर कम टैरिफ चाहता है, जबकि भारत टेक्सटाइल एक्सपोर्ट के लिए बेहतर मौके चाहता है। ट्रम्प ने पिछली सरकारों पर तंज करते हुए कहा कि उनकी वजह से अमेरिका को नुकसान हुआ। ट्रम्प ने कहा कि मेरे पहले टर्म में सैकड़ों अरब डॉलर के टैरिफ जमा हुए। तब कोई महंगाई नहीं थी, वह देश का सबसे सफल आर्थिक समय था। मुझे लगता है कि इस बार और बेहतर होगा। हमने अभी शुरू भी नहीं किया और 100 अरब डॉलर से ज्यादा के टैरिफ जमा हो चुके हैं। कुछ देश निष्पक्ष व्यापार चाहते हैं, कुछ बिगड़ गए हैं। सालों से उन्होंने अमेरिका का फायदा उठाया है। अगर अमेरिका के पास पिछली बार जैसा मूर्ख राष्ट्रपति होता, तो आपका स्टैंडर्ड गिर जाता, यहां डॉलर नहीं होता। यह एक वर्ल्ड वॉर हारने जैसा होगा। मैं ऐसा नहीं होने दे सकता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर लिखा कि एक अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे। इसमें कोई बदलाव या छूट नहीं होगी। टैरिफ का मकसद निष्पक्षता लाना है, लेकिन अगर कोई देश निष्पक्ष समझौता करना चाहे, तो बातचीत हो सकती है। जब उनसे पूछा गया कि क्या एक अगस्त की डेडलाइन फिक्स है, तो ट्रम्प ने कहा कि मैं कहूंगा पक्की है, लेकिन 100 फीसदी नहीं।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा- डॉलर राजा है, इसे चुनौती देने वालों को भारी कीमत चुकानी पड़ेगी



## गुजरात में महिसागर नदी पर पुल गिरा, 13 लोगों की मौत

वडोदरा, वार्ता

**गुजरात में** वडोदरा जिले के पादरा क्षेत्र में बुधवार को महिसागर नदी पर बने गंभीरा पुल के अचानक ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 13 हो गई और अन्य छह घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक विजय चरण ने बताया कि वडोदरा-आणंद को जोड़ने वाले गंभीरा पुल का एक हिस्सा सुबह अचानक ढह गया, जिससे वहां से गुजर रहे चार वाहन नदी में गिर गए। उन्होंने बताया कि अब तक 13 लोगों के शव नदी से बाहर निकाले गए हैं और अन्य छह लोगों को बचा लिया गया है। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।



### मोदी ने गुजरात हादसे में मरे लोगों की मौत पर दुख व्यक्त किया

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के वडोदरा जिले में पुल के ढहने से हुई जनहानि पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है और प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।

प्रधानमंत्री ने प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि गुजरात के वडोदरा ज़िले में एक पुल के ढहने से हुई जनहानि बेहद दुखद है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खोया है उनके प्रति मेरी संवेदना। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50-50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

■ मृतक आश्रितों को दो-दो लाख रुपये तथा घायलों को 50-50 हजार रुपये की मदद का ऐलान

## उत्तराखंड में बादल फटा

■ अयोध्या में घर, वाराणसी में घाट डूबे प्रयागराज में चार मौतें

**नई दिल्ली।** यूपी में बुधवार को भारी बारिश हुई है। अयोध्या में घरों में पानी भर गया है। प्रयागराज में बारिश के पानी में डूबने से 4 बच्चों की मौत हो गई।

वाराणसी में दशाश्वमेध घाट और अस्सी घाट तक पानी पहुंच गया है। इसके चलते गंगा आरती का स्थान बदला गया है। उत्तराखंड में मानसून जमकर बरस रहा है। मंगलवार को चमोली जिले के नंदप्रयाग घाट के पास मुख गांव में बादल फटने से तबाही मच गई। एसडीआरएफ ने बताया कि जनहानि की सूचना नहीं है। सर्च जारी है। अगले चार दिन राज्य के पांच जिलों में भारी बारिश की संभावना है। मध्य प्रदेश में नर्मदा उफान पर है।

### पंजाब को दहलाने की साजिश नाकाम

**गुरदासपुर।** पंजाब में गुरदासपुर जिला के जंगल से हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद कर एंटी-गैंगस्टर टास्क फोर्स (एजीटीएफ) ने पाकिस्तान स्थित बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के सदस्य और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई द्वारा समर्थित हरविंदर रिदा की एक बड़ी आतंकी साजिश को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया।

## उदयपुर फाइल्स के खिलाफ तत्काल सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट ने किया इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने हिंदी फिल्म 'उदयपुर फाइल्स: कन्हैया लाल टेलर मर्डर' की रिलीज के खिलाफ दायर याचिका पर तत्काल सुनवाई करने से बुधवार को इन्कार कर दिया।

न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने मोहम्मद जावेद की याचिका पर तत्काल विचार करने से इन्कार किया, लेकिन उनकी ओर से पेश अधिवक्ता से कहा कि वो 14 जुलाई को (गर्मी की छुट्टियों के बाद) अदालतें फिर से सामान्य रूप से खुलने पर मामले का उल्लेख कर सकते हैं। जावेद उदयपुर के 2022 को कन्हैया लाल तेली हत्याकांड के आरोपियों में शामिल है। उसने 11 जुलाई को रिलीज के लिए तैयार इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग करते हुए शीर्ष अदालत में एक रिट याचिका दायर की है।



### तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एनआईए कोर्ट ने 26/11 मुंबई हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा की ज्यूडिशियल कस्टडी 13 अगस्त तक बढ़ा दी है। वहीं, एनआईए ने बुधवार को राणा के खिलाफ सप्लीमेंट्री चार्जशीट दाखिल की है। कोर्ट 13 अगस्त को इस चार्जशीट पर सुनवाई करेगी। ये राणा के खिलाफ दूसरी चार्जशीट है।

## वोटर लिस्ट में कोई गैर भारतीय नहीं रहेगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** बिहार में मतदाता सूची की स्क्रीनिंग पर मचे राजनीतिक कोहराम के बीच चुनाव आयोग (ईसीआई) ने साफ किया है कि यह कवायद देश के हर राज्य में की जाएगी। इसमें घर-घर जाकर मतदाताओं की पुष्टि की जाएगी।

इसके जरिये ईसीआई यह सुनिश्चित करना चाहता है कि कोई गैर भारतीय वोटर लिस्ट में न रहे। आयोग के सूत्रों ने बताया कि अगली बारी उन राज्यों की है, जहां 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इनमें असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुड्डुचेरी शामिल हैं। बिहार में चुनाव के बाद इन राज्यों में अभियान चलाया जाएगा। इस कवायद की असली परीक्षा असम और पश्चिम बंगाल में होगी। यहां बांग्लादेशी घुसपैठियों की मौजूदगी पर पहले से राजनीति गरमाई हुई है। 2029 से पहले सभी राज्यों में स्क्रीनिंग करने की योजना अगले फेज में उत्तर प्रदेश, गुजरात, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, गोवा और मणिपुर का नंबर है। यहां 2027 में चुनाव हैं। सूत्रों ने बताया कि 2029 में लोकसभा चुनाव से पहले सभी राज्यों की वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग पूरी करने की योजना है। 2028-29 में 17 राज्यों के चुनाव हैं। वहीं, विपक्ष ने आयोग के फैसले पर सवाल उठाते हुए आंदोलन का ऐलान किया है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म (एडीआर) और विपक्षी पार्टियों ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। याचिकाओं में तर्क दिया गया है कि नागरिकता तय करना आयोग का नहीं, सरकार का काम है। स्क्रीनिंग के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड जैसे दस्तावेज मान्य नहीं हैं, जबकि बिहार के 90 फीसदी लोगों के पास यही हैं। लाखों लोग दूसरे राज्यों में जाते हैं। यह उनके लिए बड़ी चुनौती है। मामले 10 जुलाई को सुनवाई होनी है।



■ स्क्रीनिंग का बिहार मॉडल पूरे देश में लागू करने की तैयारी, अगला नंबर असम और बंगाल का

## भारत-नामीबिया ने रक्षा तथा सुरक्षा पर सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**विडहोक/नई दिल्ली।** नामीबिया की यात्रा पर गए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और नामीबियाई राष्ट्रपति डा. नेटुम्बो नंदी-नदैतवा ने बुधवार को यहां वार्ता के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी पहलुओं की समीक्षा और रक्षा तथा सुरक्षा सहित विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।

वार्ता के बाद श्री मोदी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि राष्ट्रपति नेटुम्बो नंदी-नदैतवा और मैंने आज अपनी वार्ता के दौरान भारत-नामीबिया संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा की।

### मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च सम्मान से नवाजा

**विडहोक /नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को नामीबिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'ऑर्डर ऑफ़ द मोस्ट एन्शिएंट वेल्वित्शिया मिराबिलिस' से सम्मानित किया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### खास मौकों पर लगाएं आंगनबाड़ी केंद्र और स्कूलों में पेड़: आनंदीबेन

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने लोगों से पेड़ लगाने की अपील करते हुए कहा कि जन्मदिन या शादी की सालगिरह जैसे खास मौकों पर आंगनबाड़ी केंद्रों या स्कूलों में जाकर बच्चों को मिठाई बांटें और पेड़ लगाएं। इससे समाज में नए संस्कार जन्म लेंगे और आपके खास दिन की याद भी लंबे समय तक बनी रहेगी। श्रीमती पटेल बुधवार को भारतीय सेना की बम विस्फोटक कंपनी परिसर में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम शामिल होने आई थी। उन्होंने परिसर में पीपल नीम और बरगद के पौधे लगाए। समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को मजबूती देने की अपील की। उन्होंने वहां उपस्थित सभी बच्चों को चॉकलेट दिए। राज्यपाल ने कहा कि आज बच्चों को चिड़िया दिखाने के लिए घरों में घोंसला बनाकर रखना पड़ता है।

### उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त: अजय राय

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह चरमरा चुकी है। बलात्कार, हत्या, डकैती और छिनैती की घटनाओं पर योगी सरकार अंकुश लगाने में पूरी तरह विफल रही है। जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी जौनपुर के तत्वावधान में आयोजित कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में राय ने कहा कि भाजपा सरकार युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सरकारी स्कूलों को बंद कर शिक्षकों की नौकरियों के अवसर खत्म किए जा रहे हैं, जिससे पढ़ा-लिखा नौजवान हताश और बेरोजगार होता जा रहा है।

# दावा: हसीना ने दिया था प्रदर्शनकारियों को गोली मारने का आदेश

### तख्तापलट से पहले अफसर से बातचीत का आडियो लीक, बोलीं- जहां दिखे, गोली मार दो

**ढाका, वार्ता**



बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना का एक अज्ञात सरकारी अफसर से बातचीत का आडियो लीक हो गया है।

बीबीसी ने आडियो की पुष्टि करते हुए दावा किया है कि पिछले साल तख्तापलट से पहले पूर्व पीएम ने छात्र प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई का आदेश दिया था। फोन काल पर शेख हसीना ने कहा कि मैंने उन सभी को आज रात गिरफ्तार करने का आदेश दिया है। सबको कह दिया गया है, जहां भी आपको वे (प्रदर्शनकारी) दिखें, उन्हें पकड़ लीजिए। मैंने अब खुला आदेश जारी कर दिया है। अब वे घातक हथियारों का उपयोग करेंगे। वे जहां भी दिखेंगे, उनको गोली मार देंगे। बीबीसी के मुताबिक, यह आडियो 18 जुलाई, 2024 को ढाका में बांग्लादेशी पीएम के आवास से की गई एक फोन काल के दौरान रिकार्ड किया गया था। 5 अगस्त 2024 को बांग्लादेश में तख्तापलट हुआ था। हसीना का आडियो इस साल मार्च में लीक हुआ बीबीसी ने पुलिस दस्तावेजों का हवाला देते हुए बताया कि इस काल के बाद, ढाका में मिलिट्री-ग्रेड राइफलों का इस्तेमाल किया गया। जुलाई 2024 में बांग्लादेश में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान लगभग 1400 लोग मारे गए थे।

पूर्व प्रधानमंत्री पर प्रदर्शनों के दौरान मानवता के खिलाफ अपराध का भी आरोप है। शेख हसीना की यह फुटेज 5 अगस्त, 2024 की है, जब वे हेलिकाप्टर से देश छोड़कर भाग गई थीं। पीएम पद छोड़कर भारत भाग गई थीं हसीना बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में कोटा सिस्टम को लेकर छात्रों का बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुआ था।

# निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मी सड़कों पर

### कार्यालय/कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** नेशनल कोऑर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज एंड इंजीनियर्स के आह्वान पर आज देश के 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांके. तिक हड़ताल की।

उत्तर प्रदेश के लगभग एक लाख बिजली कर्मचारियों, संविदा कर्मियों, जूनियर इंजीनियरों और अभियंताओं ने कार्यालय/ कार्य स्थल से बाहर आकर निजीकरण के विरोध में पूरे दिन प्रदर्शन किया। ऑल इंडिया पावर इंजीनियर्स फेडरेशन के चेयरमैन शैलेंद्र दुबे, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ पावर डिप्लोमा इंजी. नियर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष आर के त्रिवेदी, ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ इलेक्ट्रिसिटी इंप्लाईज के महामंत्री मोहन शर्मा, इलेक्ट्रिसिटी इंप्लॉइज फेडरेशन ऑफ़ इंडिया के महामंत्री सुदीप दत्ता, इंडियन नेशनल इलेक्ट्रिसिटी वर्कर्स फेडरेशन के महामंत्री कुलदीप कुमार और ऑल इंडिया पावर मेन्स फेडरेशन के महामंत्री समर सिन्हा ने बुधवार को जारी बयान में कहा है कि केंद्र सरकार की एवं राज्य सरकारों की बिजली के निजीकरण की जन विरोधी नीतियों के विरोध में और खास कर उत्तर प्रदेश में पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम एवं दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम के निजीकरण के विरोध में देश के सभी प्रांतों के लगभग 27 लाख बिजली कर्मियों ने एक दिन की सांकेतिक हड़ताल कर अपनी एकजुटता का परिचय दिया है।

उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की है कि बिजली के निजीकरण का निर्णय वापस लिया जाए और केंद्र सरकार से मांग की है कि विद्युत मंत्रालय इस मामले में पहल कर उत्तर प्रदेश में बिजली के निजीकरण का निर्णय निरस्त करवाना सुनिश्चित करें। बिजली नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उत्तर प्रदेश में दो विद्युत वितरण कंपनियों के निजीकरण का निर्णय वापस न लिया गया और उत्तर प्रदेश के बिजली कर्मियों का उत्पीड़न करने की कोशिश की गई, तो देश के तमाम बिजली कर्मी मूकदर्शक नहीं रहेंगे और देशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

### एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत मुख्यमंत्री ने रौंपे पौधे

# आठ साल में हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला: योगी

**अयोध्या, वार्ता**



■ कहा: पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार ने अपने आठ साल के कार्यकाल में हरित क्रांति के जरिये हीटवेब को ग्रीनवेव में बदलने का काम किया है।

योगी ने यहां रामपुर हलवारा में सरयू नदी के किनारे त्रिवेणी वाटिका में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत बरगद, नीम और पीपल के पौधे रोपकर इसे भगवान श्रीराम, धरती माता और जन्मदायिनी माता को समर्पित किया। अयोध्या की पवित्र भूमि पर आयोजित एक जनसभा में उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ इस अभियान की महत्ता पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में उत्तर प्रदेश ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अभूतपूर्व प्रगति की है। इस दौरान 204 करोड़ पौधों का रोपण किया गया, जिनमें से 75 प्रतिशत पौधे जीवित हैं। इसके परिणामस्वरूप राज्य में 5 लाख एकड़ क्षेत्र में वनाच्छादन बढ़ा है।

योगी ने कहा कि हमने हीटवेव को ग्रीनवेव में बदला है। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को स्वच्छ रखने में सहायक है, बल्कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम करने में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। उन्होंने वैज्ञानिक जगदीश चंद्र बसु का उल्लेख करते हुए कहा कि पेड़ों में भी जीवन है और ये छाया, फल, मृदा संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान को योगी ने धरती माता और जन्मदायिनी मां के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक बताया। उन्होंने वैदिक उद्घोष 'माता भूमि पुत्रों पृथिव्या' का उल्लेख करते हुए कहा कि एक सच्चा पुत्र वही है, जो अपनी मां की सेवा और रक्षा करता है। इस अभियान के तहत प्रदेशवासियों ने सुबह 7 बजे से ही उत्साह के साथ पौधरोपण शुरू किया। योगी ने कहा कि यह अभियान वर्तमान को संवारने और भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। पेड़ हमें प्रदूषण, सांस की बीमारियों और कार्बन उत्सर्जन के दुष्प्रभावों से बचाएंगे। मुख्यमंत्री ने जलवायु परिवर्तन को वैश्विक चुनौती बताते हुए कहा कि अतिवृष्टि, अनावृष्टि और बादल फटने जैसी घटनाएं अनियोजित विकास का परिणाम हैं। उन्होंने अमेरिका के टेक्सास में हाल ही में हुई एक घटना का जिक्र किया, जहां अचानक आई बाढ़ में सैकड़ों बच्चे लापता हो गए। योगी ने जोर देकर कहा कि नियोजित और वैज्ञानिक प्रयासों से विकास और पर्यावरण संरक्षण में संतुलन स्थापित किया जा सकता है।

### वृक्षारोपण महाअभियान: उत्साह और उमंग के साथ शुरू हुआ

**लखनऊ।** पर्यावरण संरक्षण और धरा को हरा भरा बनाए रखने के संकल्प के साथ उत्तर प्रदेश में पौधारोपण महाभियान-2025 बुधवार को उत्साह और उमंग के साथ शुय हुआ और दोपहर 12 बजे तक पूरे प्रदेश में 17 करोड़ 57 लाख से अधिक पौधे रोपे जा चुके थे। एक पेड़ मां के नाम 2.0' थीम पर एक दिन में 37 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। राज्य के अधिसंख्य इलाकों में सुबह से ही पौधरोपण का सिलसिला शुय हो गया। नदियों, तालाबों, एक्सप्रेस वे, राजमार्ग के किनारे और पार्कों में वृक्षारोपण अभियान में युवाओं के अलावा बच्चों, महिलाओं और बुजुर्ग भी बढ़-चढ़ का हिस्सा ले रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज सुबह अयोध्या में हनुमानगढ़ी और रामलला के दर्शन के उपरांत दशरथ पथ पर स्थित रामपुर हलवारा गांव गए और 'एक पेड़ मां के नाम' थीम पर पौध रोपण किया।

# बिहार में भी चुनाव चोरी करने की कोशिश: राहुल

**पटना, वार्ता**



■ कहा: महाराष्ट्र में ऐसा कर चुके हैं, चुनाव आयोग के कमिश्नर भाजपा-आरएसएस की तरह बात कर रहे

राहुल गांधी बुधवार को पटना में महागठबंधन के प्रदर्शन में शामिल हुए। बिहार में वोटर लिस्ट की स्क्रीनिंग को लेकर विपक्षी पार्टियां विरोध कर रही हैं। यहां राहुल ने आरोप लगाया कि जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चुराने की साजिश रची जा रही है, उन्होंने कहा कि इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं। उन्हें (भाजपा) पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं। ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है। राहुल ने कहा कि आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा, कानून आपको नहीं छोड़ेगा, मैं आपको गारंटी दे रहा हूं कि आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप अपना काम नहीं कर रहे हो। राहुल बोले कि विधानसभा चुनाव में 10 प्रतिशत वोटर बढ़े राहुल ने कहा कि कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ, उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ। लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की। कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गई।



सेंसेक्स 83625.89
निफ्टी 25424.35



सोना रु. 96085
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 107500
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में सीमित कारोबार के बीच सेंसेक्स, निफ्टी में गिरावट

**मुंबई, वार्ता**



स्थानीय शेयर बाजारों में देश विदेश की आर्थिक परिस्थितियों के मिले-जुले संकेतों के बीच सीमित कारोबार में बुधवार को हल्की गिरावट दर्ज की गई। मुंबई बाजार का संवेदी सूचकांक 176.43 अंक यानी 0.25 प्रतिशत की गिरावट के साथ 83536.08 और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 46. 40 अंक यानी 0.18 प्रतिशत नीचे खिसक कर 25476.10 पर बंद हुआ।

विश्लेषकों के अनुसार वैश्विक व्यापार के क्षेत्र में तनाव और अमेरिका में विभिन्न देशों के खिलाफ ऊंचे आयात शुल्क की घोषणाओं से निवेशक रक्षात्मक दृष्टिकोण अपनाए हुए हैं, लेकिन घरेलू बाजारों में मुद्रास्फीति में कमी, अवसंरचनात्मक विकास परियोजनाओं में निवेश तथा ग्रामीण मांग में सुधार के संकेतों से स्थानीय बाजार में भरोसा बना हुआ है। बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स सुबह गिरावट के साथ 83,625.89 पर खुला और ऊपर में 83,781.36 तथा नीचे में 83,382.28 तक गया। कल बाजार 83,712.51 पर बंद हुआ था। दिन के कारोबार में अधिकतर समय एक सीमित लाभ में रहने के बाद आखरी दौर में बिकवाली का दबाव बढ़ने से बाजार नीचे चला गया। बीएसई में 13 शेयरों में 0.17 प्रतिशत से 1.40 प्रतिशत के दायरे में लाभ हुआ, जबकि 17 शेयरों में 0.06 प्रतिशत से 2.03 प्रतिशत तक की गिरावट रही। बीएसई में लाभ में रहे शेयरों में बजाज फाइनेंस (1.40 प्रतिशत), हिंदुस्तान लीवर (1.24 प्रतिशत) और अल्ट्रासेमको (0.90 प्रतिशत) प्रमुख हैं। महिंद्रा एंड महिंद्रा, पावर ग्रिड, एशियन पेंट्स, आईटीसी, एचडीएफसी बैंक, मारुति, एनटीपीसी और कोटक बैंक भी लाभ में रहे। घाटे में रहे शेयरों में एचसीएल टेक 2.03 प्रतिशत गिरा जबकि टाटा मोटर्स का शेयर 0.06 हानि में बंद हुआ। एक्सिस बैंक, एसबीआई, टाइटन, इन्फोसिस, टीसीएस, आईसीआईसीआई बैंक, सन फार्मा, अदानी पोर्ट, एलएंडटी, रिलायंस और टाटा स्टील जैसे शेयरों में भी घाटा हुआ। एनएसई का निफ्टी 50 सुबह 25,514.60 पर खुल का ऊपर में 25,548.70 और नीचे में 25,424.35 तक गया। एनएसई में कुल 3030 शेयरों में खरीद फरोख्त हुई, जिनमें 1477 लाभ में और 1455 हानि में बंद हुए निफ्टी बैंक 0.07 प्रतिशत और निफ्टी.100 0.16 प्रतिशत की गिरावट से बंद हुए, निफ्टी मिडकैप 0.13 प्रतिशत नीचे रहा।

### सोना 887 कम होकर 96,085 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आया, चांदी 1.07 लाख रुपये किलो बिकी

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दाम में बुधवार 9 जुलाई को गिरावट रही। 24 कैरेट सोने का दाम 887 कम होकर छ96,085 प्रति 10 ग्राम पर आ गया है। इससे पहले इसका दाम 96,972 पर था। वहीं चांदी की कीमत 220 कम होकर घ1,07,280 प्रति किलोग्राम हो गई है। इससे पहले ये 1,07,500 पर थी। वहीं 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 का ऑल टाइम हाई बनाया था। भोपाल सहित 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत- दिल्ली- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,330 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,150, मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,180 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,000, भोपाल- 24 कैरेट सोने की कीमत 98,230 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,050।

# डॉलर के मुकाबले रुपया आठ पैसे नरम

**मुंबई, वार्ता**



अमेरिका में तांबे और औषधियों पर आयात शुल्क बढ़ाने के बारे में राष्ट्रपति डोनाल्ट्ड ईआई की घोषणाओं, भारत-अमे. रिका व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितताओं और वैश्विक बाजार में तेल की कीमतों में सुधार के बीच अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर में बुधवार को करीब आठ पैसे की गिरावट दर्ज की गई।

रुपया आज प्रति डालर 85.7979 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि अमेरिकी मुद्रा कल 85.7188 के स्तर पर थी। बुधवार को एशियाई बाजारों के कारोबार की अवधि में अमेरिकी डॉलर सूचकांक बढ़कर 97.55 के आसपास पहुंच गया। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि वह तांबे के आयात पर 50 प्रतिशत तक शुल्क लगा सकते हैं। उन्होंने संकेत दिया कि दवा और अन्य चुनिदा क्षेत्रों पर शुल्कों में और भी भारी वृद्धि कर सकते हैं। इस बीच फारेक्स बाजार में कारोबारियों को अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति निर्धारक समिति की फेड ओप मार्केट कमेटी (एमओएमसी) की पिछली बैठक के कार्यवाही विवरण के प्रकाशन का इंतजार है। इसमें बाजार फेड की भविष्य की ब्याज दर नीति की संभावनाओं की तलाश करेगा। न्यूयार्क जिंस बाजार में ब्रेंट कच्चा तेल 0.070 प्रतिशत की तेजी के साथ 67.63 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। एक समय यह 67.93 तक चढ गया था। एलकेपी सिक्योरिटीज के उपाध्यक्ष (अनुसंधान) जिंस एवं विदेशी विनिमय बाजार जतिन त्रिवेदी ने बाजार पर टिप्पणी में कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते की बातचीत जारी रहने की खबरों और अमे. रिका में बढ़े हुए शुल्कों को लागू करने का समय बढ़ाने की संभावना से संभलने में मदद मिली है। उनकी राय में आने वाले समय में रुपये के प्रति डालर 85.30 से 86.20 के दायरे में रहने की संभावना है।

# मुख्तार अंसारी की जमीन पर ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण होगा

■ डालीबाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे 2020 में ध्वस्त कर दिया गया था

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) दिवंगत मुख्तार अंसारी के आवास की जमीन पर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित 72 ईडब्ल्यूएस फ्लैटों का पंजीकरण शुरू करेगा।

लखनऊ के डालीबाग इलाके में प्राइम लोकेशन पर यह जमीन मुख्तार अंसारी और उनके परिवार की थी, लेकिन इसे ध्वस्त कर दिया गया और यह इलाका गरीबों के लिए ईडब्ल्यूएस (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग) फ्लैट बनाने के लिए एलडीए को दे दिया गया। 72 फ्लैटों के लिए पंजीकरण अगले महीने शुरू होगा। एलडीए के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि माफिया ने डालीबाग की जमीन पर अवैध कब्जा कर रखा था, जिसे 2020 में ध्वस्त कर दिया गया था। जिस जमीन पर यह इमारत बनी थी वह मुख्तार के बेटों के नाम थी। 2020 में जमीन मुक्त होने के बाद एलडीए ने करीब दो साल में प्रधानमंत्री योजना के 72 फ्लैट बनाए। मुख्तार अंसारी ने पाकिस्तान गए लोगों की संपत्ति हड़पकर अपने परिवार के सदस्यों के नाम आलीशान मकान बनवा लिया था। ये संपत्तियां सरक. ारी थीं और इन्हें शत्रु संपत्ति के तौर पर चिन्हित किया गया था। जमीन का कुल क्षेत्रफल 2,327.54 वर्ग फीट है और एलडीए ने तीन मंजिला मकान बनाए हैं। एक फ्लैट की औसत कीमत 4.50 लाख रुपये है। सूत्रों का कहना है कि मुख्तार अंसारी ने पहले फरहत अंसारी के नाम से डालीबाग में बिना नक्शे के मकान बनवाया था। बाद में एलडीए ने फर्जी कागजात के आधार पर नक्शा पास करा लिया। नक्शा वर्ष 2007 में पास हुआ था, लेकिन 2017 में भाजपा के सत्ता में आने के बाद अवैध प्रक्रिया का पता चला।

# एल्कोबेव सेक्टर से यूपी को 56 हजार करोड़ का राजस्व

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने में एक्लोबेव सेक्टर भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यूपी के एल्कॉहलिक बेवरेज उद्योग ने वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान मार्केट रेवेन्यु में 56 हजार करोड़ रुपए का योगदान दिया, जो राज्य के जीडीपी का 2.4 फीसदी है।

इंटरनेशनल स्पिरिट्स एंड वाइन्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (आईएस डब्ल्यूएआई) ने बुधवार को प्रदेश के एल्कॉहलिक बेवरेज (एल्कोबेव) उद्योग पर अपनी पहली व्यापक रिपोर्ट में इसकी पुष्टि की है। बिल्डिंग पाथवेज फॉर फ्यूचर इन्वेस्टमेंट्स एंड ग्रोथ एल्कोलिक बेवरेजेस इंडस्ट्री इन उत्तर प्रदेश नाम की इस रिपोर्ट में राज्य की अर्थव्यवस्था, रोजगार, कृषि, पर्यटन और औद्योगिक विकास में एल्कोबेव उद्योग की बहुआयामी भूमिका को रेखांकित किया गया है।

रिपोर्ट के विमोचन के अवसर पर आबकारी विभाग के राज्य मंत्री नितिन अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार आर्थिक विकास एवं सार्वजनिक कल्याण को सुनिश्चित करने के लिए प्रगतिशील एवं पारदर्शी एक्साइज प्रणाली के निर्माण की दिशा में प्रतिबद्ध है। आईएसडब्ल्यूएआई यूपी इकोनॉमिक रिपोर्ट 2025 नौकरियों के सृजन से लेकर गांवों की प्रगति एवं पर्यटन के विकास तक इस उद्योग के बहु-आयामी योगदान को दर्शाती है। यह उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के मुख्यमंत्री के विजन के अनुरूप भावी नीतियों को आकार देने में कारगर होगा। एक्साइज कमिशनर, डा. आदर्श सिंह ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों के दौरान उत्तर प्रदेश ने एक्साइज डोमेन में बड़े एवं प्रगतिशील सुधार किए हैं। पारदर्शिता को अपनाकर, पारम्परिक एकाधिकार को समाप्त कर, डिजिटल प्रशासन और प्रतिस्पर्धी एवं निवेशक अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देकर प्रदेश ने दीर्घकालिक मूल्य सृजन की मजबूत नींव तैयार की है। आईएसडब्ल्यूएआई के सीईओ संजीत पाधी ने कहा कि यह उद्योग राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उत्तर प्रदेश एक आर्थिक पावरहाउस के रूप में बदल रहा है और एल्कॉहलिक बेवरेज सेक्टर इस यात्रा में महत्वपूर्ण पार्टनर है। आईएसडब्ल्यूएआई यूपी इकोनॉमिक रिपोर्ट 2025 उत्तर प्रदेश के एल्कोबेव उद्योग का पहला व्यापक अध्ययन है, जिसे एल्कोबेव कंपनियों, उद्योग जगत के विशेषज्ञों और विश्वस्तरीय स्रोतों जैसे इंटरनेशनल वाइन एंड स्पिरिट रिसर्च (आईडब्ल्यूएसआर) के सहयोग से विकसित किया गया है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

रजत जयंती वर्ष 25 YEARS 2000–2025 ... ढाई दशक का सुनहरा सफर

शाह टाइम्स की रजत जयंती पर सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं

# ब्लॉक प्रमुख चुनाव के लिए भाजपा ने घोषित किए जिला प्रभारी

**प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर सभी जिलों मे पार्टी नेताओं को दी गई जिम्मेदारी**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा ने पंचायत चुनाव रणनीति पर आगे बढ़ते हुए ब्लॉक प्रमुख चुनावों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है।

प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर सभी जिलों मे चुनाव प्रभारी घोषित कर दिये गये हैं। पदाधिकारियों मे उत्तरकाशी जनपद के नौगांव ब्लॉक प्रमुख के लिए डॉ विजय बडोनी, पुरोला ब्लॉक के लिए सत्ये सिंह राणा, मोरी ब्लॉक के लिए नारायण सिंह चौहान, चिनयौलीसैन जगत सिंह चौहान भटवाड़ी राम सुंदर नौटियाल, डूंडा धन सिंह नेगी, चमोली जनपद में दसौली राजकुमार पुरोहित, पोखरी हरक सिंह नेगी, ज्योतिर्मठ रामचंद्र गौड़, नंदा नगर समीर मिश्रा, नारायणबगड़ रघुवीर सिंह बिष्ट, थराली गजेंद्र सिंह रावत, देवल विनोद नेगी, गैरसैण कृष्ण मणि थपलियाल, कर्णप्रयाग विक्रम भंडारी, रुद्रप्रयाग जनपद में अगस्तमुनि रमेश गाड़िया, ऊखीमठ वाचस्पति सेमवाल, जखोली रमेश मैखुरी, टिहरी जनपद में भिलंगना अतर सिंह तोमर, कीर्ति नगर विनोद रतूड़ी, देवप्रयाग जोत सिंह बिष्ट, नरेंद्र नगर रविंद्र राणा, प्रताप नगर महावीर सिंह रंगड़, जाखड़ीधार सुभाष रमोला, चंबा दिनेश घने, थौलधार विनोद सुयाल, जौनपुर खेम सिंह चौहान, देहरादून में कालसी दिगंबर नेगी, चकराता भुवन विक्रम डबराल, विकासनगर यशपाल नेगी, सहसपुर संजय गुप्ता, रायपुर ओमवीर राघव, डोईवाला नलिन भट्ट, पौड़ी जनपद में पौड़ी ऋषि कंडवाल, कोट वीरेंद्र रावत, क्लजीखाल सुधीर जोशी, खिर्सू मीरा रतूड़ी, थलीसैंण सुषमा रावत, पाबो यशपाल बेनाम, पोखडा जगमोहन रावत, एकेश्वर विकास कुकरेती, बीरोंखाल गिरीश पैन्यूली, कोटद्वार में यमकेश्वर मुकेश कोली, द्वारीखाल शमशेर सिंह पुंडीर, दुगड्डा संदीप गुप्ता, नैनीडांडा महावीर कुकरेती, जहरीखाल उमेश त्रिपाठी, रिखणीखाल राजेंद्र अन्थवाल, पिथौरागढ़ जनपद में धारचूला धन सिंह धामी, मुनस्यारी अशोक नबियाल, मुनकोट गणेश भंडारी, डीडीहाट राजेंद्र सिंह रावत, कनालीछीना राकेश देवाल, पिथौरागढ़ भूपेश पंत ,बेरीनाग बसंत जोशी, गंगोलीहाट ललित पंत, बागेश्वर में कपकोट इंद्र सिंह फर्स्वाण, बागेश्वर देवेंद्र गोस्वामी, गरुड़ शिव सिंह बिष्ट, रानीखेत में द्वाराहाट अनिल शाही, चौखुटिया पूरन सांगला, सल्ट प्रेम शर्मा, स्याल्दे सुरेंद्र मनराल, ताड़ीखेत पूरन चंद नैनवाल, भिकियासैंण सुभाष पांडे, अल्मोड़ा में ताकुला अरविंद बिष्ट, भैंसियाछाना रमेश बहुगुणा, हवालबाग गौरव पांडे, धौलादेवी रवि रौतेला, लमगड़ा ललित लटवाल, चंपावत में बाराकोट श्याम नारायण पांडे, पाटी सतीश पांडे, चम्पावत जनपद में लोहाघाट शंकर पांडे, चंपावत शंकर कोरंगा, नैनीताल में धारी दीपक मेहरा, ओखल कांडा चंदन सिंह बिष्ट, रामगढ़ मोहन पाल, भीमताल प्रदीप जनौटी, बेतालघाट देवेंद्र ढेला, हल्द्वानी गोपाल रावत, कोटा बाग तरुण बंसल, रामनगर गुंजन सुखीजा, उद्यमसिंह में जसपुर सरदार मंजीत सिंह, बाजपुर राम मेहरोत्रा, काशीपुर विवेक सक्सेना, गदरपुर प्रदीप बिष्ट, रुद्रपुर दिनेश आर्य, सितारगंज दान सिंह रावत, खटीमा उत्तम दत्ता को जिम्मेदारी दी गयी है।

## भाजपा सरकार सभी व्यापारियों की सहयोगी सरकार: सिद्धार्थ

**देहरादून।** महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ उमेश अग्रवाल के नेतृत्व में महानगर व्यापार मंडल की संयुक्त व्यापार एकता मंच की बैठक आयोजित की गई। महानगर अध्यक्ष सिद्धार्थ अग्रवाल ने संयुक्त व्यापारी एकता मंच के माध्यम से सभी व्यापारियों से वार्तालाप करते हुए कहा कि आप लोगों के टैक्स को लेकर जो भी विषय हैं वह सभी विषय विचारणीय है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड के सभी व्यापारियों की सहयोगी सरकार है। सरकार के द्वारा समय-समय पर व्यापारियों को सहयोग देने का काम किया गया है ।आने वाले समय में भी हम सब व्यापारियों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर खड़े हैं। टैक्स का जो विषय है, इसे लेकर देहरादून नगर निगम के महापौर एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के साथ बात कर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा । कार्यक्रम में संयोजक सुभाष चन्द्र भट्ट , हर्रावाला व्यापार संघ के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान , नत्थनपुर प्रथम व्यापार संघ से अध्यक्ष सुनील कुमार यादव , नत्थनपुर द्वितीय व्यापार संघ के अध्यक्ष दीपक नेगी , व्यापारी गणों में सविता पंवार, शालिनी रावत , एडवोकेट अनिल मैखुरी , जगदीश सेमवाल , मोहित शर्मा आदि व्यापारी समाज उपस्थित रहा।

सभी प्रदेशवासियों को 'शाह टाइम्स' की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
उपखण्ड कार्यालय
सिंचाई विभाग, मुनिकीरेती
टिहरी गढ़वाल


सभी प्रदेशवासियों को 'शाह टाइम्स' की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
अरविंद नेगी
एसडीओ
ऊर्जा निगम, ऋषिकेश

सभी प्रदेशवासियों को 'शाह टाइम्स' की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
जीएस धमांदा
वन क्षेत्राधिकारी
वन रेंज, ऋषिकेश

कार्यालय नगर निगम, ऋषिकेश
नगर निगम ऋषिकेश
पत्रांकः 1433 दिनांकः 28/06/2025
नगर निगम ऋषिकेश को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में प्रथम स्थान दिलाने हेतु समस्त शहरवासियों से अपील है कि-
1. जगह-जगह रखे कूड़ेदानों का उपयोग करें एवं कूड़ा सदैव कूड़ेदान में ही डाले।
2. घर पर ही गीले कूड़े से कम्पोस्ट बनाकर अपने, नगर को स्वच्छ बनायें।
3. सडक एवं नालियों में कूड़ा न फैंकों।
4. डोर-टू-डोर कूड़ा कलैक्शन वाहन में गीला एवं सूखा कूड़ा अलग-अलग करके दें एवं सोर्स सेग्रीगेशन में सहयोग करें।
5. अपने नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए घर से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग करें।
6. हम सभी स्वच्छता को अपनाकर अपना पर्यावरण बचाएंगे।
7. अपने आस-पास स्वच्छता बनाये रखें एवं गन्दगी से होने वाली बीमारियों से सुरक्षित रहें।
8. विद्यालयों एवं सार्वजनिक स्थानों पर गन्दगी न फैलायें।
9. सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान न करें तथा तम्बाकू का सेवन कर इधर-उधर न थूकें।
10. हर नागरिक का हो ये सपना स्वच्छ हो सम्पूर्ण ऋषिकेश अपना।
11. सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें ऋषिकेश पॉलिथीन प्रतिबन्धित क्षेत्र है।
एक नंया सवेरा लायेंगे, पूरे ऋषिकेश को स्वच्छ और सुन्दर बनायेंगे को स्वच्छ और सुन्दर बनायेंगे।
(गोपाल राम बिनावाल) नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश।
(शम्भू पासवान) महापौर नगर निगम ऋषिकेश।

कार्यालय नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती ढालवाला
पत्रांकः मेमो/विविध/2025-26 दिनांकः 23/06/2025
नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला क्षेत्रवासियों से अपील करती है कि-
1- नगर पालिका के भवनकर का समय पर भुगतान करें।
2- अपने आस पास और सार्वजनिक स्थलों एंव आस्था पथ को विशेष रूप से स्वच्छ बनाएं रखें।
3- कचरे को निर्दिष्ट कचरा पात्रों में ही डालें और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी न फैलाएं।
4- नगर पालिका परिषद मुनिकीरेती-ढालवाला को स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 में नंबर 01 बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें।
5- आपसे अनुरोध है आप अपने पालतु कुत्ते को आस्था पथ पर न टहलाए/ पालतू कुत्ते के लिए आस्था पथ वर्जित है। यह स्वच्छता बनाए रखने में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका होगी।
6- गीले एवं सूखे कूड़े को अलग-अलग कर निकाय के कूड़ा वाहन में डालें एवं गीले कूड़े से घर में ही खाद (HOME COMPOSTING) बनाएं।
7- गीले-सूखे कूड़े हेतु डस्टबीनों का प्रयोग करें, साथ ही हानिकारक कूड़े के लिए डस्टबीन का प्रयोग करें।
8- नगर क्षेत्र में खुले में मल, मूत्र ना करें और निकाय को खुले में शौच मुक्त(ओडीएफप्लस) करने में सहयोग प्रदान करें।
9- पॉलीथीन का प्रयोग करना, खुले में थूकना एवं कूड़ा डालना प्रतिबंधित है। शहर को प्लास्टिक मुक्तकरने में अपना सहयोग प्रदान करें। प्लास्टिक, कैरी बैग आदि को इधर-उधर न डालकर कूड़ेदान में ही डालें।
10- अपने निर्माणाधीन भवनों का मलबा सड़क पर ना फैलाएं।
हमारे प्रयासों में आपका सहयोग आवश्यक है। एक साफ और स्वस्थ नगर के लिए आपकी सक्रिय भागीदारी की अपेक्षा की जाती है।
(अंकिता जोशी) अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती,ढालवाला
(नीलम बिजल्वाण) अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, मुनिकीरेती,ढालवाला

सभी देशवासियों को "शाह टाइम्स" रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं




जलविद्युत और उससे आगे..
विविधीकरण के माध्यम से ऊर्जा पारगमन अपनाना
टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड
THDC INDIA LIMITED
(अनुसूची 'ए' , मिनी रत्न , पीएसयू )
(Schedule 'A', Mini Ratna PSU)
@THDC India Limited-Official @THDCIL_MOP @THDCIL24X7 @THDC India Limited-Official @thdc_india_limited www.thdc.co.in

# जनपद में प्लास्टिक बैन अभियान सख्ती से हो लागू

■ साफ-सफाई पर दिया जाय विशेष ध्यान, आपदा से निपटने के लिये सभी रहे तैयार, मासिक बैठक में अनेक मामलों पर हुई चर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में जुलाई माह की मासिक बैठक आयोजित की गई। इस दौरान राजस्व वसूली की प्रगति, राजस्व पुलिस से जुड़े मामलों की समीक्षा, संग्रह अमीन रिपोर्ट वाले प्रकरणों पर कार्यवाही तथा आपदा नियंत्रण व्यवस्था सहित विभिन्न प्रशासनिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

जिलाधिकारी प्रतीक जैन ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को लंबित वसूली मामलों में तेजी लाने और तय समय सीमा के भीतर लक्ष्य प्राप्त करने के साथ ही राजस्व पुलिस से संबंधित मामलों में समुचित समन्वय बनाते हुए प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये।

बैठक में संग्रह अमीन रिपोर्ट के आधार पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर जिलाधिकारी ने कहा कि संबंधित मामलों पर तत्काल कार्यवाही की जाए ताकि वसूली और रिपोर्टिंग में पारदर्शिता बनी रहे। अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा ने सभी विभागीय अधिकारियों को आपसी समन्वय से कार्य करने की अपील की। उन्होंने जनपद में प्लास्टिक पर प्रतिबंध के अभियान को और सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए।

नगर पालिकाओं और नगर पंचायतों को प्लास्टिक बेन अभियान को गंभीरता से लेते हुए स्थानीय स्तर पर जागरूकता फैलाने तथा उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाने जैसे सख्त कदम उठाने के आदेश दिए। उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर भी नगर निकायों को सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लाप. रवाही न बरतने के निर्देश दिये। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिकायत पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की स्थिति और उनके निस्तारण की समीक्षा कर अपर जिलाधिकारी ने सभी विभागाध्यक्षों को प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध समाधान करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनी रहनी चाहिए ताकि जनता को विश्वास हो कि उनकी बातों को सुना और समझा जा रहा है।

उन्होंने सभी तहसीलों में स्थापित आपदा कंट्रोल रूमों की कार्यप्रणाली पर चर्चा कर कहा कि बरसात के दृष्टिगत सभी कंट्रोल रूम पूरी तरह सक्रिय और व्यवस्थित रहें। कंट्रोल रूम में आवश्यक उपकरण, संचार साधन और प्रशिक्षित स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आपदा की स्थिति में समय पर राहत व बचाव कार्य संचालित किए जा सकें। इस दौरान उपजिलाधिकारी अनिल शुक्ला, उपजिलाधिकारी जखोली भगत सिंह फोनिया, उपजिलाधिकारी रुद्रप्रयाग याक्षी अरोड़ा, प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय डीएस रौतेला, जिला पूर्ति अधिकारी केएस कोहली, तहस. ीलदार ऊखीमठ प्रदीप नेगी, तहस. ीलदार रुद्रप्रयाग प्रणव पांडेय सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

# नशा तस्करों पर टिहरी पुलिस की कड़ी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जिले में नशे के खिलाफ पुलिस की सख्त मुहिम लगातार तेज होती जा रही है। एसएसपी आयुष अग्रवाल के निर्देशन में चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत चंबा और नरेंद्रनगर थाना क्षेत्रों में पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से स्मैक और चरस बरामद की गई है। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

चंबा थाना प्रभारी दिलवर सिंह नेगी ने जानकारी देते हुए बताया कि बुधवार को थाना क्षेत्र में पुलिस टीम ने दया राम पुत्र मोहन लाल, निवासी गैस प्लांट 2डी बीपुरम नई टिहरी को 10 ग्राम अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। बरामद स्मैक की बाजार कीमत लगभग दो लाख रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि आरोपी नशे के कारोबार में संलिप्त था और पुलिस की नजर में पहले से था। क्षेत्र में अन्य नशा तस्करों पर भी निगरानी रखी जा रही है। थाना प्रभारी ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी को नशा तस्करों के संबंध में कोई जानकारी हो तो वे तत्काल पुलिस को सूचना दें, ताकि इस सामाजिक बुराई को जड़ से खत्म किया जा सके।

गिरफ्तारी में शामिल पुलिस टीम में एसआई रवि कुमार, एएसआई भरत कुमार, हेड कांस्टेबल रामचंद्र सिंह, पुष्पेंद्र कुमार, रोहित, सुबोध नेगी और विजयपाल सिंह शामिल रहे।

वहीं दूसरी ओर, नरेंद्रनगर थाना पुलिस ने मंगलवार शाम आगराखाल क्षेत्र में चरस तस्कर को दबोचा। आरा. ेपी नीरज बिष्ट पुत्र बलवंत सिंह, निवासी ग्राम धौंत्री, उत्तरकाशी को 110 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार किया गया। एसएचओ संजय मिश्रा ने बताया कि कांवड़ मेला और पंचायत चुनाव को देखते हुए पुलिस पूरे क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चला रही है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह यह चरस कांवड़ मेले में आए श्रद्धालुओं को ऊंचे दामों पर बेचकर मुनाफा कमाने की योजना बना रहा था।

पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल संजय, राकेश शर्मा सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा और इसमें संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# आपदा प्रबंधन व जलभराव की समस्या को लेकर हुई बैठक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** टिहरी जनपद में लगातार हो रही बारिश और उससे उत्पन्न हो रही आपदाजन्य स्थितियों के समाधान के लिए बुधवार को जिला कलेक्ट्रेट स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल और टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय की उपस्थिति में नई टिहरी एवं आस-पास के क्षेत्रों में जलभराव, नालियों की सफाई, संवे. दनशील पुश्तों की सुरक्षा, सी एंड डी वेस्ट के निस्तारण, और डंपिंग जोन चिन्हित करने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि बरसात के समय जलभराव की मुख्य वजहों में से एक हैकृनिर्माण कार्यों के बाद बचा हुआ मलबा, जिसे बिना जिम्मेदारी के ऐसे ही छोड़ दिया जाता है। इससे नालियां जाम हो जाती हैं और शहर की जल निकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमरा जाती है। उन्होंने इस पर सख्ती दिखाते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस प्रकार की लापरवाही के विरुद्ध व्यापक चालानी कार्रवाई की जाए।

जिलाधिकारी ने संवेदनशील पुश्तों को चिन्हित करने, आंतरिक सड़कों पर जल निकासी की ठोस योजना तैयार करने और परिसंपत्तियों की सुरक्षा के तहत बंद नालियों को खोलने के निर्देश दिए। साथ ही, सी एंड डी वेस्ट के वैज्ञानिक निस्तारण हेतु डंपिंग जोन चिन्हित करने और क्लस्टर वाइज प्रबंधन की जिम्मेदारी एडीएम की अध्यक्षता में गठित समिति को सौंपी गई। आंतरिक सड़कों को लोनिवि के अधीन लेने की प्रक्रिया भी जल्द शुरू करने को कहा गया। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि आंचल डेरी के ऊपर आपदा से आया मलबा हटा दिया गया है। इस अवसर पर विधायक किशोर उपाध्याय ने नगर क्षेत्र की समस्याओं को गंभीरता से उठाते हुए कहा कि जलभराव के स्थलों की शीघ्र पहचान कर जल निकासी की ठोस व्यवस्था बनाई जाए, ताकि बरसात के दौरान आम जनता को असुविधा न हो और किसी तरह की जानमाल की क्षति न पहुंचे। उन्होंने एनएच के चोक पॉइंट्स की सफाई, परिसंपत्तियों का रख-रखाव और शहर की सुनियोजित योजना पर विशेष बल देते हुए शीघ्र पुनः बैठक बुलाने की बात कही।

नगर पालिका अध्यक्ष मोहन सिंह रावत ने बैठक में शहर की जमीनी समस्याओं से सभी को अवगत कराते हुए कहा कि नगर क्षेत्र में नई नालियों का निर्माण और पेयजल पाइप लाइनों की बेहतर व्यवस्था समय की मांग है।

उन्होंने यह भी कहा कि संसाधनों की कमी के चलते जरूरत पड़ने पर संबंधित विभागों द्वारा जेसीबी और वाहनों की व्यवस्था की जाए, और आंतरिक सड़कों को नगर पालिका से संबंधित विभाग को हैंडओवर किया जाए। इस पर लोनिवि के अधिशासी अभियंता ने बताया कि जेसीबी और वाहन व्यवस्था के लिए टेंडर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और जरूरत पड़ने पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी। बैठक में एडीएम ए.के. सिंह, एसडीएम संदीप कुमार, लोनिवि के ईई योगेश कुमार, मंडल अध्यक्ष विजय कठैत सहित टीएचडीसी, जल संस्थान, नगरपालिका और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने धामी सरकार के चार वर्ष पूरे होने पर गिनाई सरकार की नाकामियां

**कोटद्वार।** कांग्रेसी पदाधिकारियों की ओर से बुधवार को प्रदेश की पुष्कर सिंह धामी सरकार के चार वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में पार्टी कार्यालय में प्रेसवार्ता करते हुए प्रदेश सरकार की नाकामियों को गिनाया गया। प्रेसवार्ता में कांग्रेस नेता रंजना रावत ने कहा कि महिलाओं पर हो रहे अत्याचारों में उत्तराखंड में पहले पायदान पर पहुंच गया है, और अधिसंख्य घटनाओं में भाजपा नेता संलिप्त हैं, जिन्हें सरकार बचाने का भरपूर प्रयास कर रही है। सरकार के संरक्षण में माफियाओं का आतंक पूरे उत्तराखंड में व्याप्त है, सरकार मूकदर्शक बनी है। भर्ती घोटालों व पेपर लीक मामलों में सरकार अकुंश लगाने में नाकाम साबित हुई है, क्योंकि इन मामलों में बीजेपी नेता आरोपी हैं, किसी भी दोषी पर पुष्ट एवं ठोस कार्यवाही नहीं हो पाई है, इस पूरे घटनाक्रम से बेरोजगार युवाओं के हितों पर सरकार द्वारा कुठाराघात किया गया है। इसके अलावा सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा व्यवस्था और यात्रा के दौरान गुंडागर्दी पर अंकुश लगाने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है, वही संविदाकर्मियों, उपनल कर्मी, आशा कार्यकत्री, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों की हितों की रक्षा नहीं कर पा रही है, साथ ही विनियमितिकरण के मार्ग में बाधा उत्पन्न कर रही है। कहा कि इन अनियमितताओं के खिलाफ कांग्रेस जन सहयोग से आंदोलन करेगी। प्रेस वार्ता में रंजना रावत, रमेश चंद्र खंतवाल, गोपाल गुसाईं, लक्ष्मी चौहान, शीला भारती, प्रेम सिंह पायल, श्रीधर प्रसाद बेदवाल, गोकुल सिंह नेगी, मनोज बिष्ट एवं हयात सिंह मेहरा सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## एक नजर .......

### आमजन को प्रदेश व केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों से कराया अवगत

**कोटद्वार।** पूर्व कांग्रेस मेयर प्रत्याशी रंजना रावत ने बुधवार को भाबर क्षेत्र के झंडीचौड़ व सिगड्डी पहुंचकर आमजन को केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार की जनविरोधी व कर्मचारी विरोधी नीतियों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि एक ओर जहां विश्व के सभी देशों में कर्मचारियों और श्रमिकों के जीवन सुधार के लिए नए-नए कानून व योजनाएं बन रही हैं, वहीं भारत में कर्मचारियों और श्रमिकों को शोषणपरक व्यवस्था का शिकार बनाया जा रहा है। नियमित श्रमिकों व कर्मचारियों के स्थान पर आउटसोर्स जैसी व्यवस्था को लागू किया जा रहा है। कहा कि सरकार श्रम संहिता कानून की आड़ में कार्य के आठ घंटों को बढ़ाकर बारह और पंद्रह घंटे करना चाहती है जो श्रमिकों के साथ अन्याय है। कहा कि इस शोषण व्यवस्था से बचने के लिए सभी को एकजुट होकर संघर्ष करना होगा। इस दौरान वर्तमान पार्षद सुखपाल शाह, पूर्व पार्षद जगदीश मेहरा, विजयपाल मेहरा, विपिन जोशी, योगेश पांडे और मनोज बिष्ट सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### अनुग्रह अग्रवाल ने चार्टर्ड एकाउन्टेट की परीक्षा पास कर किया क्षेत्र का नाम रोशन

**कोटद्वार।** नगरनिगम कोटद्वार के गोविंद नगर निवासी प्रोफेसर विजय कुमार अग्रवाल और शशि अग्रवाल के पुत्र अनुग्रह अग्रवाल ने चार्टर्ड एकाउन्टेट की अन्तिम परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। माता शशि अग्रवाल ने बताया कि अनुग्रह ने दिल्ली विश्वविद्यालय से बीकॉम आनर्स की परीक्षा प्रथम श्रेणी के साथ उत्तीर्ण की। उसके बाद सीए की तैयारी कर चार्टर्ड एकाउन्टेंट परीक्षा को उत्तीर्ण किया। उन्होंने बताया कि अनुग्रह अग्रवाल की बड़ी बहिन दुबई में साफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत है तथा दूसरी बहिन भारत सरकार के प्रतिष्ठित संस्थान भाभा एटोमिक रिसर्च केंद्र मुम्बई में वैज्ञानिक के पद पर कार्यरत है। अनुग्रह के पिताजी प्रोफेसर विजय कुमार अग्रवाल 40 वर्षों से उत्तराखंड सरकार में उच्च शिक्षा मे सेवारत हैं और वर्तमान में राजकीय स्नातकोत्तर व्यावसायिक महाविद्यालय बनास, पैठाणी में प्राचार्य के पद पर कार्यरत हैं। बताया कि वे स्वयं गृहणी हैं।

### कारगिल शहीदों के परिजनों को किया गया सम्मानित

**कोटद्वार।** 17वीं गौरव सेनानी समिति की ओर से भाबर क्षेत्र के निंबूचौड़ स्थित एक बारातघर के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कारगिल शहीदों के परिजनों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। वक्ताओं ने कहा कि सेना की बदौलत ही देशवासी सुरक्षित हैं। हमें अपने बच्चों को भी सेना में जाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। कहा कि देश सेवा के लिए बटालियन को एक वीर चक्र, तीन सेना मैडल और तीन सीओ एएस अवार्ड से सम्मानित किया गया है। तत्पश्चात बलिदानी हवलदार मदन सिंह की पत्नी जीना देवी, युद्ध में घायल हुए सेवानिवृत्त कैप्टेन जगदीश प्रसाद पोखरियाल व प्रेम सिंह को सम्मानित किया गया। इस दौरान कैप्टेन सतेंद्र सिंह नेगी, श्रीधर केष्टवाल, शिव प्रकाश चमोली, दयानंद भट्ट, बेलम सिंह, गिरधारीलाल और मनोहर सिंह सहित समिति से जुड़े अन्य गौरव सेनानी शामिल रहे।

### श्रीनगर में देषव्यापी हड़ताल को मजूदरों ने दिया समर्थन

**श्रीनगर।** स्थायी रोजगार की मांग, ठेका प्रथा को समाप्त करने और महंगाई पर नियंत्रण करने सहित अन्य मांगों को लेकर मजदूर और किसान संगठनों द्वारा आहूत देशव्यापी हड़ताल के समर्थन में बुधवार को श्रीनगर में भी मजदूरों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों और निजीकरण की प्रक्रिया के विरोध में आवाज बुलंद की। नगर के पीपलचौरी के समीप मजदूर संगठन से जुड़े सदस्यों ने प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी ओर रेलवे से निकाले गए मजदूरों ने प्रदर्शन कर सरकार के खिलाफ नाराजगी जताई। इस प्रदर्शन में बीएसएनएल के पूर्व जिला अध्यक्ष गणेश काला ने मजदूर एकता को बनाए रखने और संयुक्त संघर्ष को तेज करने का आह्वान किया। एसयूसीआई (सी) से डा. मुकेश सेमवाल ने वक्ताओं ने सरकार से श्रमिक हितों की रक्षा, रोजगार सुरक्षा और महंगाई पर लगाम लगाने की मांग की। कहा कि श्रमिकों और किसानों के हितों की लगातार अनदेखी की जा रही है। मौके पर रेलवे की निर्माणदायी संस्था ऋत्विक कंपनी से निकाले गए श्रमिकों ने रोष व्यक्त किया। योगेश कुमार, भरत सिंह असवाल, चंदन लाल आदि ने कहा कि कंपनी द्वारा उन्हें एक माह का नोटिस देकर कार्यमुक्त किया जा रहा है। कहा की अभी कार्य बाकी है, लेकिन कंपनी केवल कुछ चहेते क्रमिकों को ही रख रही है व अन्य को नौकरी से निकाल रही है। कहा कि इससे उनके समक्ष रोजगार का संकट खड़ा हो जायेगा।

# विवाह पंजीकरण 26 जुलाई तक होगा निःशुल्क

■ चमोली में यूसीसी के तहत 13 हजार 724 दम्पतियों ने कराया विवाह पंजीकरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोपेश्वर।** उत्तराखंड में राज्य सरकार की ओर से समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बीते 27 जनवरी 2025 से लागू की गई है। जिसके तहत 26 मार्च 2010 के बाद होने वाले विवाह का पंजीकरण अनिवार्य है। जिसके लिए सरकार की ओर से पूर्व में 250 रुपए का पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया था। वर्तमान में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन की ओर से 27 जनवरी 2025 से पूर्व हुई शादियों का पंजीकरण आगामी 26 जुलाई 2025 तक कराने के लिए पंजीकरण शुल्क की अनिवार्यता पर रोक लगाई गई है।

चमोली जिले में वर्तमान तक यूसीसी के तहत 13 हजार 724 दम्पति की ओर से विवाह पंजीकरण किया गया है। जबकि 219 आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया गतिमान है तथा विभिन्न कारणों से 647 आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। वहीं जिले में विवाह विच्छेदन के 22 प्राप्त आवे. दनों के सापेक्ष 19 का पंजीकरण हो गया है। जबकि 3 आवेदन निरस्त किए गए हैं। इसके अतिरिक्त पूर्व में पंजीकरण करवाने वाले दम्पतियों की ओर से किए गए 2527 आवेदनों में से 2407 का पंजीकरण हो चुका है। जबकि 47 आवेदन पर कार्रवाई गतिमान है तथा 65 आवेदन निरस्त किए गए हैं।

जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने कहा कि यूसीसी में विवाह व अन्य पंजीकरण की पूरी प्रक्रिया डिजिटल है। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से आम लोगों की सुविधा के लिए आगामी 26 जुलाई 2025 तक पंजीकरण को शुल्क से मुक्त रखा गया है। जिलाधिकारी से आम जनता को सरकार की ओर प्रदत्त सुविधा का लाभ लेते हुए समय से पंजीकरण करवाने का आह्वान किया है।

# नए श्रम कानूनों को वापस लेने की मांग के संबंध में किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोटद्वार।** देश की 10 बड़ी ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर बुधवार को आहूत की गई देशव्यापी हड़ताल के अंतर्गत उत्तरांचल बैंक इम्प्लायर्स यूनियन के बैनर तले सभी बैंकों के अधिकारियों और कर्मचारियों ने प्रदर्शन किया और सरकार से नए श्रम कानूनों को वापस लेने की मांग की। बद्रीनाथ मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समक्ष प्रदर्शन करते हुए बैंक कर्मचारियों ने कहा कि सरकार मजदूर और किसानों सहित कर्मचारियों के हित के खिलाफ फैसले ले रही है और बड़ी कंपनियों को लाभ पहुंचा रही है। यह हड़ताल सरकार की कर्मचारी विरोधी नीतियों के खिलाफ बड़ा कदम है। कहा कि केंद्र सरकार के चार नए श्रम कानून मजदूरों के हक छीन रहे हैं और नियोक्ताओं को जवाबदेही से बचा रहे हैं, जो मजदूरों के साथ नाइंसाफी है। बैंकों और अन्य सार्वजनिक प्रतिष्ठानों में कर्मचारियों की भर्ती न करते हुए प्रतिष्ठानों के निजीकरण की तैयारी की जा रही है, जिसे कर्मचारी हित में नहीं कहा जा सकता। मौके पर बेरोजगारी दूर करने के लिए अधिक रोजगार सृजन करने, पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने, रोजगार गारंटी योजना का मैदानी क्षेत्रों में भी विस्तार करने और सार्वजनिक प्रतिष्ठानों का निजीकरण रोकने की मांग की गई। प्रदर्शन करने वालों में कोटद्वार स्थित सभी बैंकों के कर्मचारी व अधिकारी शामिल रहे।

# चुनाव प्रचार के खर्च पर रहेगी कड़ी नजर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रचार-प्रसार में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग ने सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत प्रत्याशियों के प्रचार खर्च, पेड न्यूज और मीडिया गतिविधियों पर प्रशासन की विशेष नजर रहेगी। निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुसार सभी प्रत्याशियों को चुनाव-प्रचार के दौरान किए गए खर्च का पूरा रिकॉर्ड रखना अनिवार्य है। खर्च को निर्धारित प्रारूप में दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को समय-समय पर प्रस्तुत करना होगा। सत्यापन के बाद तय होगा कि प्रचार में कितना खर्च हुआ है और क्या वह तय सीमा के भीतर है। प्रत्याशियों की ओर से मीडिया में प्रकाशित या प्रसारित पेड न्यूज (प्रायोजित समाचार), एडवर्टोरियल (विज्ञापन रूपी खबरें), इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सर्वे जैसे सभी प्रचार माध्यमों की गहन निगरानी की जाएगी। यदि किसी उम्मीदवार की ओर से इस तरह की सामग्री प्रसारित कराई जाती है, तो उसका मूल्यांकन कर उसे चुनाव खर्च में जोड़ा जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में मीडिया मॉनिटरिंग सेल की ओर से समाचार पत्रों, टीवी चौनलों, सोशल मीडिया और अन्य प्रचार माध्यमों की सतत निगरानी रखी जा रही है। यदि किसी भी माध्यम से आचार संहिता का उल्लंघन या पेड न्यूज की पुष्टि होती है तो उसकी रिपोर्ट निर्वाचन आयोग को भेजी जाएगी और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों, मीडिया संस्थानों और सभी राजनीतिक दलों से निर्वाचन आयोग की ओर से जारी दिशा-निर्देशों का पूर्ण पालन कर निष्पक्ष, पारदर्शी तथा शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने में प्रशासन का सहयोग करने की अपील की।

# लोन आवंटन की समय सीमा को अधिक समय तक न रखा जाए लंबित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** जिला स्तरीय पुनरीक्षण समन्वय समिति और आरसेटी सलाहकार समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने बैंकों की ओर से लगाए गए वित्तीय साक्षरता शिविर, डिजिटल बैंकिंग, सीडी रेशियो, बैंकिंग सुविधाओं के साथ ही सरकार की ओर से प्रायोजित स्वरोजगार में ऋण आवंटित करने संबंधी जानकारी प्राप्त कर संबंधित अधिकारियों को कार्य प्रगति में सुधार लाने के निर्देश दिए। कहा कि बैंक एवं संबंधित विभागों के अधिकारी आपस में समन्वय स्थापित कर प्राप्त आवेदनों को लंबित न रखते हुए समय पर निस्तारण करें।

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रतीक जैन की अध्यक्षता में आयोजित हुई बैठक में वर्ष 2025-26 प्रथम तिमाही में संस्थान की ओर से सम्पादित किये गए प्रशिक्षण कार्यक्रमों, पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि, वित्तीय वर्ष 2025-26 के प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा, वित्तीय वर्ष 2025-26 को लेकर वार्षिक कार्य योजन, जनवरी से मार्च तक के बीपीएल लाभार्थियों के लिए देय धनराशि 9,65,530.00 का क्लेम एसआरएलएम देहरादून को प्रेषित करने को लेकर अनुमोदन, वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 एवं 2024-25 के बीपीएल लाभार्थियों का क्लेम राशि 56,62,042.00 का संस्थान को उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में चर्चा, एसडीआर विजिट रिपोर्ट एवं रिपोर्ट में दर्शाए बिन्दुओं के अनुपालन, पिछले 50 प्रशिक्षण कार्यक्रमों (एपेंडिक्स-25) व संस्थान के भवन निर्माण के सम्बन्ध में हुई प्रगति के सम्बन्ध में आख्या सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने बैंकों से लोन आवंटन की समय सीमा को अधिक समय तक लंबित न रखने का सुझाव दिया और इसे शीघ्र स्वीकृत या अस्वीकृत करने के निर्देश दिए। अस्वीकृत करने की स्थिति में उसका आधार भी संबंधित विभाग को बताया जाने के निर्देश दिए। तत्पश्चात् उन्होंने आरसेटी की डिजिटल मैगजीन का अनावरण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत, अपर जिलाधिकारी श्याम सिंह राणा, पीडी विमल कुमार, निदेशक आरसेटी किशन सिंह रावत, लीड बैंक अधिकारी चतर सिंह, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र महेश प्रकाश, मुख्य कृषि अधिकारी लोकेंद्र बिष्ट, जिला पर्यटन अधिकारी राहुल चौबे के अतिरिक्त संबंधित बैंकर्स एवं विभागीय अधिकारी मौजूद रहे है।

# सोनप्रयाग-त्रियुगीनारायण मोटरमार्ग के बरसात में खस्ताहाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रुद्रप्रयाग। सोनप्रयाग-त्रियुगीनारायण मोटरमार्ग पर बरसात में आवाजाही करना खतरनाक साबित हो रहा है। कुछ दिन पहले हुई बारिश के कारण त्रियुगीनारायण से लगभग दो किमी पहले मोटरमार्ग का एक बहुत बड़ा हिस्सा बरसाती गधेरे के तेज बहाव में बह गया था। जिस कारण मोटरमार्ग पर आवाजाही भी दो दिनों तक बंद रही। हालांकि मोटरमार्ग को आवाजाही लायक बनाया गया है, लेकिन खतरा लगातार बरकरार है। छोटे वाहन मोटरमार्ग पर नहीं चल रहे हैं और उफान पर आया गधेरा मोटरमार्ग पर बह रहा है। जिस कारण स्थानीय जनता के साथ ही तीर्थ यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

प्रत्येक वर्ष बरसाती मौसम में सोनप्रयाग-त्रियुगीनारायण मोटरमार्ग त्रियुगीनारायण से लगभग दो किमी पहले ठुलसांग गधेरे में ध्वस्त हो जाता है। ठुलसांग गधेरे के तेज बहाव में आने के कारण मोटरमार्ग का एक बहुत बड़ा हिस्सा बह जाता है, जिस कारण कई दिनों तक यहां पर वाहनों की आवा. जाही बंद रहती है। पिछले दिनों हुई बारिश के कारण भी मोटरमार्ग का एक बहुत बड़ा हिस्सा बह गया था। जिस कारण दो दिनों तक यहां पर वाहनों की आवाजाही बंद रही। फिलहाल मोटरमार्ग को आवाजाही लायक खोल दिया गया है, लेकिन मोटरमार्ग पर हल्के और छोटे वाहन नहीं चल पा रहे हैं। जिस कारण त्रियुगीनारायण पहुंचने वाले तीर्थ यात्रियों और स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण लंबे समय से यहां पर पुल निर्माण की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन आज तक पुल का निर्माण नहीं हो पाया है। सामाजिक कार्यकर्ता नितिन जमलोकी ने कहा कि मोटरमार्ग की ठुलसांग गधेरे में काफी दयनीय स्थिति बनी हुई है। मोटरमार्ग पर छोटे वाहन ठुलसांग गधेरे को पार नहीं कर पा रहे हैं, जिस कारण ग्रामीणों व तीर्थ यात्रियों को दो किमी का अतिरिक्त सफर तय करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जनता यहां पर लंबे समय से पुल निर्माण की मांग करती आ रही है, लेकिन पुल का निर्माण कार्य नहीं हो पाया है, जिससे बरसात में यात्रियों को इसी प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

# क्लस्टर विद्यालय योजना का अभिभावकों ने किया विरोध

■ मोलधार, जे. ब्लॉक और बौराड़ी के स्कूलों को मिलाने पर जताई आपत्ति

बच्चों का अन्यत्र दाखिला कराने की दी चेतावनी, बैठक में अभिभावकों ने रखी अपनी बात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई टिहरी।** नगर क्षेत्र के राजकीय इंटर कॉलेज मोलधार, बालिका हाईस्कूल जे. ब्लॉक और राजकीय प्रताप इंटर कॉलेज बौराड़ी को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज बौराड़ी में क्लस्टर विद्यालय के रूप में विलय करने की योजना का अभिभावकों ने कड़ा विरोध किया है। अभिभावकों का कहना है कि यह फैसला न तो छात्रहित में है और न ही उनकी सुविधा के अनुरूप। यदि जबरन इस योजना को लागू किया गया, तो वे अपने बच्चों का नाम इन विद्यालयों से हटाकर अन्य विद्यालयों में दाखिला कराने को मजबूर होंगे।

बुधवार को जीआईसी मोलधार में क्लस्टर विद्यालय के संदर्भ में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता जीजीआईसी की प्रधानाचार्य श्वेता भद्री ने की। बैठक में उन्होंने अभिभावकों और छात्रों को क्लस्टर मॉडल के लाभों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि क्लस्टर मॉडल के तहत एक ही परिसर में शिक्षकों की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित होगी, जिससे छात्रों को बेहतर शिक्षा, संसाधन और सुविधाएं मिल सकेंगी। उन्होंने इसे शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार की दिशा में उठाया गया कदम बताया।

हालांकि, बैठक में मौजूद जीआईसी मोलधार के अभिभावकों ने इस योजना को पूरी तरह से अस्वीकार कर दिया। उनका कहना था कि वर्तमान में यह विद्यालय न केवल भौगोलिक दृष्टि से सुविधाजनक है, बल्कि यहां का शैक्षणिक वातावरण भी छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनुकूल है। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा, आवागमन और सुविधा को देखते हुए इस विद्यालय को यथावत रखा जाना चाहिए। अभिभावकों ने आशंका जताई कि क्लस्टर योजना लागू होने पर छात्रों को दूर स्थित विद्यालयों में भेजना पड़ेगा, जिससे उनकी पढ़ाई और सुरक्षा पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

इस अवसर पर पीटीए अध्यक्ष नीलू विश्वकर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य विजय कैंतुरा, और अभिभावकों में जोगिया देवी, रजनी, पूनम, नंद किशोर, बबीता, प्रताप सिंह पुंडीर, देवेंद्र सिंह, रमा रतूड़ी, गीता मस्तवाल और सुरेंद्र सिंह सहित कई लोग उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि जीआईसी मोलधार जैसे स्थापित और सुचारु रूप से चल रहे विद्यालय को किसी अन्य स्कूल में विलय न किया जाए, बल्कि इसकी मौजूदा स्थिति को बरकरार रखा जाए। इस बैठक ने यह स्पष्ट कर दिया कि क्लस्टर मॉडल को लागू करने से पूर्व अभिभावकों, छात्रों और शिक्षकों की राय और जमीनी परिस्थितियों का गंभीरता से मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है।

## दोहरी मतदाता सूची में नाम दर्ज होने का आरोप

**श्रीनगर।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के अंतर्गत कीर्तिनगर विकासखंड के वार्ड संख्या 34 चिलेडी से जिला पंचायत सदस्य पद के एक प्रत्याशी के खिलाफ आपत्ति दर्ज की गई है। स्थानीय ग्रामीण कमलेश सिंह ने जिला निर्वाचन अधिकारी को पत्र भेजकर उक्त प्रत्याशी का नाम दो अलग-अलग मतदाता सूचियों में दर्ज होने का आरोप लगाया है।आपत्ति में कहा गया है कि चिलेडी सीट से उम्मीदवार दरमयान सिंह कंडारी का नाम नगर पालिका टिहरी के मतदान केंद्र संख्या 6 की मतदाता सूची में दर्ज है, साथ ही उनका नाम त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत राइका रिगोली मतदान केंद्र की सूची में भी शामिल है।

# तीन दिवसीय गुजरात दौरे पर रवाना हुए कैबिनेट मंत्री डॉ.रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**कैबिनेट मंत्री डॉ. धन सिंह रावत गुजरात के तीन दिवसीय दौरे पर हैं, जहां वह अहमदाबाद में विभिन्न सहकारी संस्थानों का भ्रमण कर वहां की कार्य संस्कृति का अवलोकन करेंगे। इसके साथ ही वह सहकारी बैंकों की वित्तीय प्रणाली व योजनाओं के बारे में भी जानकारी लेंगे। डॉ. रावत अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय व अमूल डेयरी भी जायेंगे।

मीडिया को जारी बयान में डॉ. रावत ने बताया कि वह आगामी 12 जुलाई तक गुजरात राज्य के दौरे पर रहेंगे। अपने भ्रमण के दौरान वह गुजरात के सहकारिता मॉडल को समझेंगे, साथ ही वह सहकारी बैंकों की वित्तीण प्रणाली, ऋण वितरण, एनपीए नियंत्रण और डिजिटल बैंकिंग सेवाओं का भी तकनीकी अवलोकन करेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि गुजरात सहकारिता के क्षेत्र में देशभर में अग्रणी स्थान रखता है और यहां का सहकारिता मॉडल अनुकरणीय है। अपने तय कार्यक्रम के अनुरूप डॉ. रावत गुरुवार को अहमदाबाद में पंचमहल जिला सहकारी बैंक व दुग्ध समिति का दौरा करेंगे।

जहां वह अधिकिरयों से बैंकिंग कार्यप्रणाली व वित्तीय सेवाओं की जानकारी प्राप्त करेंगे, साथ ही दुग्ध समिति के संचालन से भी अवगत होंगे। इसी क्रम में वह त्रिभुवन सहक. ारी विश्वविद्यालय का भी दौरा करेंगे, जहां वह सहकारिता क्षेत्र में दी जा रही शिक्षण व प्रशिक्षण पद्धतियों की विस्तृत जानकारी लेंगे। गौरतलब हो डॉ. रावत देश के पहले सहकारी



विश्वविद्यालय का परिसर उत्तराखंड में भी खोलने के पक्षधर हैं, इसके लिये उन्होंने हाल ही में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री के समक्ष मांग रखी थी। इसके अतिरिक्त डॉ. रावत विश्वविख्यात अमूल डेयरी का भी भ्रमण करेंगे। जहां वह दुग्ध समितियों के बीच प्रबंधन, वितरण व विपणन

**■ अहमदाबाद में सहकारी संस्थानों की कार्य प्रणाली से होंगे रूबरू, त्रिभुवन सहकारी विश्वविद्यालय व अमूल डेयरी का भी करेंगे भ्रमण**

की प्रणाली को समझेंगे। उन्होंने कहा कि अमूल की तर्ज पर प्रदेश में सहक. ारिता के तहत दुग्ध समितियों को विकसित कर ग्रामीण युवाओं व महिलाओं को स्वावलंबन की दिशा में प्रेरित किया जायेगा।

शुक्रवार को डॉ. रावत सर्किट हाउस गांधीनगर में गुजरात के सहका. रिता मंत्री की अध्यक्षता में आयोजित सहकारिता की बैठक में सम्मिलित होंगे। जहां वह सहकारिता विभाग के उच्चाधिकारियों के साथ सहकारिता जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों व योजनाओं पर विस्तृत चर्चा करेंगे। इसके उपरांत वह गुजरात इंटरनेशनल फाइनेंस टेक-सिटी का भ्रमण करेंगे। इससे पहले अहमदाबाद पहुंचने पर डॉ रावत ने आज गुजरात राज्य सहक. ारी बैंक के मुख्यालय का भ्रमण किया और शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक कर बैंकिंग प्रणाली को जाना।

डॉ. रावत ने कहा कि उनका यह दौरा अध्ययन व अवलोकन का ही नहीं है बल्कि इसके माध्यम से उत्तराखंड में भी सहकारिता को नई दिशा देने की ठोस रणनीति बनाई जायेगी। ताकि प्रदेश के युवाओं, किसानों और महिलाओं को रोजगार, प्रशिक्षण व वित्तीय सशक्तिकरण के अवसर उपलब्ध कराए जा सकें।

# कृषि मंत्री जोशी से मिले मशरूम कृषक

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से इंडस्ट्री एसोसिऐशन ऑफ उत्तराखण्ड के प्रति. निधि मनमोहन भारद्वाज ने भेंट की। इस दौरान उन्होंने उत्तर भारत में मशरूम उद्योग की चुनौतियों विशेषकर बटन मशरूम के पुन:वर्गीकरण और उस पर जीएसटी दरों को लेकर विस्तृत चर्चा की। कृषक मनमोहन भारद्वाज ने कृषि मंत्री को अवगत कराया कि हाल ही में जीएसटी इंटेलिजेंस निदेशालय द्वारा जारी नोटिसों में कैन बटन मशरूम को एचएसएन कोड 0711 (अस्थायी रूप से संरक्षित सब्जियां) से हटाकर एचएसएन 2003 (तत्काल सेवन योग्य खाद्य पदार्थ) में रखने का सुझाव दिया गया है। इस बदलाव से उत्पाद पर कर दर में भारी वृद्धि होगी, जिससे हजारों छोटे प्रोसेसर, मशरूम किसान, महिला श्रमिक और ग्रामीण उद्यमी प्रभावित होंगे। उन्होंने आग्रह किया कि कैन्ड बटन मशरूम को स्थायी रूप से एचएसएन 0711 के अंतर्गत रखा जाए और इसे 0 प्रतिशत जीएसटी की श्रेणी में लाया जाए, ताकि घरेलू उत्पादकों को संरक्षण मिल सके और सस्ते आयात से भारतीय उद्योग सुरक्षित रह सके।

मनमोहन भारद्वाज ने कृषि मंत्री गणेश जोशी से केंद्रीय कृषि मंत्री से भेंट के लिए समय दिलवाने का भी अनुरोध किया, ताकि यह मुद्दा केंद्रीय स्तर पर उठाया जा सके। कृषि मंत्री गणेश जोशी ने मामले की गंभीरता को समझते हुए प्रतिनिधिमंडल को शीघ्र कार्यवाही का आश्वासन दिया और सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया।

उन्होंने इस बाबत कृषि मंत्रालय से बात भी की।

# प्रीतम सिंह के बेटे अभिषेक कांग्रेस प्रत्याशी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और चकराता विधानसभा से कांग्रेस विधायक प्रीतम सिंह के बेटे अभिषेक सिंह, जिला पंचायत सदस्य का चुनाव लड़ने जा रहे हैं. पार्टी ने उन्हें पंचायत चुनाव 2025 के लिए समर्थित जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी घोषित किया है।देहरादून पार्टी मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन सूर्यकांत धस्माना ने बताया कि क्षेत्र के लोगों ने आम सहमति से अभिषेक सिंह के नाम पर मुहर लगाई है। उन्होंने बताया कि प्रीतम सिंह पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और नेता प्रतिपक्ष रह चुके हैं। उनके बेटे अभिषेक सिंह, जिला पंचायत सदस्य के अधिकृत प्रत्याशी घोषित किए गए हैं, वह बृनाड वास्तिल जिला पंचायत के लिए अधिकृत हुए हैं।उन्होंने बताया कि देहरादून में प्रीतम सिंह के नेतृत्व में जिले के सभी महत्वपूर्ण नेताओं से चर्चा की गई, इसके अलावा पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श करने के बाद आम सहमति बनाकर अभिषेक सिंह को प्रत्याशी घोषित किया गया है। धस्माना का कहना है कि पार्टी के सभी बड़े नेता इस वक्त बड़ी गंभीरता के साथ जिला पंचायत के चुनाव में पूरे प्रदेश के भीतर भ्रमण कर रहे हैं।

आवश्यकता पड़ने पर अगर जरूरत पड़ेगी तो पार्टी के सभी वरिष्ठ नेता, चुनाव लड़ने वालों प्रत्याशी और कार्यकर्ताओं के लिए हर समय उपलब्ध हैं। इसके अलावा कांग्रेस पार्टी ने जिला पंचायत क्षेत्र मंगरोली से पार्टी समर्थित प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह की भी घोषणा की है।

# भाजपा देश व प्रदेश में सवैधनिकता संस्थाओं को कर रही भ्रष्टः कांग्रेस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भारतीय जनता पार्टी देश व प्रदेश में सभी संवैधानिक संस्थाओं को नष्ट भ्रष्ट करने में जुटीं है और चुनाव करवाने वाले आयोगों व प्राधिकरणों पर सत्ता का दबाव डाल कर उनकी निष्पक्षता को प्रभावित कर रहे हैं यह आरोप बुधवार को प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में लगाते हुए कहा कि आज प्रदेश में चल रहे पंचायत चुनावों की प्रक्रिया में राज्य निर्वाचन आयोग की भूमिका से यह आरोप प्रमाणित हो रहा है।

धस्माना ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा के नेतृत्व में पार्टी ने पंचायत चुनावों की शुरुआत




**■ पंचायत चुनावों में पारदर्शिता का अभाव सत्ताधारी दल के दबाव में धांधली हुई तो कांग्रेस करेगी जबरदस्त विरोध: धस्माना**

में ही राज्य निर्वाचन आयोग मिल कर व लिखित ज्ञापन दे कर राज्य में निष्पक्ष पंचायत चुनाव करवाने की मांग की थी किंतु जिस प्रकार से राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव शुरू होने से लेकर अब तक रोजाना अपने ही बयानों को दिन में दो दो बार बदल रहा है उससे स्पष्ट रूप से इस बात की पुष्टि होती है कि राज्य में पंचायत चुनाव निष्पक्ष नहीं होंगे।

धस्माना ने कहा कि अल्मोड़ा जिले में भिक्यासैन क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहे भाजपा नेता सतीश नैनवाल व उनके पूरे परिवार का नाम नैनीताल जिले में भी मतदाता सूची में है और इसी प्रकार से उनकी भाभी का नाम भी नैनीताल व अल्मोड़ा दोनों ही जिलों में पंचायत के मतदाता सूची में शामिल हैं और वे भी चुनाव लड़ रही हैं।

धस्माना ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में सहकारिता चुनावों, गन्ना समिति के चुनाव , नगर निकाय चुनावों में भी बड़े पैमाने पर धांधली की और अब पंचायत चुनाव भी येन केन प्रकारेंण जितने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग का दुरूपयोग कर रहे हैं जिसे कांग्रेस बिल्कुल स्वीकार नहीं करेगी। पंचायत चुनावों में अगर गड़बड़ी की गई तो कांग्रेस बूथ स्तर पर आंदोलन के लिए मजबूर हो जाएगी।

## एक नजर .......

### कांग्रेस एससी विभाग को मिली प्रदेश कार्यकारिणी

**देहरादून।** उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस एससी विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल ने बताया कि प्रदेश एससी विभाग की संस्तुति पर अखिल भारतीय कांग्रेस एससी विभाग के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम ने प्रदेश एससी विभाग की कार्यकारिणी की नियुक्ति की गई है। इस अवसर पर प्रदेश एससी विभाग के अध्यक्ष मदन लाल ने अखिल भारतीय कांग्रेस एससी विभाग के अध्यक्ष राजेन्द्र पाल गौतम, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष करन माहरा, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या, पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, पूर्व अध्यक्ष प्रीतम सिंह, गणेश गोदियाल, उपनेता भुवन कापड़ी का धन्यवाद किया है और नव नियुक्त कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बधाई देते हुए अपेक्षा की है कि आज भाजपा द्वारा जिस तरह से समाज को बॉटने का काम किया जा रहा है। हम सबने उनका मुकाबला कर कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने का काम करना है।

### 51 हजार कीमत की स्मैक के साथ एक नशा तस्कर गिरफ्तार

**सेलाकुई।** थाना सेलाकुई पुलिस ने 1 नशा तस्कर को 51 हजार कीमत की अवैध स्मैक के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस ने नशा तस्कर के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से नशा तस्कर को जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया। थाना सेलाकुई पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत 8 तारीख को पुलिस टीम द्वारा गश्त के दौरान चौकिंग में राजा रोड स्थित शिवालिक कॉलेज के पास से एक व्यक्ति एहसान पुत्र महबूब निवासी शाहजहांपुर बरेली मोड थाना सदर जिला शाहजहांपुर यूपी हाल निवासी जमनपुर थाना सेलाकुई के कब्जे से 7.31 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की। एक व्यक्ति प्रशांत पुत्र अज्ञात निवासी सेलाकुई फरार है। जिसकी गिरफ्तारी को लेकर तलाश में जुट गई। पुलिस टीम में एसआई अनित कुमार, सिपाही मुकेश कुमार व सुधीर कुमार शामिल रहे।

### दो सगी बहनें महिला तस्करों को रायपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सहारनपुर से अवैध चरस को लाकर देहरादून में करती थी सप्लाई**

**देहरादून।** नशे की सौदागर दो महिला तस्करों को रायपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध चरस बरामद की। पकड़ी गई महिला तस्करों के विरुद्ध पुलिस ने कानूनी कार्यवाही कर उन्हें सलाखों के पीछे भेजा। पकड़ी गई महिला तस्कर सहारनपुर से चरस को लाकर देहरादून में सप्लाई कर रही थी। ड्रग्स फ्री देवभूमि 2025 के विजन को साकार करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने पूर्व में ही आदेश जारी किए थे कि नशे का व्यापार करने वाले लोगों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की जाए। थाना अध्यक्ष रायपुर गिरीश नेगी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कीसोमनाथ नगर किशन डेयरी के पास से दो महिला तस्कर नशे के सामान को बेचने के फिराक में घूम रही हैं। सूचना मिलते ही मयूर विहार चौकी प्रभारी राजीव कुमार धारीवाल व महिला दरोगा रजनी चमोली पुलिस टीम के साथ आसपास में चेकिंग अभियान में जुट गए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने महिला तस्कर शबाना पत्नी नबाब व राजीदा पत्नी इंतजार निवासी ग्राम जसमोर थाना बेहट जिला सहारनपुर को 730 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया। पकड़ी गई महिला तस्करों से पूछताछ में पता चला कि दोनों सगी बहने हैं व पिछले कुछ समय से चरस बेचने के काम में लिप्त है। बेहट सहारनपुर क्षेत्रों से चरस को लाकर देहरादून में ऊँचे दामो में सप्लाई की जाती है। बताया जा रहा है कि महिला होने के नाते उन पर कोई शक नहीं करता था कि वह नशे का कारोबार करती हैं। पुलिस ने पकड़ी गई महिला तस्करों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा।

# विंध्या हाउस ने फुटबाल टुर्नामेंट खिताब अपने नाम किया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** शिवालिक एकेडमी में बुधवार को इंटर हाउस फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों शिवालिक, सतपुड़ा, अरावली और विंध्या ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से दर्शकों का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता का पहला मुकाबला शिवालिक हाउस और सतपुड़ा हाउस के मध्य खेला गया, जिसमें सतपुड़ा हाउस ने शानदार खेल दिखाते हुए 1-0 से जीत दर्ज की। सतपुड़ा हाउस की ओर से अभिनव बर्थ्वाल ने निर्णायक गोल कर टीम को विजय दिलाई।

दूसरा मुकाबला विंध्य हाउस और अरावली हाउस के बीच खेला गया,



जो बेहद ही रोमांचक और संघर्षपूर्ण रहा। निर्धारित समय तक स्कोर बराबरी पर रहा, जिसके बाद निर्णय पेनल्टी शूटआउट के माध्यम से किया गया, जिसमें विंध्या हाउस ने 5-4 से जीत हासिल की।

सेमीफाइनल मुकाबला शिवालिक हाउस और अरावली हाउस के बीच खेला गया, जिसमें अरावली हाउस ने दमदार प्रदर्शन करते हुए 5-1 से जीत दर्ज की और तृतीय स्थान प्राप्त किया।

फाइनल मुकाबला विंध्या हाउस और सतपुड़ा हाउस के बीच हुआ। दोनों ही टीमों ने जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया। टूर्नामेंट में विंध्या हाउस ने 6-2 से शानदार जीत दर्ज कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि सतपुड़ा हाउस द्वारा द्वितीय स्थान प्राप्त किया गया।

इस अवसर पर शिवालिक एकेडमी के चेयरमैन सोंमदत्त त्यागी, डायरेक्टर शिवम त्यागी, प्रधानाचार्या रजनी त्यागी एवं कोऑर्डिनेटर तान्या त्यागी ने सभी खिलाड़ियों को भविष्य में और भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। टूर्नामेंट को सफल बनाने में फुटबॉल कोच शिवा चौहान, अनिल तड़ियाल, बिट्टू विशान क्षेत्री, शम्मी चौहान, अंकिता सिंह, रंजन थपलियाल का विशेष सहयोग रहा।

# दूधिया रोशनी में बिहार ने जीता रग्बी का फाइनल

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** दूधिया रोशनी में बुधवार को खेले गए दसवीं जूनियर राष्ट्रीय रग्बी चौंपियनशिप के फाइनल में बिहार की टीम ने जीत दर्ज कर चौंपियनशिप जीत ली है। बिहार की टीम ने फाइनल मैच में एक तरफा मुकाबले में उड़ीसा को 14-5 के अंतर से हरा दिया।

इस प्रतियोगिता में कल 27 प्रदेश और केंद्र शासित प्रदेशों की टीमों ने हिस्सा लिया था। बालिका वर्ग का फाइनल बुधवार को रजत जयंती खेल परिसर में गंगा एथलेटिक्स स्पोर्ट्स स्टेडियम में फ्लड लाइट्स की रोशनी में खेला गया। पहले ही हाफ में बिहार की टीम ने 14-0 की बढ़त बना ली।

दूसरे हाफ में उड़ीसा की टीम ने कड़ा संघर्ष किया लेकिन समय समाप्त होने तक में स्कोर को 14-5 तक ही ले जा सकी।

खेल मंत्री रेखा आर्या भी स्टेडियम में फाइनल मैच देखने पहुंची थी। उन्होंने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घाटन किया। खेल मंत्री रेखा आर्या ने विजेता और उपविजेता टीमों के खिलाड़ियों को ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि उत्तराखंड में अब नियमित रूप से राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होने लगी है। इससे यह स्पष्ट है कि प्रदेश में खेल संस्कृति बहुत तेजी से आगे बढ़ रही है और यहां के खिलाड़ी भी इससे प्रेरणा लेकर राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी चमक बिखेरेंगे।

# एमडीडीए ने 28 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर की ध्वस्तीकरण की कार्यवाही

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत, विभिन्न स्थानों देहरादून सहस्त्रधारा रोड में की जा रही प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण व डोईवाला क्षेत्र में किये जा रहे अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी।

प्रवीन बंसल की डांडा लखौण्ड सहस्त्रधारा रोड देहरादून में लगभग 10 से 12 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर कार्यवाही करते हुये ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। सुमित, मुक्ताक व राजेन्द्र आदि की और से निकट ओम विहार सहस्त्रधारा रोड में लगभग 08 से 10 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी।

दीपक भट्ट द्वारा शिवगंगा मार्ग सहस्त्रधारा रोड देहरादून मं लगभग 05 से 06 बीघा में की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही की गयी। संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों के आदेशों पर इन अवैध प्लॉटिंग पर कार्यवाही की गयी। कार्यवही में सहायक अभियन्ता शैलेन्द्र सिंह रावत, अवर अभि गौरव तोमर, सुपरवाईजर लीलाधर जोशी व पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

भूषण कुमार की और से छिद्रवाला हरिद्वार रोड डोईवाला क्षेत्र देहरादून में बिना मानचित्र स्वीकृति के किये जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माणाधीन भवन पर सीलिंग की कार्यवाही करते हुए सील किया गया।

इस कार्यवाही में सहायक अभियन्ता प्रमोद मेहरा, अवर प्रवेश नौटियाल ,सुपरवाईजर अमर लाल भट्ट मौजूद रहे।

# चुनाव में उम्मीदवारों की पात्रता पर भ्रामक प्रचार कर रही कांग्रेसः चौहान

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनवीर सिंह चौहान ने कहा कि प्रदेश मे चल रहे पंचायत चुनाव उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम के तहत कराये जा रहे हैं, लेकिन लगातार पंचायत चुनाव को टालने की असफल कोशिश करने वाली कांग्रेस अब उम्मीदवारों की पात्रता को लेकर भामक दुष्प्रचार कर रही है जो कि गैर जिम्मेदाराना है।नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए चौहान ने कहा कि निर्वाचन आयोग स्थिति स्पष्ट कर चुका है, लेकिन कांग्रेस सरासर झूठ परोस रही है। जबकि राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पात्रता के संबंध में कोई नये निर्देश जारी नहीं किये गए हैं।

निर्वाचन आयोग स्पष्ट कर चुका है कि उत्तराखंड में पंचायत चुनाव पूर्ण

**■ कहा -भाजपा की पंचायतों में प्रचंड रूप से जीत बनेगी मिशन 2027 का आधार ,नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के बयान पर साधा निशाना**

रूप से उत्तराखण्ड पंचायतीराज अधिनियम, 2016 (यथासंशोधित) के प्रावधानों के अनुसार ही संपन्न कराए जाते हैं। राज्य निर्वाचन आयोग स्वयं इस अधिनियम के प्रावधानों से निर्देशित है और अन्य सभी को भी इन्हीं प्रावधानों का पालन करना अनिवार्य है। जो निर्देश हैं वे पूर्व से पंचायती राज अधिनियम में प्रविधानित हैं।अधिनियम में किसी भी उम्मीदवार के निर्वाचन हेतु मतदाता सूची में पंजीकरण, मताधिकार, और निर्वाचित होने के अधिकार के संबंध में स्थिति स्पष्ट रूप से उल्लेख है।

उन्होंने कहा कि अधिनियम के अनुसार, व्यक्ति जिसका नाम ग्राम पंचायत के किसी प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में सम्मिलित हो, उस ग्राम पंचायत में मत देने और किसी भी पद पर निर्वाचन, नाम-निर्देशन या नियुक्ति के लिए पात्र होगा । इसी प्रकार के स्पष्ट प्रावधान क्षेत्र पंचायत के लिए और जिला पंचायत के लिए है। वहीं चुनाव मे उम्मीदवार को अयोग्य करने का प्रावधान भी है।

चौहान ने कहा कि कांग्रेस शुरू से ही पंचायत चुनाव को टालना चाहती थी और इसके लिए उसने अदालत तक मामले को उलझाने की कोशिश की और असफल होने पर अब भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि यह साफ है कि कांग्रेस जनता के बीच जाने मे डर रही है और अब अफवाह का सहारा ले रही है। उन्होंने कहा कि निकाय चुनाव मे कांग्रेस को लगे झटके से वह उबर नही पायी है।

उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस के तमाम दुष्प्रचार के बावजूद भाजपा पंचायतों मे प्रचंड रूप से जीत रही है जो कि मिशन 2027 का आधार बनेगा और यही कांग्रेस की मुख्य चिंता है। कांग्रेस को समझने की जरूरत है कि चुनाव सेवा, समर्पण और जनता के बीच रहने से जीते जाते है, अफवाह और दुष्प्रचार से जन आशीर्वाद नही मिलेगा।

# उत्तराखंड की बेटी ने जीता मिसेज टेक्सास एलीट यूनिवर्स 2025 का खिताब

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड की बेटी नेहा नैथानी ने अमेरिका के टेक्सास में आयोजित प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता में "मिसेज टेक्सास एलीट यूनिवर्स 2025" का खिताब जीतकर न सिर्फ अपने राज्य बल्कि पूरे भारत का नाम गर्व से ऊँचा किया है। नेहा की जीत को उनका अपनी सांस्कृतिक जड़ों से गहरा जुड़ाव और भी खास बनाता है

। प्रतियोगिता के हेरिटेज राउंड में उन्होंने गर्व से पारंपरिक पहाड़ी पोशाक पहनकर उत्तराखंड की समृद्ध संस्कृति को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया। गहनों और रंग-बिरंगे परिधानों से सजी नेहा जब मंच पर उतरीं, तो उन्होंने न केवल सौंदर्य का प्रदर्शन किया, बल्कि पूरे उत्तराखंड का प्रति.





निधित्व किया।

"मैं भले ही अब अमेरिका में रहती हूँ, लेकिन मेरा दिल आज भी उत्तराखंड के लिए धड़कता है," नेहा ने कहा। "पारंपरिक परिधान पहनना मेरे लिए सिर्फ फैशन नहीं था ख्र यह मेरी जड़ों, मेरी संस्कृति और मेरे पहाड़ों को समर्पित है जो मेरी विरासत और स्वाभिमान है। अब नेहा इस खिताब के साथ अमेरिका के सबसे प्रतिष्ठित मंच मिसेज यूएसए यूनिवर्स में भाग लेंगी, जहाँ वे भारत व टेक्सास का प्रतिनिधित्व करेंगी। उनकी यह यात्रा केवल एक सौंदर्य प्रतियोगिता की नहीं, बल्कि स्वयं को निखारने, आत्मविश्वास बढ़ाने और अपनी पहचान को गर्व से दुनिया के सामने लाने की कहानी है। नेहा उन सभी पहाड़ी बेटियों के लिए प्रेरणा बन चुकी हैं जो छोटे शहरों से निकलकर बड़े सपने देखती हैं।

नेहा नैथानी ने कहा कि" वह चाहती हैं कि दुनिया जाने कि मैं कहां से आती हूं। हम पहाड़ी लोग मजबूत होते हैं, सरल होते हैं, और हमारे दिल बहुत बड़े होते हैं," नेहा ने कहा। "यह ताज सिर्फ मेरा नहीं है यह हर उस लड़की का है जो पहाड़ों से आती है और दुनिया में अपनी पहचान बनाना चाहती है।"अब अमेरिका में बसने के बाद, नेहा इस मंच का उपयोग उत्तराखंड की संस्कृति, मूल्यों और परंपराओं को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए करना चाहती हैं।देहरादून की इस बेटी ने अमेरिका में ताज जीतकर यह साबित कर दिया है कि जब इरादे मजबूत हों और संस्कार साथ हों, तो कोई भी सपना दूर नहीं होता।

# कच्ची शराब के साथ एक व्यक्ति व एक वारंटी गिरफ्तार



**सहसपुर।** थाना सहसपुर पुलिस ने 5 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ व्यक्ति महेंद्र पुत्र स्व0 वीर सिंह निवासी शेरपुर थाना सहसपुर को सभावाला क्षेत्र से और एक वारंटी मोहसिन पुत्र यामीन निवासी खुशहाल थाना सहसपुर को गिरफ्तार किया गया। जिन्हें कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस टीम में सिपाही रविन्द्र राणा, विपिन पंत और एसआई मंगेश कुमार, सिपाही विकास त्यागी शामिल रहे।

# सेपियंस स्कूल के पांच छात्रों को लायंस ओलंपियाड दिल्ली ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** लायंस ओलंपियाड दिल्ली द्वारा सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर के पांच होनहार छात्रों को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सेपियंस विद्यालय हरबर्टपुर की प्रधानाचार्या रश्मि गोयल, उप प्रधानाचार्या गीता नेगी, कक्षा 11वीं 12वीं के अकादमिक प्रमोटर विभु गोयल, कक्षा नौवीं दसवीं की अकादमिक प्रमोटर विद्या जोशी तथा कक्षा 10 की अध्यापिक. ाओं बीना शर्मा तथा गीता बेलवाल ने विद्यालय के पांच मेधावी छात्रों देवुष्का नेगी, जीशान इकबाल, अदिति सैनी, अक्षिता लखेड़ा और किंजल कौर को लायंस ओलंपियाड द्वारा स्वर्ण पदक से सम्मानित किया।




आज विद्यालय की प्रार्थना सभा में इन्हें सम्मानित करते हुए प्रधानाचार्या रश्मि गोयल ने कहा यह हमारे विद्यालय के लिए गर्व का क्षण है। ये विद्यार्थी अपनी मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन के बल पर आज सम्मानित हुए हैं। उनकी इस उपलब्धि में न केवल उनकी स्वयं की मेहनत बल्कि उनके शिक्षकों का भी मार्गदर्शन शामिल है।

प्रार्थना सभा में उपस्थित सभी अध्यापकों ने इन प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उनके उज्जवल भविष्य की मंगल कामना भी की।

# कांवड़ मेले के सफल आयोजन हेतु सीसीआर में कांवड़ मेला नियंत्रण कक्ष की स्थापना

## मेले के सफल क्रियान्वयन हेतु 16 सुपर जोनल, 37 जोनल व 124 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिला मजिस्ट्रेट एवं जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने बताया कि श्रवण मास में 11 जुलाई से 23 जुलाई तक चलने वाले कांवड़ में देश के विभिन्न प्रदेशों से लाखों की संख्या में कांवडियों / श्रद्धालुओं के आने की प्रबल सम्भावना है। जिस कारण विशेष सतर्कता बरते जाने तथा विभिन्न विशेष व्यवरथायें करना भी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस महत्वपूर्ण अवसर पर कांवड़ मेला क्षेत्र के विभिन्न जोन से सम्बन्धित सेक्टरों में स्वच्छता एवं सफाई, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, यातायात एवं भीड़ नियंत्रण, विभि-व्यवस्था एवं शांति सुरक्षा, मोटर एवं पैदल मार्ग व्यवस्था व नियंत्रण, विद्युत आपूर्ति, पेयजल आपूर्ति, मार्ग प्रकाश, अग्नि सुरक्षा शौचालयों में जलापूर्ति एवं प्रकाश व्यवस्था तथा उनकी समय से सफाई, जल भराव का निस्तारण, पार्किंग स्थलों में पैरिकेटिंग, पेयजल, सम्पर्क मार्ग एवं प्रकाश, अस्थायी पुलों, कांवडियों एवं श्रद्धालुओं की सुविधाओं, अस्थायी घाटों की समुचित व्यवस्था, स्थायी घाटों पर रेलिंग, चेन, सफाई, काई सफाई एवं प्रकाश, ध्वनि विस्तारक यंत्रों की सुविधाये, मुख्य मार्गों व स्थलों पर सर्कतक पट्टिकाओं की व्यवस्था, पार्किंग तथा खाद्यान्न आपूर्ति इत्यादि और अन्य सुसंगत व्यवस्थाये सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी संबंधित विभाग की है। उन्होंने बताया कि कांवड मेले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों की यात्रा को सरल, सुगम एवं सहजता प्रदान करने, सम्पूर्ण मेला क्षेत्र में



कानून एवं शान्ति व्यवस्था और यातायात की व्यवस्थाओं हेतु व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने के लिए जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों की तैनाती की गई है, जोकि 10 जुलाई 2025 अपरान्ह 04 बजे से प्रारम्भ होगी तथा दिनांक 23.07.2025 को जलाभिषेक के उपरांत मेला समाप्ति तक प्रभावी रहेगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान कोई भी तैनात मजिस्ट्रेट अनुमति के बिना अपनी ड्यूटी से अनुपस्थित नहीं होगा। उन्होंने बताया कि इसके साथ ही नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार नगर क्षेत्र में तथा समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने अपने उप मण्डल में विधि एवं शान्ति व्यवस्था कायम रखने हेतु जिम्मेदार रहेंगे।

उन्होंने बताया कि फिंचाराम चौहान, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन), हरिद्वार (मो०-9520581108 व 9411181108) तहसील हरिद्वार एवं भगवानपुर के कांवड़ मेला क्षेत्र तथा श्री दीपेन्द्र सिंह नेगी अपर जिलाधिकारी (वि०एवं १०) हरिद्वार मो०- (0412368661 4 933839976) तहसील लक्सर एवं रूडकी कावड मेला क्षेत्र के नोडल अधिकारी नामित किये गये है, जो समय-समय पर कांवड मेले से संबंधित सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेगे। उन्होंने बताया कि 16 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट, 37 जोनल मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि 124 सेक्टर मजिस्ट्रेट की तैनाती की गई है, जोकि मेला अवधिके दौरान दो शिफ्ट में कार्य करेंगे। उन्होंने बताया कि कांवड़ मेले के सफल आयोजन हेतु सीसीआर में कांवड़ मेला नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है जिसके लिए जिला प्रोबेशन अधिकारी अविनाश भदौरिया, प्रभारी अधिकारी कांवड़ मेला कन्ट्रोल रूम, तथा सहयोग हेतु जिला आपदा प्रबन्धन अधिकारी मीरा रावत को तैनात किया गया है। मेला नियंत्रण कक्ष के 24 घण्टे की तर्ज पर संचालन हेतु रोस्टर बनाकर 12 कार्मिकों की तैनाती की गई है।

# निराशाजनक रहा सीएम धामी का 4 वर्ष का कार्यकाल : अमन गर्ग

शाह टाइम्स संवाददाता




**हरिद्वार।** महानगर कांग्रेस अध्यक्ष अमन गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का 4 वर्ष का कार्यकाल पूरी तरह निराशाजनक रहा है। प्रेस क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए अमन गर्ग ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के 4 वर्ष के कार्यकाल में राज्य में महिलाओं के प्रति हत्या, उत्पीडन की घटनाएं बढ़ी हैं। महंगाई, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, पलायन व आपराधिक घटनाएं हरिद्वार के साथ प्रदेश में चरम पर हैं। अपराधियों, भ्रष्टाचारियों, भू-माफिया, खनन माफिया व शराब माफिया को संरक्षण देने का काम किया जा रहा है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता मुरली मनोहर ने कहा कि राज्य सरकार सुरक्षित चारधाम यात्रा कराने में भी पूरी तरह असफल रही है। राज्य में सडक दुर्घटनाओं में भारी वृद्धि हुई हैं। विभिन्न विभागों में हुए भर्ती घोटालों में भाजपा नेताओं की संलिप्तता जग जाहिर है। लम्बे समय से कार्यरत उपनल कर्मियों, आशाओं, आंगनबाडी कर्मियों की अनदेखी तथा पेंशन स्कीम में कर्मचारियों का लगातार उत्पीडन किया जा रहा है। हरिद्वार पंचायत चुनाव नगर निकाय चुनावों में सरकार ने सत्ता का दुरूपयोग कर लोकतंत्र पर आघात करने का काम किया। प्रेसवार्ता में वरिष्ठ कांग्रेस नेता महेश प्रताप राणा, मनोज सैनी, पुनीत, रचना, अरूण चौहान, पार्षद विवेक भूषण विक्की हिमांशु गुप्ता आदि सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाइक और चोरी के सामान समेत दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** ज्वालापुर कोतवाली पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की बाइक और घर से चोरी किया गया सामान बरामद किया है।



आरोपी नशे के आदी हैं और नशे की लत पूरी करने के लिए चोरी की घटनाओं को अंजाम देते हैं। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने दोनो को कोर्ट में पेश किया। जहां से उन्हे जेल भेज दिया गया। बाबर कालोनी निवासी रईस अहमद ने भगत सिंह चौक के पास बाइक चोरी कर लिए जाने और राजीव नगर कालोनी आर्य नगर निवासी सोनू थापा ने घर से घरेलू सामान, चांदी के जेवरात, एक्सरसाइज में प्रयुक्त होने वाले डंबल, प्लेट आदि चोरी कर लिए जाने के सबंध में मुकद्मा दर्ज कराया था। मुकद्मा दर्ज करने के बाद जांच पड़ताल करते हुए पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर की सूचना पर पंकज पुत्र विनोद कुमार निवासी गूघाल मंदिर पाण्डेय वाला ज्वालापुर व मोहम्मद शाहिब उर्फ सोनू पुत्र रियासत निवासी मोहल्ला कैथवाड़ा ज्वालापुर को लालपुल नहर पटरी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम में एएसआई अनिल सैनी, एएसआई गंभीर तोमर, कांस्टेबल रणवीर सिंह, दीपक चौहान, रवि कुमार, सतवीर सिंह शामिल रहे।

# डीएम ने वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी मयूर दीक्षित ने रोशनाबाद जिला कार्यालय परिसर में स्थित वेयर हाउस पहुंच कर राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों की उपस्थिति में वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सीसी कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया तथा सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस की सुरक्षा में तैनात किए गए सुरक्षा कर्मियों से कहा कि EVM



- VVPAT की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की कोई लापरवाही व शिथिलता नहीं होनी चाहिए, सभी कार्मिक अपने दायित्वों का निर्वहन सतर्कता एवं संवेदनशीलता के साथ करे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी दीपेंद्र सिंह नेगी,राष्ट्रीय भारतीय कांग्रेस के जिलाध्यक्ष चन्द्र पाल सिंह, सीपीआई (एम) राजीव गर्ग, मंडल अध्यक्ष भाजपा बिन्दर पाल, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी अरुणेश पैन्यूली, सुरक्षा कार्मिक आदि मौजूद रहे।

# जिला योजना से बनी सड़क का जिम्प सदस्य दर्शना सिंह ने उद्घाटन किया

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** क्षेत्र के गांव धनपुरा में जिला पंचायत सदस्य दर्शना सिंह के प्रस्ताव पर जिला योजना से सड़क का निर्माण कार्य पूरा होने पर दर्शना ने उक्त सड़क का शुभारंभ फीता काटकर किया। इस दौरान ग्रामीणों ने उनका फूल मालाओं से स्वागत एव आभार जताया। बुधवार को गांव धनपुरा में जिला योजना से बनी इंटरलॉकिंग सड़क का जिला पंचायत सदस्य दर्शना ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास करना मेरा लक्ष्य है। जनता की समस्याओं के निराकरण के लिए भाजपा सरकार प्रतिबद्ध है। ऐसे में लोगों का भाजपा में विश्वास बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने कहा माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं सीएम धामी की डबल इंजन सरकार में प्रदेश में विकास की नई इबारत लिखी जा रही है।



जिला कार्य समिति सदस्य अमीचंद उर्फ गोपी, व रमेश कुमार ने बताया कि लोगो को आने जाने में काफी परेशानी होती थी बारिश के समय मे गड्ढो में गिरकर लोग घायल भी हो जाते थे सड़क को लेकर लोगो ने जिला पंचायत सदस्य दर्शना से सड़क बनवाने का आग्रह किया था। दर्शना ने लोगो की समस्या को देखते हुए जल्द ही सड़क बनवा कर लोगों की समस्या को दूर किया है। सड़क निर्माण पूरा होने से स्थानीय लोगों ने जिला पंचायत सदस्य का आभार जताया है। इस दौरान ठेकेदार टोनी गुर्जर, डा. ओमपाल सिंह, सुशील कुमार, इसम पाल, रामजीलाल, शेर सिंह, सतेंदर उर्फ कल्लू, अभयराम, पूनम देवी, कविता, बाला देवी, सोममी, पिंकी देवी, आदि लोग मौजूद रहे।

# सोलर पावर प्लांट में कॉपर वायर चोरी कर रहे दो आरोपी गिरफ्तार, तीन हुए फरार

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** भेल सेक्टर-3 स्थित सोलर पावर प्लांट में घुसकर कॉपर वायर चोरी कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने मौके पर ही दबोच लिया। पुलिस की दबिश के दौरान तीन आरोपी मौके से फरार हो गए। जिनकी तलाश की जा रही है। मंगलवार की रात सोलर प्लांट सिक्योरिटी ने रानीपुर कोतवाली पुलिस को सूचना दी कि 4-5 लड़के सोलर प्लांट की दीवार तोड़कर अंदर घुए आए हैं और कॉपर वायर चोरी कर रहे हैं। सूचना पर कोतवाली प्रभारी कमल मोहन भंडारी, एएसआई सुबोध घिल्डियाल, कांस्टेबल रविन्द्र बिष्ट व बीर सिंह ने मौके पर पहुंचकर अमन कपूर पुत्र विजेन्द्र निवासी राजनगर ज्वालापुर व सेन्की पुत्र उमेश निवासी विष्णुलोक कालोनी को दबोच लिया। इस दौरान तीन आरोपी मौके से फरार हो गए। अमन कपूर व सैन्की के कब्जे से दो प्लास्टिक के कट्टो में करीब 35 हजार रूपए कीमत की 700 मीटर कॉपर वायर बरामद हुई। पूछताछ में आरोपियों ने



बताया कि चोरी की घटना में उनके साथ राहुल, रवि थापा निवासी कडच्छ व एक अन्य अज्ञात आरोपी शामिल थे। सोलर प्लान्ट के इंचार्ज व पुलिस के आने पर तीनों मौके से भाग गए।

# युवक को अवैध चाकू के साथ किया गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओ में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया है।



मंगलवार देर रात को पुलिस ने रात्रि संघन चौकिंग के दौरान एक युवक को रेलवे फाटक पथरी के पास से अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में घूम रहा था पुलिस पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम शाहिद 21 वर्ष पुत्र जहाँगीर निवासी इक्कड़ खुर्द पथरी बताया है। आरोपी अवैध चाकू के बारे में कोई सन्तोष जनक जवाब नहीं दे पाया आरोपी युवक के खिलाफ सम्बंधित धाराओ मे मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया है।

एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियो पर अंकुश लगाने के लिए चलाए गये अभियान में एक युवक को अवैध चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। युवक को न्यायालय में पेश किया गया है।

# पुलिस ने कच्ची शराब की भट्टियों व उपकरणों को तोड़ा 10 हजार लीटर लाहन किया नष्ट

शाह टाइम्स संवाददाता

**पथरी।** पुलिस ने क्षेत्र के जगलो में छापेमारी कर अवैध भट्टियों एव उपकरणों को तोड़ा व मौके से लगभग दस हजार लीटर लाहन नष्ट किया। गांव शहदेवपुर, दिनारपुर, ऐथल, आदि में लगातार कच्ची शराब बनाने का कारोबार धड़ल्ले से किया जा रहा है। पिछले एक माह में पुलिस की टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी कर शराब बनाने वाली कई भट्टियों को तोड़ा। टीम ने मौके पर हजारों लीटर लाहन भी नष्ट किया। मगर टीम के हत्थे शराब कारोबारी नहीं लग पाये। ग्रामीणों का कहना है कि शराब कारोबारी गांव के ही रहने वाले हैं और पुलिस टीम उन्हें कई बार गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। कहा कि शराब कारोबारी पुलिस से पहले ही मौके से भाग जाते हैं और जेल से



भी छूटकर फिर से अपना पुराना धंधा शराब बनाने व बेचने का शुरू कर देते हैं। पुलिस टीम ने कई स्थानों पर छापेमारी की ओर भट्टियों उपकरणों के साथ दस हजार लीटर लाहन भी नष्ट किया। एसओ पथरी मनोज नोटियाल ने बताया कच्ची शराब बनाने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान में कई जगह शराब बनाने वाली भट्टियों को तोड़ा है तथा उपकरणों को कब्जे में लेकर मौके से लाहन नष्ट किया गया है।

## संत समाज ने किया ब्रह्मलीन निराला स्वामी, स्वामी कृष्णानंद एवं सुशीला माता को नमन

# त्याग, तपस्या और सेवा संस्कृति की प्रतिमूर्ति थे ब्रह्मलीन निराला स्वामी : आश भारती

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरुपूर्णिमा के अवसर पर भूपतवाला स्थित निराला धाम की परमाध्यक्ष राजमाता आशा भारती के संयोजन में आयोजित श्रद्धांजलि समारोह में संत समाज ने श्री नागेश्वर पीठाधीश्वर ब्रह्मलीन ब्रह्मऋषि संत निराला स्वामी लहरी बाबा, ब्रह्मलीन स्वामी कृष्णानंद एवं ब्रह्मलीन सुशीला माता का भावपूर्ण स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी अनंतानंद ने कहा कि ब्रह्मलीन निराला स्वामी लहरी बाबा का पूरा जीवन भगवान महादेव को समर्पित रहा। उन्होंने जीवन पर्यंत भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करते हुए देश और धर्म की रक्षा की कामना की। निराला धाम की परमाध्यक्ष राजमाता



स्वामी आशा भारती ने ब्रह्मलीन दादा गुरु स्वामी कृष्णानंद, गुरु मां सुशीला माता एवं निराला धाम के ब्रह्मलीन परमाध्यक्ष निराला स्वामी लहरी बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि आस्था विश्वास समर्पण से ही सद्गुरु प्राप्त होते है। अपने सद्गुरुओं पर विश्वास करते हुए सत्य सनातन धर्म संस्कृति के पथ पर अग्रसर रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ब्रह्मलीन निराला स्वामी महाराज त्याग, तपस्या और सेवा संस्कृति की प्रतिमूर्ति थे। उनके द्वारा स्थापित सेवा परंपरा को निरंतर आगे बढ़ाया जा रहा है। राजमाता स्वामी आशा भारती के शिष्य स्वामी नित्यानन्द भारती ने सभी संत महापुरूषों का फूलमाला पहनाकर स्वागत किया और कहा कि भारतीय सनातन धर्म संस्कृति में गुरु का महत्वपूर्ण स्थान है। गुरु की सेवा से ही जीवन का कल्याण होता है। सभी को समर्पित भाव से गुरू की सेवा करनी चाहिए। श्रद्धांजलि सभा का संचालन करते हुए स्वामी रविदेव शास्त्री ने कहा कि ब्रह्मलीन स्वामी लहरी बाबा परम शिवभक्त और संत समाज की दिव्य विभूति थे। स्वामी आशा भारती महाराज वयोवृद्ध अवस्था में भी जिस प्रकार आश्रम के सेवा प्रकल्पों का संचालन कर रही हैं। वह सभी के लिए प्रेरणादायी है। इस अवसर पर महामंडलेश्वर स्वामी चिदविलासानंद, स्वामी अनंतानंद गिरी, महंत दिनेश दास, महंत रविदेव शास्त्री, महंत कृष्णानंद, महंत केशवानंद, शिवम महंत, स्वामी हरिहरानंद, स्वामी विनोद महाराज, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, संत जगजीत सिंह, स्वामी श्याम प्रकाश, स्वामी शांतानंद सहित कई संत महंत व श्रद्धालु मौजूद रहे।

# आईओसी ने मेगा हेल्थ कैंप का किया आयोजन

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के उत्तरी क्षेत्र पाइपलाइन रुड़की प्रभाग के सीएसआर कार्यक्रम के अंतर्गत रजत शहरी एवं ग्रामोत्थान संस्थान द्वारा ग्राम अकोढा खुर्द लक्सर में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में स्त्री प्रसूति रोग, दंत रोग, बाल रोग व हड्डी रोग विशेषज्ञों ने मरीजों का चेकअप किया व मुफ्त दवा वितरण किया। आईओसी के पाइपलाइन प्रभाग लंढौरा स्टेशन के मुख्य परिचालन प्रबंधक पुष्पेंद्र कुमार नग बताया कि इंडियन ऑयल विभिन्न परियोजनाओं द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों का पालन करता हैं। इसी क्रम में इंडियन ऑयल द्वारा रूड़की व लकसर क्षेत्र के 10 गांवों में स्वास्थ्य सेवा वाहन का परिचालन किया जा रहा है। जिससे ग्रामीणों




को प्राथमिक उपचार के लिए कही दूर नहीं जाना पड़ता व उन्हें गांव में ही प्राथमिक उपचार उपलब्ध हो जाता है। ग्राम प्रधान ग्राम अकोढा खुर्द पवन कुमार ने बताया कि पूर्व में गांव की जनता को प्राथमिक उपचार के लिए भी गांव से दूर अपने खुद के साधनों से जाना पड़ता था। इंडियन ऑयल परियोजना से ग्रामीणों को लाभ मिल रहा है। इंडियन ऑयल कार्पोरेशन के प्रबंधक शुभम गुप्ता ने कहा कि ग्रामीणों द्वारा ही कॉरपोरेशन से एक ऐसी परियोजना चलाने के लिए अनुरोध किया गया था। जिससे उन्हें अपने गांव में ही स्वास्थ्य सेवा मिल सके। इस अवसर पर संस्थान की अध्यक्षा कनिका शर्मा, यशदीप, कामेंद्र आदि ने सहयोग दिया।

# पेयजल कनेक्शन के लिए चक्कर काटने को मजबूत उपभोक्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** आवेदन करने के बीस दिन बाद भी पेयजल कनेक्शन नहीं दिए जाने पर उपभोक्ता चक्कर काटने को मजबूर हैं। जगजीतपुर स्थित राजविहार कालोनी निवासी सचिन गुप्ता ने बताया कालोनी में नई पेयजल लाइन डाली गयी है। लेकिन कुछ घरों में कनेक्शन नहीं दिए गए।



इस पर उन्होंने राजा गार्डन स्थित उत्तराखंड पेयजल निगम कार्यालय में सपर्क किया तो उन्हें बताया गया कि कनेक्शन के लिए आधार कार्ड की प्रति, सौ रूपए का स्टाम्प और फार्म भरना होगा। सचिन गुप्ता ने बताया कि उन्होंने सभी औपचारिकताएं पूरी कर कनेक्शन के लिए आवेदन कर दिया। उन्हें कहा गया कि एक सप्ताह में कनेक्शन कर दिया जाएगा। लेकिन बीस दिन बीतने के बाद भी अभी तक कनेक्शन नहीं दिया गया। कार्यालय के कई चक्कर काटने के बाद भी उन्हें केवल आश्वासन दिए जा रहे हैं। हर बार एक दो दिन में कनेक्शन करने की बात कहकर टाल दिया जाता है। कार्यालय में कोई अधिकारी नहीं मिलता। केवल एक दो कर्मचारी मिलते हैं। वे भी फोन चलाने या वीडियो कॉल करने में व्यस्त रहते हैं। उपभोक्ता की समस्या का समाधान करने में उनकी कोई रूचि नहीं दिखती। सचिन गुप्ता ने कहा कि उनके बाद 50 से अधिक लोग कनेक्शन के लिए आवेदन कर चुके हैं। सभी को चक्कर कटाए जा रहे हैं। राज्य का दुर्भाग्य है कि मोटी सैलरी लेने के बाद भी अधिकारी कर्मचारी काम नहीं करते। ऐसे अधिकारी और कर्मचारियों की वजह से सरकार की छवि भी खराब हो रही है। मुख्यमंत्री धामी को भी जन समस्याओं के समाधान के लिए थोडा समय निकलना चाहिए।

# दिव्य महापुरूष थे ब्रह्मलीन स्वामी ऋषि केशवानंद : स्वामी भगवत स्वरूप

शाह टाइम्स संवाददाता

**हरिद्वार।** गुरू पूर्णिमा पर्व के उपलक्ष्य में खड़खड़ी स्थित निर्धन निकेतन आश्रम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के समापन पर संत सम्मेलन का आयोजन किया गया। आश्रम के परमाध्यक्ष ऋषि रामकृष्ण महाराज के संयोजन में आयोजित संत सम्मेलन के दौरान सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूषों ने ब्रह्मलीन स्वामी ऋषि केशवानंद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर धर्म संस्कृति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए श्रीमहंत विष्णुदास को पगड़ी पहनाकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महामंडलेश्वर स्वामी भगवत स्वरूप ने कहा कि सनातन धर्म संस्कृति के प्रचार प्रसार के लिए जीवन समर्पित करने वाले ब्रह्मलीन स्वामी ऋषि



केशवानंद महाराज दिव्य महापुरूष थे। उनके शिष्य स्वामी ऋषि रामकृष्ण जिस प्रकार गुरू परंपराओं को आगे बढाते हुए धर्म संस्कृति के उन्नयन के साथ शिक्षा क्षेत्र में योगदान कर रहे हैं। उससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। स्वामी ऋषि रामकृष्ण ने कहा कि वे सौभाग्यशाली हैं कि उन्हें गुरू के रूप में ब्रह्मलीन स्वामी ऋषि केशवानंद का सानिध्य प्राप्त हुआ। पूज्य गुरूदेव से प्राप्त शिक्षाओं का अनुसरण करते हुए उनके द्वारा स्थापित आश्रम की सेवा संस्कृति को आगे बढ़ाना ही उनके जीवन का उद्देश्य है। महंत मोहन सिंह, स्वामी शिवानंद व स्वामी प्रांश ने फूलमाला पहनाकर सभी संतों का स्वागत किया और कहा कि गुरू के दिखाए मार्ग पर चलने से ही शिष्य के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। कार्यक्रम का संचालन कर रहे स्वामी हहिरानंद महाराज ने ब्रह्मलीन स्वामी केशवानंद महाराज को नमन करते हुए कहा कि सद्गुरू ही शिष्य के जीवन में ज्ञान का प्रकाश कर प्रगति के मार्ग पर अग्रसर करते हैं। इस अवसर पर स्वामी शिवानंद, महंत रघुवीर दास, महंत मोहन सिंह, महंत तीरथ सिंह, महंत ज्ञानानंद, महंत विष्णुदास, डा. हरिगोपाल, स्वामी सूरज दास, महंत श्यामप्रकाश, संत जगजीत सिंह, स्वामी रविदेव शास्त्री, स्वामी दिनेश दास, स्वामी ज्योर्तिमयानंद, महंत विनोद महाराज, डा.प्रोफेसर दिनेश शास्त्री, स्वामी राजेंद्रानंद, स्वामी शिवानंद भारती, महंत प्रमोद दास, महंत प्रेमदास सहित सभी तेरह अखाड़ों के संत महापुरूष व श्रद्धालु भक्त मौजूद रहे।

# ट्रेड यूनियनों ने भरी हुंकार

## आम हड़ताल: मोदी सरकार की नीतियों पर निकाली भड़ास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राष्ट्रीय स्तर पर केंद्रीय संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच की ओर से बुधवार को बुलाई गई देशव्यापी आम हड़ताल के समर्थन में तमाम ट्रेड यूनियनों और जन संगठनों ने बुद्ध पार्क में प्रदर्शन और जनसभा की। सभा में वक्ताओं ने कहा कि यह हड़ताल लेबर कोड के विरोध में है जो मोदी सरकार की कॉर्पोरेट-परस्त नीतियों का हिस्सा है और मजदूरों के मौलिक लो. कतांत्रिक अधिकारों जैसे संगठन बनाने और सामूहिक संघर्ष करने पर सीधा हमला हैं। यूनियन प्रतिनिधियों ने कहा कि तीसरे कार्यकाल में भाजपा सरकार जिस तरह तेजी से बैंक, बीमा, रेलवे समेत रक्षा जैसे रणनीतिक क्षेत्रों के निजीकरण और सामाजिक आर्थिक अधिकारों पर हमले को आगे बढ़ा रही है, वह बहुत ही चिंताजनक है। वक्ताओं ने कहा कि यह हड़ताल सिर्फ ट्रेड यूनियनों की नहीं, बल्कि किसानों, खेत मजदूरों और आम जनता की भी आवाज है। संयुक्त किसान मोर्चा और विभिन्न खेत मजदूर संगठनों ने भी इस हड़ताल को समर्थन दिया है और देशभर में आज हड़ताल, विरोध कार्यक्रम और विशाल जनजुटाव हो रहे हैं।

सभा के बाद उत्तराखंड आशा हेल्थ वर्कर्स यूनियन और प्रगतिशील भोजनमाता संगठन ने वेतन, पेंशन, सुरक्षा और सम्मान की मांगों के संबंध में अलग-अलग ज्ञापन उपजिलाधिकारी कार्यालय के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा। इस दौरान ऐक्टू के राष्ट्रीय सचिव व उत्तराखंड प्रदेश महामंत्री केके बोरा, बीमा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष मनोज गुप्ता, उत्तराखंड बैंक इंप्लाइज यूनियन के जिला सचिव योगेश पंत, उत्तराखंड आशा हेल्थ



वर्कर्स यूनियन की हल्द्वानी ब्लॉक अध्यक्ष रिंकी जोशी, प्रगतिशील भोजनमाता संगठन की महासचिव रजनी जोशी, किसान महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, भाकपा माले जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय, सनसेरा श्रमिक यूनियन के अध्यक्ष दीपक कांडपाल, बीएसएनएल ठेका मजदूर यूनियन के प्रांतीय उपसचिव ललतेश प्रसाद, प्रगतिशील महिला एकता मंच की अध्यक्ष बिंदु गुप्ता, पछास के महेश, चंदन, एमआर एसोसिएशन के उमेश, पूर्व कर्मचारी नेता यतीश पंत, जनवादी लोक मंच के मनोज पाण्डे, ट्रेड यूनियन नेता किशन बघरी, जनमैत्री संगठन के बची सिंह बिष्ट, किसान महासभा बागजाला के पंकज चौहान, क्रालोस के मुकेश भंडारी, विभिन्न बैंक यूनियनों के शिवराज सिंह रावत, हेमू जोशी, कुशाल सिंह रावत सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## चार लेबर कोड को तत्काल समाप्त किया जाए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** फेडरेशन ऑफ मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के तहत उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन की हल्द्वानी यूनिट ने केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा आयोजित अखिल भारतीय आम हड़ताल में




भाग लिया। यूनिट के पदा. धिकारियों और सदस्यों ने रमन मार्केट में एकत्र होकर केंद्र सरकार द्वारा 1976 में बनाए गए सेल्स प्रमोशन एक्ट को खत्म करने और चार श्रम संहिताओं के खिलाफ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम उपजिलाधिकारी हल्द्वानी के माध्यम से ज्ञापन भेजा। इसके बाद, सभी पदाधिकारी और सदस्य बुध पार्क पहुंचे, जहां वे अन्य ट्रेड यूनियनों के सदस्यों के साथ शामिल हुए। हड़ताल के दौरान, विभिन्न श्रमिक संगठनों ने केंद्र सरकार और नियोक्ताओं से निम्नलिखित प्रमुख मांगें कीं, जिनमें चारों श्रम संहिताओं को तत्काल समाप्त किया जाए, असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों, ठेका श्रमिकों और योजना श्रमिकों समेत सभी श्रमिकों के लिए 26,000 रुपये प्रतिमाह का राष्ट्रीय न्यूनतम वेतन तय किया जाए, पुरानी पेंशन योजना बहाल की जाए, एनपीएस और यूपीएस को समाप्त किया जाए, बोनस, भविष्य निधि के भुगतान और पात्रता पर सभी सिलिंग हटाई जाए, और ग्रेच्युटी की मात्रा बढ़ाई जाए, मूल्य वृद्धि को नियंत्रित किया जाए और खाद्य, दवाइयों, कृषि इनपुट्स और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटाई जाए शामिल हैं। हड़ताल में यूपीएमएसआरए हल्द्वानी यूनिट के सचिव जिया उल हक और कोषाध्यक्ष संजीव श्रीवास्तव समेत सचीन्द्र शुक्ला, सुनिल आर्या, पंकज मेवारी, उमेश पाण्डे, तनमय जोशी, मोहित बिष्ट, मोहन सिंह, शेलेन्द्र पाण्डे, जावेद रज़ा, वैद प्रकाश, दीपक, कुनाल, संजय, रविन्द्र कुमार, अजय कुमार, संदेश गोयल, हेम चन्द्र, विनय चन्द्र आर्या, सैलेश कुमार, गौरव सिंह बिष्ट, उदय गुप्ता, धीरज त्रिपाठी, नवनीत शर्मा, सौरभ रस्तोगी, रवि सिंह आदि ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

## देवेन्द्र बने ग्राम प्रधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बागेश्वर जिले के कपकोट तहसील स्थित बैशानी गांव में पहाड़ी आर्मी के विचारों से प्रेरित होकर एक महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है। गांववासियों ने सर्वसम्मति से देवेन्द्र गड़िया को ग्राम प्रधान के पद के लिए निर्विरोध चुन लिया है। यह जीत पहाड़ी आर्मी के सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता की दिशा में उठाए गए पहले कदम को साबित करती है। देवेन्द्र गड़िया, जो लंबे समय से पहाड़ी आर्मी से जुड़े हुए थे, ने गांव में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के अभाव को देखकर सक्रिय रूप से ग्रामीणों के हित में काम किया था। नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान देवेन्द्र गड़िया ने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया। पहाड़ी आर्मी के प्रमुख हरीश रावत ने देवेन्द्र गड़िया को प्रधान चुने जाने पर बधाई दी। उन्होंने कहा, यह केवल देवेन्द्र की जीत नहीं, बल्कि पूरे गांव की जीत है। पहाड़ी आर्मी का उद्देश्य है कि हमारे गांवों में योग्य, शिक्षित और ईमानदार नेतृत्व सामने आए, जो विकास और परिवर्तन की राह पर अग्रसर हो।

# रेलवे स्टेशन पर मॉकड्रिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आतंकवाद की संभावित घटना से निपटने और त्वरित व प्रभावी कार्रवाई के उद्देश्य से काठगोदाम रेलवे स्टेशन में बुधवार को मॉक ड्रिल हुई। मॉक ड्रिल ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत जीआरपी थाना काठगोदाम के मार्गदर्शन में की गई। मॉक ड्रिल में जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन अधिकारी, स्थानीय पुलिस, रेलवे सुरक्षा बल, बम निष्क्रिय दस्ते, एंटी टेरर स्क्वाड, एसडीआरएफ, फायर सर्विस, चिकित्सा विभाग सहित अन्य टीमें शामिल रहीं। साथ ही बीडीएस टीम, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, 108 एम्बुलेंस एवं जिला आपदा प्रबंधन विभाग की टीमों ने भी मॉक ड्रिल में हिस्सा लिया। मॉक ड्रिल की परिकल्पना के अनुसार काठगोदाम रेलवे स्टेशन के स्टेशन प्रबंधक ने सूचना दी कि तीन संदिग्ध आतंकी स्टेशन में प्रवेश कर दिल्ली जाने वाली शताब्दी एक्सप्रेस में हमला करने की योजना बना रहे हैं। सूचना



मिलते ही सुरक्षा बल, एसटीएफ व अन्य सभी टीमें त्वरित रूप से घटना स्थल पर पहुंची। स्टेशन की घेराबंदी कर सुरक्षा बलों ने मुठभेड़ की कार्रवाई की और ऑपरेशन सफल रहा। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि इस मॉक ड्रिल का उद्देश्य किसी भी आपातकालीन स्थिति में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना है। सभी एजेंसियों ने समयबद्ध एवं समन्वित रूप से कार्य करते हुए मॉक ड्रिल को सफल बनाया। डी-ब्रीफिंग के दौरान प्रभारी आपदा प्रबंधन अधिकारी कमल मेहरा ने बताया कि मॉक ड्रिल के दौरान जो भी कमियां सामने आई है, उन्हें समय रहते दुरुस्त किया जाएगा। मॉक ड्रिल की समुचित मॉनिटरिंग डीएम कार्यालय में तथा समन्वय का कार्य जीआरपी काठगोदाम के थानाध्यक्ष ने किया। मॉक ड्रिल में सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सीओ नितिन लोहनी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# धामी के चार साल निराशाजनक: छिम्वाल

## कांग्रेस के जिलाध्यक्ष ने सरकार की नाकामियां गिनाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने धामी सरकार के चार साल के कार्यकाल को निराशाजनक और विफल करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सांसद, विधायक और पदाधिकारी ही स्वयं सरकार की विफलताओं को उजागर कर रहे है जो स्पष्ट संकेत है कि सब कुछ ठीक नहीं है। चार साल की नाकामियों, जनविरोधी नीतियों और देवभूमि की अस्मिता पर हमलों की लंबी सूची भाजपा सरकार के कार्यकाल की पोल खोलती है। स्वराज आश्रम में बुधवार को प्रेस वार्ता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि राज्य में बेरोजगारी और



पलायन में बेतहाशा वृद्धि धामी सरकार के खोखले दावों की असलियत उजागर करती है। महिला अपराधों में उत्तराखंड शीर्ष पर पहुंच गया है जोसरकार की गंभीर विफलता को दर्शाता है। वहीं चारधाम यात्रा में तीर्थ यात्रियों की रिकॉर्ड मौतें सरकार की अव्यवस्था और लापरवाही की परिचायक हैं। यूसीसी (समान नागरिक संहिता) का सबसे पहला उल्लंघन भाजपा के पूर्व विधायक ने ही किया। केदारनाथ धाम की मर्यादा भंग करने का गंभीर आरोप, मंदिर की प्रतिकृति दिल्ली में बनवाना और असली मंदिर से सोना चोरी कर जांच दबाना सरकार की नीयत पर सवाल खड़ा करता है। उन्होंने कहा कि खनन और भू-माफियाओं को संरक्षण, भाजपा नेताओं के विरोध के बावजूद नदियों की खुली लूट को नहीं रोका गया। भर्ती घोटाले और सरकार का युवा विरोधी रवैया युवाओं के भविष्य से क्रूर मजाक किया गया है। उपनल, आशा और आंगनबाड़ी कर्मियों की उपेक्षा और पुरानी पेंशन योजना की बहाली में असंवेदनशीलता सरकार की कर्मचारी विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। वार्ता के दौरान प्रदेश सचिव प्रकाश पांडे, जिला कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल, जिला उपाध्यक्ष सतनाम सिंह, विजय लटवाल आदि मौजूद रहे।

# पंचायत चुनाव: अधिकारियों को प्रशिक्षण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आगामी त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन-2025 के सफल और निष्पक्ष संचालन के लिए हल्द्वानी के मेडिकल कॉलेज सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

उपजिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अनामिका के नेतृत्व में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में दो पालियों में अधिका. रियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। प्रथम पाली में 1047 पीठासीन अधिकारी प्रथम और द्वितीय को प्रशिक्षण दिया गया, जबकि द्वितीय पाली में 27 जोनल मजिस्ट्रेट, 77 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 36 रिजर्व मजिस्ट्रेट शामिल हुए। अपने संबोधन में उप जिला निर्वाचन अधिकारी अनामिका ने कहा, निर्वाचन कार्य में तटस्थता, पारदर्शिता और समयबद्धता अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने अधिकारियों से आह्वान किया कि वें प्रशिक्षण में प्राप्त जानक. ारी का पूरी तरह पालन करें और चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराएं। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर एचबी चंद ने निर्वाचन प्रक्रिया, मतगणना, आदर्श आचार संहिता, बैलेट बॉक्स संचालन, और आपातकालीन स्थितियों में कार्रवाई पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने यह भी बताया कि मतपत्रों की पहचान को सरल बनाने के लिए विभिन्न पदों के लिए अलग-अलग रंगों के मतपत्र होंगे, जैसे ग्राम पंचायत सदस्य के लिए सफेद, प्रधान के लिए हरा, क्षेत्र पंचायत सदस्य के लिए नीला और जिला पंचायत सदस्य के लिए गुलाबी। प्रशिक्षण में अपर जिलाधिकारी विवेक राय, जिला विकास अधिक. ारी गोपाल गिरी गोस्वामी समेत अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

# मुकेश पाल का भव्य स्वागत



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के मुकेश पाल ने अमेरिका में आयोजित एक पॉवर लिफ्टिंग प्रतियोगिता में रजत पदक जीतकर न केवल अपनी मेहनत और समर्पण का परिचय दिया, बल्कि भारत, उत्तराखंड और जिले नैनीताल और हल्द्वानी का नाम भी रोशन किया। उनकी इस उपलब्धि के बाद हल्द्वानीवासियों ने उनका हल्द्वानी पहुंचने पर स्वागत किया। शहर भर से लोग मुकेश पाल का अभिनंदन करने पहुंचे और उनका हौसला बढ़ाया। सभी ने मुकेश पाल की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनके भविष्य के प्रयासों के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर रूपेंद्र नागर, विजय बत्रा, हरीश पांडे, प्रेम मदन, कमल राजपाल, मनोज बत्रा, हरप्रीत सेठी, राजू आनंद, दीपक गुलाटी, विमल, संजय सदाना और हनी नागपाल सहित कई प्रमुख लोग मौजूद रहे।

# नगर निकाय वोटरों को पंचायत चुनाव लड़ने की छूट पर बवाल

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर उत्तराखंड सरकार और निर्वाचन आयोग पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में लगातार सरकार की मनमानी और तानाशाही के मामले सामने आ रहे हैं। आर्य ने कहा कि उत्तराखंड पंचायत राज अधिनियम 2016 और संशोधन अधिनियम 2019 का खुला उल्लंघन है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पंचायत राज अधिनियम 2016 की धारा 9(13), 10(ख)(1), 54(3) और 91(3) का हवाला देकर अर्धसत्य प्रस्तुत किया है,



जबकि इसी अधिनियम की धारा 9(6) और 9(7) के अनुसार जिन लोगों के नाम नगरीय क्षेत्र के वोटर लिस्ट में हैं, उन्हें ग्राम पंचायत के मतदाता के रूप में नामांकित नहीं किया जा सकता।

उन्होंने कहा कि आयोग का यह निर्णय जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 17 और 18 का भी

**आयोग का निर्णय जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 की धारा 17 व 18 का उल्लंघन**

उल्लंघन करता है। उन्होंने स्पष्ट आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल भाजपा के दबाव में आकर आयोग ने यह आदेश जारी किया है। आर्य ने कहा कि यह कदम चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता को समाप्त करने और भाजपा को लाभ पहुंचाने की साजिश का हिस्सा है। निर्वाचन आयोग तुरंत अपना आदेश वापस ले और नगर निकाय के मतदाता रहे व्यक्तियों को पंचायत चुनाव में भाग लेने से रोके। साथ ही ऐसे लोगों का नामांकन रद्द किया जाए।

# यूपीसीएल ने लगाया राज्य भर में विशेष मेगा कैंप

## सेवा गुणवत्ता एवं राजस्व संग्रहण में आ रहा तेजी से सुधार

### बिल सहित विभिन्न प्रकार की समस्याओं का हो रहा समाधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** बिजली विभाग (यूपीसीएल) ने बिजली उपभोक्ताओं को सहज, पारदर्शी और त्वरित सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से पूरे राज्य में उपभोक्ता हितैषी गति. विधियां की जा रही है। इसी क्रम में उपभोक्ताओं की सुविधा, शिकायतों के तत्काल समाधान एवं राजस्व सुधार के उद्देश्य से विशेष मेगा उपभोक्ता सेवा कैम्पों - विद्युत समस्या समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इन शिवि. रों के माध्यम से समस्त उपभोक्ता गण बडी आसान से बिजली बिल को जमा कराने के साथ बिल से जुड़ी किसी भी प्रकार की समस्या का समाधान भी प्राप्त कर रहे हैं। प्रबन्ध निदेशक, यूपीसीएल द्वारा खण्डवार सभी अधिकारियों को राजस्व लक्ष्य के सापेक्ष शत प्रतिशत वसूली तथा सभी उपखण्डों में मेगा कैंप - शिविर लगाने व उसका प्रचार प्रसार किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। सभी अधीक्षण अभियन्ता, अधिशासी अभियन्ता, उपखण्ड अधिकारी सहित सभी स्तर के अधिकारी स्वयं कैम्पों में उपस्थित होकर उपभोक्ताओं से संवाद कर रहे हैं और मौके पर ही समाधान किया जा रहा है इससे विभाग की छवि जनहितैषी बनी है। यूपीसीएल द्वारा सभी खण्डों - उपखण्डों में उपभोक्ताओं की सीधी भागीदारी के साथ सेवा कैंप लगाये जा रहे हैं। इन कैम्पों में उपभोक्ताओं की शिकायतों का मौके पर समाधान किया जा रहा है जिनमें बिल संशोधन, मीटर सम्बन्धी त्रुटियां, नये संयोजन, कनेक्शन परिवर्तन, लोड़ वृद्धि आदि शामिल है। इनके अलावा 1. राजस्व वसूली हेतु जन जागरूकता एवं कार्यवाही, 2. वरिष्ठ नागरिक, महिला एवं दिव्यांग उपभोक्ताओं को विशेष सुविधा, 3. मीटर रीडिंग एवं बिल सुधार, 4. स्मार्ट मीटर और एनओएमसी डेटा लिंकिंग, 5. क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा सक्रिय सहभागिता, 6. डिजिटल सुविधा का विस्तार।

## भाजपा ने ब्लॉक प्रमुख चुनावों के लिए जिला प्रभारी घोषित किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भाजपा ने पंचायत चुनाव रणनीति पर आगे बढ़ते हुए ब्लॉक प्रमुख चुनावों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति की है। प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट के निर्देश पर जिला नैनीताल में ओखलकांडा में चन्दन बिष्ट, धारी दीपक मेहरा, रामगढ़ में मोहन पाल, भीमताल में प्रदीप जनौटी, बेतालघाट देवेंद्र ढेला, हल्द्वानी गोपाल रावत, कोटाबाग तरुण बंसल, रामनगर गुंजन सुखीजा, उद्यमसिंह नगर के जसपुर में सरदार मंजीत सिंह, बाजपुर राम मेहरोत्रा, काशीपुर विवेक सक्सेना, गदरपुर प्रदीप बिष्ट, रुद्रपुर दिनेश आर्य, सितारगंज दान सिंह रावत, खटीमा उत्तम दत्ता को जिम्मेदारी दी गयी है।

## स्वर संगम संगीत संस्थान में गुरु पूर्णिमा पर संगीत संध्या आज

**हल्द्वानी।** हीरानगर स्थित स्वर संगम संगीत संस्थान में आगामी गुरू पूर्णिमा के अवसर पर एक भव्य संगीत संध्या का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 10 जुलाई, गुरूवार को सायं 4 बजे से प्रारंभ होगा। संस्थान के आचार्य पं. हरीश चंद्र पंत ने बताया कि इस आयोजन में स्वर संगम के कलाकार शास्त्रीय संगीत की शानदार प्रस्तुतियाँ देंगे। कार्यक्रम में एकल गायन, तबला, वायलिन, सितार और बांसुरी वादन के साथ-साथ शास्त्रीय रागों पर आधारित भजनों की भी प्रस्तुति होगी। आचार्य पं. हरीश चंद्र पंत ने शहर के संगीतप्रेमी नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर पर उपस्थित होकर कलाकारों का उत्साहवर्धन करें।

# गोद भराई कार्यक्रम में गूंजे मंगलगीत

## गर्भवती महिलाओं को मिला पोषण और स्वास्थ्य का संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** महिला एवं बाल विकास परियोजना चकराता के तत्वावधान में बुधवार को छावनी बाजार वार्ड नंबर 5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में भावनात्मक व स्वास्थ्य जागरूकता से परिपूर्ण गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छावनी बाजार के सभी छह वार्डों से पांच से आठ माह की गर्भवती महिलाएं शामिल हुईं।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक मंगल गीतों के साथ हुई, जिनमें उपस्थित महिलाओं ने आने वाले नवजातों के सुखद भविष्य की कामना की। सभी गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया। कार्यक्रम का

**मां का दूध शिशु के लिए अमृत समान: नीलम**

मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषण, सही आहार और स्वास्थ्य संबंधी विभागीय योजनाओं की जानकारी देना रहा। बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम जायसवाल ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि "जच्चा और बच्चा दोनों का स्वस्थ रहना ही कुपोषण मुक्त भारत की नींव है।" उन्होंने पोषण के साथ-साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के संदेश को भी प्रमुखता से रखा।

कार्यक्रम में महिलाओं को स्तनपान के महत्व के बारे में भी बताया गया। नीलम जायसवाल ने कहा कि "मां का दूध शिशु के लिए अमृत समान है, लेकिन आधुनिक जीवनशैली में कई महिलाएं इससे दूर हो रही हैं, जो गलत है।" उन्होंने उपस्थित माताओं को शिशु के पहले छह माह तक केवल मां का दूध पिलाने की सलाह दी।

इस मौके पर चार महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई और उन्हें पौष्टिक आहार वितरित किया गया। साथ ही महत्वपूर्ण टीकाकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान 20 धात्री महिलाओं को हिमालय बेबी किट्स प्रदान की गई। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रेखा राणा, प्रतिमा राणा, दिनेशा समेत अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहीं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 23 (ईडि)आर हेड ओ फलाईट को एक वेट कैन्टिन और एक टेलर शॉप की जरूरत है। इच्छुक ESM फलाईट सुबेदार मेजर को सम्पर्क कर आवेदन 25.07.2025 तक जमा कराएं।

सम्पर्क करें SM-8670718115

## सरस्वती विद्या मंदिर कालेज में अभाविप के स्थापना दिवस पर राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस का आयोजन

**विकासनगर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ विकासनगर में परिषद के स्थापना दिवस के अवसर पर 'राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस' के कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य कलीराम भट्ट, विपिन गुप्ता (क्षेत्रीय सह संगठन मंत्री पश्चिम, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) विक्की पंवार (विभाग संयोजक, देहरादून), जिला संयोजक राहुल तोमर, जिला सहसंयोजक करिश्मा आदि के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पार्चन कर किया गया। इस अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारीओं द्वारा हाई स्कूल परिषदीय परीक्षा 2025 में विद्यालय के ऋषभ डिमरी (93.8 प्रतिशत) अनामिका (92.6 प्रतिशत) हर्ष शर्मा (92.2 प्रतिशत) को श्रेष्ठ अंक प्राप्त करने के लिए पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 'भारतीय ज्ञान परंपरा' तथा 'युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद' विषय को लेकर एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कक्षा 6 से 8 के किरण गुप्ता प्रथम, आदित्य द्वितीय, अक्षय चौहान तृतीय, व कक्षा 9 से 12 के कनिका कोहली प्रथम, जानवी द्वितीय, उर्वशी चौहान तृतीय स्थान पर रहे। इस अवसर पर विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी पलक खन्ना, अरुण चौहान, प्रियांशी, काजल, राहुल, विद्वान, मानसी, बलजिंदर, राजद नौटियाल, आशीष बिष्ट आदि उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद रूद्रप्रयाग

**संशोधित निविदा सूचना**

**पंत्रांकः 544 /पा0नि0/2025-26** **दिनांकः 09/07/2025**

नगर पालिका परिषद, रूद्रप्रयाग द्वारा उक्त वर्णित पार्किंग को वित्तीय वर्ष 2025-26 के अवशेष 09 माहों हेतु निविदा के माध्यम से ठेके पर दिए जाने के क्रम में दिनांक 08.07.2025 को अपराह्न 02:00 बजे तक सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित की गई थी जो उसी दिन दोपहर 03:00 बजे तक सम्बन्धित निविदादाताओं/अधिकृत प्रतिनिधियों के सम्मुख खोली जानी थी, किंतु अकस्मात कारणों से उक्त निविदा नहीं खोली गई, सूचना के माध्यम से सूचित करना है, कि उक्त टैडर दिनांक 10.07.2025 को सायं 02:00 बजे को निविदादाताओं के सम्मुख खोली जायेगी, तथा निविदा प्रपत्र दिनांक 10.07.2025 को सायं 02:00 तक निर्धारित मूल्य देकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र0स0 | सम्पति का नाम | वाहन क्षमता | धरोहर राशि | निर्धारित धनराशि | आवेदन शुल्क |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (वार्ड 03, बेलनी) वाहन पार्किंग | 17nos.four vichle parking | 75,00/- | 75,000/- (पिचहत्तर हजार रू0 मात्र) | 500+gst |

ह0
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
रूद्रप्रयाग।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू०डि०) महोदय, नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल।**

दी०मू०वा०सं०-13 सन-2025

**वादिनी-** ज्योत्सना

**बनाम**

**प्रतिवादीगण-** सरकार उत्तराखण्ड व आदि।

**नोटिस बनाम-** लापता रामानन्द पुत्र स्व० वासवानन्द निवासी ग्राम व पोस्ट-थाती, पट्टी-थाती कठूड़ (बूढ़ाकेदार), तहसील-बालगंगा, जिला-टिहरी गढ़वाल के आम व खास रिस्तेदारान को सूचनार्थ हेतु।

महोदय,

चूंकि वादिनी ज्योत्सना पत्नी रामानन्द निवासी ग्राम व पोस्ट-थाती, पट्टी-थाती कठूड़ (बूढ़ाकेदार), तहसील-बालगंगा, जिला-टिहरी गढ़वाल ने अपने लापता पति रामानन्द पुत्र स्व० वासवानन्द की दीवानी मृत्यु घोषणा का वाद श्रीमान न्यायालय में पेश किया है, जो दर्ज रजिस्टर्ड होकर वास्ते सुनवाई हेतु **दिनांक 08 माह 08 सन-2025** को नियत है, यदि लापता रामानन्द के किसी आम व खास रिस्तेदार को रामानन्द की दीवानी मृत्यु घोषित करने में कोई आपत्ति है तो वह उक्त नियत तिथि को आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लाई जायेगी।

आज दिनांक 08 माह 07 सन-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मुद्रा से जारी किया गया है।


**आदेशानुसार**
**प्रबंधक**
**सिविल जज**
**नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल**

# 'एडवांटेज लॉर्ड्स' के लिए उतरेंगे भारत-इंग्लैंड

- **इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी पिच की मांग की**
- **तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रंप कार्ड बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी**

**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड सीरीज में 1-1 की बराबरी हो जाने के बाद गुरुवार से ऐतिहा. सिक लॉर्ड्स मैदान पर होने वाले तीसरे टेस्ट मैच में 'एडवांटेज लॉर्ड्स' के लिए उतरेंगे। जीतने वाली टीम को सीरीज में 2-1 की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल हो जायेगी। पहला टेस्ट हारने के बाद भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट में जबरदस्त वापसी करते हुए रनों के लिहाज से 336 रन से विदेशी जमीन पर अपनी सबसे बड़ी जीत हासिल की थी। द

ूसरा मैच हारने के बाद इंग्लैंड की टीम भी वापसी करने के लिए बेताब होगी और इसके लिए उसने लॉर्ड्स में तेज और उछाल वाली पिच रखने को अपना लक्ष्य बनाया है। इंग्लैंड ने लॉर्ड्स में होने वाले तीसरे टेस्ट के लिए तेज और उछाल भरी 'जीवंत पिच' की मांग की है। इंग्लैंड के कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि एजबस्टन में तैयार की गई 'उपमहाद्वीप जैसी' पिच और टॉस पर गें. दबाजी चुनने का इंग्लैंड का फैसला भारत के पक्ष में गया। वे गुरुवार से शुरू हो रहे तीसरे टेस्ट में घरेलू हालात का बेहतर फायदा उठाने की कोशिश करेंगे। वे अपने तेज गेंदबाजी आक्रमण में बदलाव करने पर भी विचार कर रहे हैं क्योंकि इन गेंदबाजों को पिछले दो टेस्ट के दौरान मैदान पर काफी मेहनत करनी पड़ी है। इस मैच में तेज गेंदबाजों जोफ्रा आर्चर और गस ऐटकिंसन की इंग्लिश टीम में वापसी हो सकती है। हैमस्ट्रिंग खिंचाव के बाद एटकिंसन की कमी इंग्लैंड को खली है और उनकी रिकवरी उम्मीद से ज्यादा लंबी रही है। लेकिन उन्हें तीसरे टेस्ट के लिए 16 सदस्यीय दल में शामिल किया गया है, जिसमें आर्चर, सैम कुक और जैमी ओवर्टन भी अतिरिक्त तेज गेंदबाज के रूप में हैं। एटकिंसन का लॉर्ड्स में शानदार रिकॉर्ड रहा है और उन्होंने यहां दो टेस्ट में एक शतक के साथ-साथ 19 विकेट भी लिए हैं। भारत के तेज गेंदबाजों मोहम्मद सिराज और आकाशदीप सिंह ने दूसरे टेस्ट में शानदार गेंदबाजी करते हुए कुल 17 विकेट लिए थे। सिराज ने पहली पारी में छह विकेट और आकाशदीप ने दूसरी पारी में छह विकेट झटके थे। उनके प्रदर्शन ने भारत की जीत के लिए आधार तैयार किया था। तीसरे मुकाबले में भारत को अपने ट्रम्प कार्ड जसप्रीत बुमराह की वापसी से मजबूती मिलेगी। बुमराह ने पिछली बार 24 जून को हेडिंग्ले टेस्ट के दौरान गेंदबाजी की थी। उस टेस्ट में उन्होंने कुल 43-4 ओवर फेंके थे। उस दौरान उन्होंने पहली पारी में पांच विकेट लिए और दूसरी पारी में विकेट रहित रहे। कमर की परेशानी को देखते हुए उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी में पांच में से तीन टेस्ट खेलने की सलाह दी गई थी। इसी वजह से उन्होंने बर्मिंघम में खेले गए दूसरे टेस्ट से बाहर रहने का फैसला किया। इस फैसले की काफी आला. ेचना हुई, क्योंकि कई लोगों को डर था कि भारत 0-2 से पीछे हो सकता है। एक अनुभवहीन तेज गें. दबाजी आक्रमण के साथ इंग्लैंड को फायदा मिलने के काफी आसार थे। लेकिन वो आशंका ग़लत साबित हुई। भारत ने बर्मिंघम में दबदबे वाली जीत के साथ सीरीज 1-1 से बराबर कर दी। इसके बाद शुभमन गिल की अगुवाई में भारतीय टीम मंगलवार को लॉर्ड्स में अपने पहले अभ्यास सत्र के लिए एक सहज और आत्मविश्वासी माहौल में पहुंची। सबसे ज्यादा सहज बुमराह दिखे, जो इंग्लैंड दौरे की शुरुआत से ही अभ्यास सत्रों में चुलबुले और मजाकिया मूड में रहे हैं। लेकिन गेंद हाथ में आते ही बुमराह की गंभीरता और तीव्रता में कोई कमी नहीं थी। उन्होंने बिना कोई ब्रेक लिए लगभग एक घंटे तक गेंदबाजी की। उन्हें इस बात से कोई फर्क नहीं पड़ा कि कई प्रमुख भारतीय बल्लेबाज वैकल्पिक अभ्यास सत्र से आराम पर थे। गैरहाजिर खिलाड़ियों में शुभमन गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत, वॉशिंगटन सुंदर, मोहम्मद सिराज और आकाश दीप शामिल थे। लेकिन बुम. राह ने करुण नायर, बी- साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन और ध्रुव जुरेल की तकनीक और धैर्य की कड़ी परीक्षा ली। बल्लेबाजी में फिलहाल भारत का मजबूत पक्ष है। यशस्वी जायसवाल, राहुल और कप्तान शुभमन गिल की तिकड़ी एक बार फिर रनों का अम्बार लगाने के लिए तैयार है। ऋषभ पंत इस त्रिकोण में चौथे कोण का काम करते हैं। गिल ने दूसरे टेस्ट में पहली पारी में 269 रन और दूसरी पारी में 161 रन बनाए थे। पंत ने पहले टेस्ट की दोनों पारियों में शतक बनाए थे। रवींद्र जडेजा दूसरे टेस्ट में दोनों पारियों में अर्धशतक बनाकर मध्य क्रम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस बार मौसम का पूर्वानुमान ठीक-ठाक है, तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।



## अल्काराज-अनिसिमोवा विंबलडन के सेमीफाइनल में

- **अल्काराज ने 1:39 मिनट चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नोरी को हराया**

**लंदन, वार्ता।** गत विंबलडन चैंपियन कार्लोस अल्काराज ने ब्रिटेन के कैमरन नॉरी को और महिला वर्ग में अमेरिका की अमांडा अनि. सिमोवा ने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को हराकर टूर्नामेंट के सेमीफाइल में प्रवेश किया। सेंटर कोर्ट में खेले क्वार्टर फाइनल में अल्काराज ने एक घंटे 39 मिनट तक चले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करते हुए नॉरी को 6-2, 6-3, 6-3 से सेमीफाइनल में जगह पक्की की। अल्काराज अब सेमीफाइनल में अमेरिकी टेलर फ्रिट्ज से मुकाबला करेंगे एक नंबर कोर्ट पर खेले गए मुकाबले में अमांडा अनिसिमोवा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक नाटकीय क्वार्टर फाइनल मुक. ाबले में रूस की अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को 6-1, 7-6(9) से हराकर पहली बार विंबलडन सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

23 वर्षीय अमेरिकी खिलाड़ी पहले सेट में दबदबा बनाने और दूसरे सेट में 5-2 से आगे होने के बाद सीधी जीत की ओर अग्रसर दिख रही थीं। लेकिन मैच उस समय रोमांच पैदा हो गया जब बीमारी और थकान से जूझ रही पाव्लुचेनकोवा ने जोरदार वापसी की। रूसी खिलाड़ी ने कई मैच पॉइंट बचाए और सेट को रोमांचक टाई-ब्रेकर में पहुँचा दिया। अनिसिमोवा ने आखिरकार अपने चौथे मैच पॉइंट पर 10-9 के स्कोर पर शानदार रिटर्न के साथ मैच अपने नाम कर लिया। अनि. सिमोवा अब सेमीफाइनल में नंबर 1 वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका से भिड़ेंगी।

## रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंचे गिल

- **दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान उपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है शुभमन गिल**

**दुबई, वार्ता।** भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट में अपने जबरदस्त प्रदर्शन की बदौलत 15 पायदान ऊपर चढ़कर टेस्ट रैंकिंग में छठे स्थान पर पहुंच गए है। वहीं इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक हमवतन जो रूट को पछाड़ कर शीर्ष पर पहुंच गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग के अनुसार एजबस्टन में पहली पारी में 158 रन बनाने वाले इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक ने अपने साथी जो रूट को पछाड़ कर जगह शीर्ष स्थान हासिल किया है और अब रूट से 18 अंक आगे हो गए हैं।

जो रूट अब दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। दूसरे टेस्ट में 269 और 161 रनों की ऐतिहासिक पारियां खेलने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल 15 स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। यह उनके करियर के सर्वश्रेष्ठ 807 रेलटग अंक हैं।



इसके अलावा केन विलियमसन (तीसरे), यशस्वी जायसवाल (चौथे) और स्टीवन स्मिथ (पांचवें) हैं। अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ नाबाद 184 रनों की पारी खेलने वाले इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जेमी स्मिथ को भी फायदा हुआ है, वह 16 पायदान ऊपर चढ़कर 10वें नंबर पर पहुंच गए। जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेलने वाले दक्षिण अफ्रीका ऑलराउंडर वियान मुल्डर को बल्लेबाजों और ऑलराउंडरों, दोनों की रैंकिंग में फायदा हुआ है।

## लॉर्ड्स टेस्ट के लिए इंग्लैंड ने जोफ्रा आर्चर को टीम में बुलाया

- **भारत से मिली हार के बाद इंग्लैंड ने टीम में बदलाव करते हुए जोश टंग की जगह आर्चर को बुलाया**

**लॉर्ड्स, वार्ता।** इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ गुरुवार से शुरु होने वाले तीसरे टेस्ट मैच के लिए तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को टीम में वापस बुलाया है। कोहनी और पीठ की चोटों के कारण करीब साढ़े चार साल से सीमित ओवरों के मुकाबलों में खेल रहे जोफ्रा आर्चर को कल लॉर्ड्स में होने वाले मैच के लिए इंग्लैंड की टेस्ट टीम शामिल किया गया है। इंग्लैंड ने पिछले हफ्ते भारत से मिली 336 रनों से करारी हार के बाद टीम में एक बदलाव करते हुए जोश टंग की जगह जोफ्रा आर्चर को टीम में शामिल किया है। टंग इस सीरीज में 11 विकेट लेकर सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। पिछले महीने उन्होंने ससेक्स के लिए 18 ओवर गें. दबाजी करके प्रथम श्रेणी क्रिकेट में वापसी की और उन्हें भारत के खिलाफ उसी मैदान पर होने वाली इंग्लैंड टीम में शामिल किया गया है जहां उन्होंने छह साल पहले अपना टेस्ट पर्दापण किया था।

इंग्लैंड की टीम: जैक ,डकेट,ब्रूक ओली,रूट,स्टोक्स (कप्तान), जेमी (विकेटकीपर), ब्राइडन कार्स, क्रिस, जोफ्रा और शोएब बशीर।

### उत्तर प्रदेश ने चंड़ीगढ़ को हराया, महाराष्ट्र पंजाब मैच रहा ड्रा

**रांची, वार्ता।** पंद्रहवीं हॉकी इंडिया सब जूनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप 2025 के सातवें दिन बुधवार को जहां उत्तर प्रदेश ने चंडीगढ़ के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर जीत हासिल की, वहीं महाराष्ट्र बनाम पंजाब का मैच ड्रॉ रहा। यहां खेले गए दिन के पहले मैच में महाराष्ट्र ने समूह 'ए' में पंजाब के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। महाराष्ट्र के लिए अन्वी रावत ने (35वें मिनट) गोल कर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। इसके दो मिनट बाद ही पंजाब की सलोनी ने गोलकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। इसके बाद दोनों टीमें गोल करने में विफल रही और मैच ड्रॉ पर समाप्त हुआ। अगले मैच में उत्तर प्रदेश ने समूह 'ए' में चंडीगढ़ को 4-0 से हराया। उत्तर प्रदेश के लिए रैना ने 34वें, 48वें, 59वें मिनट में गोल की हैट्रिक लगाकर शीर्ष गोल का खिताब अपने नाम किया।

### संक्षिप्त खेल समाचार

#### चोटिल हसरंगा बांग्लादेश के खिलाफ टी-20 सीरीज से हुए बाहर

**कैंडी, वार्ता।** श्रीलंका के शीर्ष स्पिनर वानिंदु हसरंगा चोट के कारण बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार से शुरु होने वाली टी-20 सीरीज से बाहर हो गए है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले एकदिवसीच मैच में श्रीलंका को मैच में वापसी दिलाने हसरंगा आखिरी एकदिवसीय मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। मेजबान टीम श्रीलंका ने यह एकदिवसीय सीरीज 2-1 से जीती ली थी। हसरंगा के स्थान पर अभी तक किसी अन्य खिलाड़ी का चयन नहीं किया गया है। वह कोलंबो लौटकर हाई परफॉर्मेंस सेंटर में अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया शुरू करेंगे। चरित असालंका टीम की कप्तानी करेंगे।

#### चोटिल फिन एलन जिम्बाब्वे में होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला से बाहर

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज फिन एलन चोट के कारण दक्षिण अफ्रीका और जिम्बाब्वे के साथ होने वाली आगामी त्रिकोणीय से बाहर हो गए है। एलन को अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में सैन फांसिस्को यूनिकॉर्न्स के लिए खेलते समय पैर में चोट लगी। उन्हें आगे की जाँच के लिए न्यूजीलैंड भेजा जाएगा।

चोट के कारण 26 वर्षीय एलन 14 जुलाई से शुरू होने वाली मेजबान जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगे। न्यूजीलैंड एलन की जगह किसी खिलाड़ी के नाम की घोषणा करेगा। जिम्बाब्वे में त्रिकोणीय श्रृंखला में न्यूजीलैंड का पहला मैच 16 जुलाई को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ है।

## सीरीज जीतने का प्रयास करेगी हरमनप्रीत एंड कंपनी



- **मेनचेस्टर की पिच पारंपरिक रूप से सीम मूवमेंट देती है लेकिन टी-20 में बल्लेबाजी के लिए अच्छी है**

**मैनचेस्टर, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड की महिला टीमों के बीच मैनचेस्टर में 9 जुलाई को होने वाला मुकाबला इतिहास का हिस्सा बनने जा रहा है। 2012 के बाद पहली बार ओल्ड ट्रेफर्ड मैदान पर कोई महिला टी-20 खेला जाएगा, और भारत पहली बार इस मैदान पर कदम रखेगा। सीरीज के पहले तीन मैचों में रोमांच बना रहा है, लेकिन चौथे मुकाबले में पिच, मौसम और दबाव - तीनों का मिजाज अलग होगा। अगर भारत यह मैच जीतता है तो सीरीज उनके नाम हो जायेगी, वहीं अगर इंग्लैंड जीतता है तो सीरीज बराबर पर आ जाएगी।

मैनचेस्टर की पिच पारंपरिक रूप से सीम मूवमेंट देती है, लेकिन टी-20 में यह बल्लेबाज़ी के लिए अच्छी भी रही है। ऐसे में टॉस अहम भूमिका निभाएगा। यदि बादल छाए रहे, तो पहले गेंदबाजी का फैसला लिया जा सकता है। अक्सर इंग्लैंड की टीम घरेलू परिस्थितियों में मजबूत रही है, लेकिन भारत ने पिछले मुकाबलों में दिखाया है कि वो तेज गेंदबा. जों के सामने टिक सकती है। शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना की सलामी जोड़ी अगर रंग में आ जाए तो इंग्लैंड की गेंदबाजी की परीक्षा होनी तय है। दूसरी ओर, इंग्लैंड पिछले मैच में सलामी जोड़ी द्वारा 137 रनों की साझेदारी के बावजूद नौ विकेट के नुकसान पर 171 रन ही बना पाई थी। ऐसे में नियमित कप्तान नैट सिवर-ब्रंट की अनुपस्थिति में कार्यवाहक कप्तान टैमी बोमॉन्ट और एमी जोंस पर इंग्लैंड के मध्य क्रम की जिम्मेदारी होगी। भारत इस सीरीज में काफ़ी अच्छी लय में रहा है। इसी कारण से उनकी टीम में शायद ही कोई बदलाव हो। साथ ही इंग्लैंड ने भी अपना पिछला मुकाबला जीता था, वह भी अपनी टीम में कोई बदलाव नहीं करना चाहेगा।

## रैना आईएससीएल के ब्रांड एंबेसडर बने



**बेंगलुरु, वार्ता।** पूर्व भारतीय क्रिकेट स्टार सुरेश रैना को इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग (आईएससीएल) का आधिकारिक एंबेसडर नियुक्त किया गया है। रैना ने कहा कि मैं जमीनी स्तर के क्रिकेट की अपार संभावनाओं में विश्वास करता हूँ। यहीं से सपनों की शुरुआत होती है और मैं इस लीग का हिस्सा बनकर उत्साहित हूँ जो देश भर की प्रतिभाओं को सामने लाती है। संस्थापक और अध्यक्ष डॉ- गंगाधर राजू के नेतृत्व में इस अभूतपूर्व पहल के माध्यम से रैना का लक्ष्य महत्वाकांक्षी खिलाड़ियों को सामने लाना है। आईएससीएल के पहले सीजन में 32 टीमें विभिन्न भारतीय राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व के लिए डिजाइन किए गए फेंचाइजी-आधारित मॉडल में होंगी। 29 करोड़ रुपये के कुल निवेश के साथ, लीग का लक्ष्य एक मजबूत प्रतिस्पर्धा संरचना स्थापित करना है जो महत्वपूर्ण ध्यान और भागीदारी को आकर्षित करे। इंडियन सॉफ्टबॉल क्रिकेट लीग 1 दिसंबर से 29 दिसंबर, 2025 के बीच मुख्य रूप से बेंगलुरु के आचार्य स्टेडियम में होगा।

## भारत 'ए' ने हॉकी में आयरलैंड को हराया

- **भारत 'ए' पुरुष हॉकी टीम ने अपने यूरोप दौरे की शानदार शुरुआत करते हुए आयरलैंड को 6-1 से हराया**

**नीदरलैंड, वार्ता।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने आयरलैंड पर 6-1 की शानदार जीत के साथ अपने यूरोप दौरे की शुरुआत की। ओरांजे-रूड हॉकी क्लब में मंगलवार को खेले गए मुकाबले में भारतीय टीम ने चारों क्वार्टर में शानदार प्रदर्शन किया।

उत्तम सिंह ने गोलकर भारतीय टीम को बढ़त दिलाई। अमनदीप लाकड़ा ने गोल दागकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके बाद आदित्य लालगे ने लगातार दो गोल दागकर शानदार प्रदर्शन किया। फॉरवर्ड सेल्वम कार्थी और बॉबी सिंह धामी ने भी एक-एक गोल दागकर स्कोर में योगदान दिया। भारत की मजबूत रक्षापंक्ति के आगे आयरलैंड एकमात्र सांत्वना गोल कर सका। भारतीय टीम अपने दूसरे मैच मे आयरलैंड से भिड़ेगी।

इसके बाद, वे अगले दो हफ्तों में भारत फ्रांस, इंग्लैंड, बेल्जियम और मेजबान नीदरलैंड्स के खिलाफ खेलेंगा।



### आरटीए के करन सिंह बने भारत के नंबर-2 रैंक वाले खिलाड़ी

**चंडीगढ़, वार्ता।** राउंडग्लास टेनिस अकादमी के करन सिंह ने अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए नवीनतम एटीपी रैंकिंग में वर्ल्ड नंबर 426 का स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही वह भारत के दूसरे नंबर के एकल खिलाड़ी बन गए हैं, भारत के नंबर 1 सुमित नागल (वर्ल्ड नंबर 307) के ठीक पीछे।

## ज्योति सुरेखा वेन्नम-ऋषभ यादव ने कंपाउंड मिक्सड टीम में तोड़ा विश्व रिकॉर्ड

**स्पेन, वार्ता।** एशियाई खेलों की चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम और ऋषभ यादव ने तीरंदाजी विश्व कप 2025 स्टेज 4 में कम्पाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क के तंजा गेलेन्थियन और माथियास फुलरटन द्वारा यूरोपियन गेम्स 2023 में बनाए रिकार्ड को तोड़ दिया। वाल्हेर्मोसो स्टेडियम में हुए मुकाबले में ज्योति और ऋषभ ने व्यक्तिगत तीरंदाजी स्पर्धा के क्वालीफाइंग राउंड में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ स्कोर के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। यादव ने 85 तीरंदाजों के बीच शुरू हुई स्पर्धा में अंत तक नेतृत्व करते हुए 716 अंक बनाए, वहीं ज्योति सुरेखा वेन्नम ने 715 अंक हासिल किए। ज्योति और ऋषभ ने मिलकर कुल 1431 अंकों का स्कोर बनाया, जो कि डेनमार्क के तंजा गेलेन्थियन और माथियास फुलरटन द्वारा यूरोपियन गेम्स 2023 में बनाए गए पिछले मिक्स्ड टीम वर्ल्ड रिकॉर्ड (1429 अंक) से बेहतर रहा। हालांकि, व्यक्तिगत कम्पाउंड विश्व रिकॉर्ड 718 अंकों पर बरकरार है। यादव ने विश्व आर्चरी के साथ हुए एक साक्षात्कार में कहा, ह्ययह बेहद खास है क्योंकि कम्पाउंड मिक्स्ड टीम स्पर्धा को हाल ही में ओलंपिक गेम्स में शामिल किया गया है और हम समय के साथ



ऐसी छोटी-छोटी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि यादव और ज्योति ने सेंट्रल फ्लोरिडा में सीजन के पहले टूर्नामेंट में मिक्स्ड टीम स्वर्ण पदक जीता था। भारत ने पुरुष और महिला टीम स्पर्धाओं में भी शीर्ष सीड़िग हासिल की। प्रियांश (710), अमन सैनी (709) और ऋषभ यादव के 716 अंकों ने भारत को पुरुष टीम स्टैंड़िग में 2135 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर पहुंचा दिया। वे तुर्की (2127) और दक्षिण कोरिया (2124) से आगे रहे। ज्योति (715), परनीत कौर (702) और पर्दापण कर रहीं 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप (699) ने भारत को महिला टीम में 2116 अंकों के साथ शीर्ष सीड़िग दिलाई। वे मेक्सिको (2108) और दक्षिण कोरिया (2095) से आगे

### जोरासी जबरदस्तपुर गांव में मामूली कहासुनी के बाद खूनी संघर्ष

# एक युवक की मौत, चार गंभीर, पुलिस बल तैनात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के जौरासी जबरदस्त पुर गांव में बुधवार को मामूली कहासुनी ने देखते ही देखते खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। ईंट से भरे वाहन को रास्ता देने के विवाद में दो पक्ष आमने-सामने आ गए। लाठी-डंडों से लैस लोगों ने एक-दूसरे पर हमला बोल दिया, जिसमें एक युवक की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है।

जानकारी के अनुसार, अनीश पुत्र मंजूर, उसके बेटे सलमान और सोहेल पुत्र अनीश अपने वाहन में ईंट भरकर जौरासी जबरदस्त पुर गांव से हरिद्वार की ओर जा रहे थे। गांव के अंतिम छोर पर सामने से आ रही बाइक को लेकर उनका जैद पुत्र इस्लाम और उसके साथियों से विवाद हो गया। बात इतनी बढ़ी कि देखते ही देखते दोनों पक्षों के लोग मौके पर पहुंच गए और मारपीट शुरू हो गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ लोगों द्वारा हवाई फायरिंग भी की गई। इसी बीच बीच-बचाव करने पहुंचे मोहर्रम अली पुत्र मोहम्मद अली पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले में अनीश, उसका पुत्र सलमान, खुशनसीब पुत्र अनीश और वकील पुत्र जमील अहमद भी घायल हुए



हैं। घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से रुड़की सिविल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने मोहर्रम अली को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अनीश, सलमान और वकील की हालत नाजुक होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया, जबकि खुशनसीब को एक निजी अस्पताल में

**❖ईंट से भरे वाहन को रास्ता देने के विवाद में दो पक्षों में चले जमकर लाठी डंडे व धारदार हथियार, हवाई फायरिंग की भी चर्चा**

भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया। बताया जा रहा है कि, मोहर्रम अली सिर्फ झगड़ा शांत कराने गया था, लेकिन इसी दौरान उस पर जानलेवा हमला कर दिया गया। मृतक अपने पीछे चार छोटे बच्चों और परिजनों को बेसहारा छोड़ गया है। उसका सबसे बड़ा बेटा मात्र आठ साल का है। परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य की मौत से परिजन सदमे में हैं। पीड़ित पक्ष ने पुलिस को तहरीर सौंप दी है। मृतक का पोस्टमार्टम सिविल अस्पताल में किया जा रहा है। एसपी देहात शेखर सुयाल ने बताया कि मामूली बात को लेकर दो पक्षों में विवाद हुआ था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालात को संभाला। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया जा रहा है और पूरे मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

## शिवभक्तों की राह में परेशानी का सबब बने 119 पेड़

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** शिवभक्तों की राह में नेशनल और स्टेट हाईवे के 119 पेड़ खतरे की घंटी बजा रहे हैं। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय की टीम ने सर्वे में रोड सेफ्टी को लेकर दुर्घटना का सबब बन रहे पेड़ों को चिन्हित किया है। रिपोर्ट वन विभाग को सौंपी है।

कांवड़ यात्रा धीरे-धीरे अपने चरम पर पहुंचने की ओर अग्रसर है। पटरी, हाईवे और बाईपास से अब हरिद्वार से गंगाजल लेकर शिवभक्त अपने गंतव्य की ओर लौट रहे हैं। लेकिन नेशनल और स्टेट हाईवे पर ऐसे पेड़ क्षेत्रीय परिवहन विभाग की नजर में आए हैं जो रोड सेफ्टी में परेशानी का सबक बने हैं। इन पेड़ों को सर्वे में चिन्हित किया गया है। आगामी दिनों में कांवड़ यात्रा में शामिल शिवभक्तों की संख्या में भी बढ़ोतरी होना तय है।

ऐसे में शिवभक्तों की राह में नेशनल और स्टेट हाईवे की ओर झुक रहे पेड़ कभी भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। एआरटीओ (प्रवर्तन) कृष्ण पलाडिया ने बताया कि डीएम मयूर दीक्षित की ओर से रोड सेफ्टी को लेकर सर्वे करने के निर्देश मिले थे। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित बनाए रखने के लिए नेशनल और स्टेट हाईवे पर निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में 119 पेड़ ऐसे मिले हैं। जिनको या तो काटना और हटाया जाना जरूरी है। रिपोर्ट तैयार कर वन विभाग को सौंपी है। डीएम कार्यालय से आदेश मिलने पर रोड सेफ्टी के मद्देनजर घातक और अति घातक पेड़ों को हटाया जाएगा

## प्रबंधन ने कर्मचारियों को न्यूनतम सैलरी देने की बात मानी, हड़ताल समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेडा।** थाना क्षेत्र के गांव स्थित दवाई कंपनी के बाहर कंपनी कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर चल रहे धरने के 21 वें दिन देर शाम धरने को समाप्त कर दिया गया। कंपनी प्रबंधन द्वारा न्यूनतम सैलरी देने बात मानते हुए सभी कर्मचारियों को कंपनी में काम पर आने के लिए कहा गया।

झबरेडा क्षेत्र के गांव स्थित लाठरदेवा हुण स्थित प्रोग्रेसिव लाइफ साइंस दवाई कंपनी के बाहर कंपनी कर्मचारियों द्वारा अपनी मांगों को लेकर 21 दिन से चल रहा धरना प्रदर्शन मंगलवार की देर शाम समाप्त कर दिया गया। कंपनी कर्मचारियों का कहना है कि सरकार द्वारा घोषित न्यूनतम वेतनमान के साथ-साथ उन्हें अन्य सुविधाएं दी जाने की बात कंपनी प्रबंधन से की गई है उन्होंने कहा कि कंपनी प्रबंधन द्वारा उनकी मांगों को मान लिया गया है इसीलिए धरने को समाप्त कर सभी कंपनी कर्मचारी अपने कार्य पर लौटेंगे। कंपनी प्रबंधक राजेश तिवारी व कंपनी मैनेजिंग डायरेक्टर अमरदीप बंसल का कहना है कि कंपनी के कर्मचारी उनके परिवार के सदस्य हैं। वह सभी कर्मचारियों का सम्मान करते हैं। उनकी प्रत्येक जायज मांगे मानने को वे तैयार है। कंपनी कर्मचारियों द्वारा धरना देने के कारण उन्हें आर्थिक नुकसान के साथ-साथ मानसिक परेशानी भी हो रही है। महिला कर्मचारियों को अभी 10500 हजार रुपए प्रतिमाह तथा लड़कियों को 11000 रुपए प्रति माह कर दिया गया है तथा 6 महीने के बाद न्यूनतम सैलरी शुरू कर दी जाएगी। इस दौरान मौके पर झबरेड़ा थाना प्रभारी निरीक्षक अजय सिंह अमित कुमार रमेश कुमार सुधीर कुमार ललित कुमार आदेश कुमार अनीता देवी सोनम देवी विराट कुमार सुधीर कुमार ममता देवी आदि उपस्थित रहे।

## अपनी मांगों को लेकर बैंक कर्मचारियों की हड़ताल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ऑल इंडिया बैंक एम्पलाइज एसोसिएशन के तत्वाधान में विभिन्न ट्रेड यूनियनों की राष्ट्र व्यापी हड़ताल के समर्थन में विशाल प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस राष्ट्र व्यापी हड़ताल को विभिन्न मजदूर यूनियनों, किसान संगठनों,और स्वतंत्र ट्रेड यूनियनों के पदाधिकारी शामिल है।

कैनरा बैंक मकतूलपुरी में आयोजित प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल की मुख्य मांगों में बेरोजगारी, महंगाई, काम के घंटे बढ़ाने की मानसिकता पर रोक, श्रम कानूनों में बदलाव का विरोध, और पब्लिक सेक्टर को बेचने की कोशिश का विरोध शामिल है। इसके अतिरिक्त बैंक कर्मियों की मांगों में पर्याप्त भर्ती, पुरानी पेंशन की बहाली, बैंक कर्मियों की सुरक्षा, आउट सोर्सिंग पर रोकथाम आदि विशेष रूप से शामिल हैं। प्रदर्शन को संबोधित करते हुए कामरेड मन्नू माकिन ने सरकार की मजदूर विरोधी मानसिकता और दमनकारी नीतियों के बारे में जानकारी देते हुए सरकार से मांग की कि वो उपरोक्त मांगों को जल्द से जल्द सुनिश्चित करें



ताकि देश में अराजकता और आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न ना हो! प्रदर्शन में विभिन्न यूनियनों के वरिष्ठ एवं सेवा निवृत साथियों ने भी अपने विचार साझा किए और सभी को यूनियन के साथ रहने की सलाह दी। प्रदर्शन में सभी बैंकों के प्रतिनिधियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया जिनमें मुख्यत कामरेड विजय गुप्ता, विनोद गुप्ता, अर्जुन गुप्ता, राकेश सैनी, शशांक भारद्वाज,तरुण त्यागी,निधि अग्रवाल, शोभना दुआ, प्रेरणा राठी, संजय, प्रमोद, नवीन, विपिन, प्रेम सिंह, उदित, हिमांशु, विपिन मालिक, कुलवंत सिंह,पवन, अंकिता, ओमपाल, नीमा, कुलदीप सिंह, तनुश्री सिंघल,मनोज, महेंद्र, अनूप, मयंक, गणेश, माणिक जैन, मोहम्मद शाहनवाज ,अजय, सुधीर, विकास,रोहित, अमित, विनीत, जितेन्द्र आदि ने हिस्सा लिया।

## इनर व्हील क्लब स्पार्कल ने गौशाला परिसर में लगवाया वाटर कूलर

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** इनर व्हील क्लब स्पार्कल के द्वारा बुधवार को गौशाला परिसर में वाटर कूलर लगवाया गया जिसका उद्घाटन विधायक प्रदीप बत्रा ने किया। इसके साथ ही शरबत का वितरण भी क्लब की सदस्यों ने किया।

जानकारी के अनुसार चावमंडी स्थित गौशाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में फीता काटकर विधायक प्रदीप बत्रा ने वाटर कूलर आमजन को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि क्लब द्वारा समाजहित में किए जा रहे कार्य सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि जल की सेवा बहुत बड़ी मानी जाती है और इस वाटर कूलर का लाभ लोगों को मिलेगा। इसके साथ ही शरबत वितरण भी विधायक द्वारा राहगीरों को किया गया। क्लब की अध्यक्ष निशा सुराना ने कहा कि डिस्ट्रिक प्रॉजेक्ट के तहत इस वाटर कूलर की स्थापना की गई है और आने वाले समय में कई बड़े प्रॉजेक्ट शहर के लिए आयेंगे। कार्यक्रम में गौशाला समिति के अध्यक्ष प्रमोद गोयल, स्तुति गोयल, नीलम मधोक, स्वाति, सोनम, चांदनी, वर्षा, स्वीटी, हरजीत कालरा,साक्षी त्यागी आदि मौजूद रहे।

## अपहरण का मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** संदिग्ध परिस्थितियों में नाबालिग लापता हो गई। परिवार ने परिचित पर नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर अपहरण करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश कर नाबालिग को सकुशल ढूंढ निकालने की कोशिश शुरू कर दी है।गंगनहर कोतवाली क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने बताया कि 17 वर्षीय पुत्री दो दिन पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई थी। उन्होंने अपने स्तर से जांच पड़ताल की तो एक परिचित के संपर्क में पुत्री का होना मिला। जिसके बाद पिता ने अपनी पुत्री की तलाश को संभावित जगहों पर तलाश की। लेकिन पुत्री का अब तक कहीं कुछ पता नहीं चल पाया। इंस्पेक्टर आरके सकलानी ने बताया कि पुलिस ने रूद्र शर्मा निवासी देवबंद के खिलाफ अपहरण का मुकदमा दर्ज कर लिया है।आरोपी की तलाश जारी है। जबकि नाबालिग को भी सकुशल ढूंढने की कोशिश शुरू कर दी है।

## एपीएस-1 में अंतर संकुल कमान स्तरीय वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 रुड़की में 9जुलाई से 11 जुलाई तक तीन दिवसीय क्लस्टर कमान स्तरीय वाद विवाद एवं सामान्य ज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिवस अंग्रेजी वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि महोदय ब्रिगेडियर के.पी. सिंह, कमांडेंट, बंगाल इंजीनियर्स ग्रुप एंड सेंटर, रुड़की, और चेयरमैन, आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 और 2, रुड़की, के कर कमलो द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। मां सरस्वती की वंदना के उपरांत मुख्य अतिथि महोदय और विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया गया। प्रतियोगिता का विषय था" द यूनाइटेड स्टेट्स न्यू टेरिफ रेजीम विल ओपन न्यू ट्रेड ऑपरचुनिटीज फॉर इंडिया वाद-विवाद प्रतियोगिता क्लस्टर-2 के लिए आयोजित की गई जिसमें आर्मी पब्लिक स्कूल आगरा, आर्मी पब्लिक स्कूल क्लेमेंट टाउन देहरादून, आर्मी पब्लिक स्कूल गया, आर्मी पब्लिक स्कूल गोरखपुर, आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 जबलपुर, आर्मी पब्लिक स्कूल, मेरठ आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ कैंट, आर्मी पब्लिक स्कूल रानीखेत और आर्मी पब्लिक स्कूल एसपी मार्ग लखनऊ सहित कुल नौ टीमों के 27 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया। त्रिसदस्यीय निर्णायक मंडल में श्रीमती रिचा अहलावत पूर्व प्रबंध निदेशक, एनआईएफडी ग्लोबल रुड़की और श्छाप क्रिएशन्सश की संस्थापक,



डॉ. रजत अग्रवाल प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष प्रबंधकीय अध्ययन आईआईटी रुड़की तथा श्रीमती मालिनी कुलश्रेष्ठ, टीजीटी अंग्रेजी, मोंटफोर्ट स्कूल, रुड़की जो कि समर्पित शिक्षाविद् और गतिशील मार्गदर्शिका है शामिल रहे। विषय के पक्ष में सर्वश्रेष्ठ ध्वक्ता ए पी एस क्लेमेंट टाउन देहरादून की श्रीधा तोमर तथा सर्वश्रेष्ठ समालोचक भार्गव कुमार रहे जबकि, आर्मी पब्लिक स्कूल एसपी मार्ग लखनऊ की श्वेताकुमारी ने सर्वश्रेष्ठ वक्ता विपक्ष का श्रेय प्राप्त किया। प्रतियोगिता में एपी एसएसपी मार्ग लखनऊ की टीम को प्रथम तथा ए पी एस क्लेमेंट टाउन देहरादून को द्वितीय स्थानघ प्राप्त हुआ। विजेता टीम आगामी कमांड लेवल में अपने क्लस्टर का प्रतिनिधित्व करेगी। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या ऋतु डोगरा ने प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन करते हुए सभी अतिथियों का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## चोर लुटेरों का आतंक पुलिस नाकाम

**भगवानपुर।** हरिद्वार जिले में इन दिनों चोर लुटेरे पुलिस को खुला चौलेंज देकर एक के बाद एक घटनाओं को अंजाम दे रहे है और पुलिस नाकाम नजर आ रही है सिलसिलेवार दर्जनभर घटनाओं को अंजाम देकर भी लुटेरे सुरक्षित है और पुलिस लाचार ,ग्रामीण रात भर पहरेदारी कर रहे है और चोरों का दुस्साहस दिनदहाड़े घटनाओं को अंजाम दे रहे है। अब ग्रामीणों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर गुस्सा भी है और नाराजगी भी। दरअसल आपको बतादे कि हरिद्वार जिले के भगवानपुर और बुग्गावाला थाना क्षेत्र में इन दिनों चोरों का आतंक जोरो शोर से चल रहा है इलाके के दर्जनों गांव दहशत में दर्जनभर घटनाएं हो चुकी है लेकिन पुलिस के हाथ अभी तक खाली है हसनवाला ,गांजा माजरा ,बुधवा शहीद, तेलपुरा ,घेर पेमा ,खेड़ी शिकोहपुर,डाडा आदि गांवों में ग्रामीण रातभर जागकर पहरेदारी कर रहे है लेकिन बावजूद उसके इस गिरोह का पुलिस को खुला चौलेंज जारी है आज दिनदहाड़े हुई खेड़ी शिकोहपुर गांव में घटना ने इलाके में सनसनी फैला दी है ये एक गिरोह है जो महिलाओं को अपना निशाना बनाता है और उनके आभूषण जेवरात निकालकर रफूचक्कर हो जाते है।

## जीआईसी लाठरदेवा में छात्रों ने विश्व पेपर बैग दिवस मनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज लाठर देवा हुन के प्रांगणमें मनाया गया विश्व विश्व पेपर बैग दिवस 2025:-84 उत्तराखंड बटालियन एनसीसी रुड़की के तत्वाधान में आज दिनांक 9 जुलाई 2025 को पीएम श्री राजकीय इण्टर कॉलेज लाठर देवा में विश्व पेपर बैग दिवस 2025 मनाया गया गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न प्रकार के पेपर बैग एवं सजावट के सामान बनाए। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक बैग के हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाना और पेपर बैग के उपयोग को प्रोत्साहित करना है। पेपर बैग रिसाइकल करने योग्य होने के कारण पर्यावरण के लिए एक बेहतर विकल्प माने जाते हैं।

इस अवसर पर पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज राठौर देवा हूण के प्रधानाचार्य चंद्रपाल सिंह ,एनसीसी अधिकारी थर्ड ऑफिसर सुशील कुमार एवं विद्वान शिक्षक शिक्षकों ने उपस्थित होकर अपना सहयोग दिया।

## अगर 27 जुलाई से पहले यूसीसी के तहत नहीं कराया पंजीकरण, भुगतना होगा जुर्माना

**शाह टाइम संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड यूसीसी (समान नागरिक संहिता) के तहत रजिस्ट्रेशन को लेकर आम लोगों की सुविधा के लिए आगामी 26 जुलाई 2025 तक पंजीकरण को शुल्क से मुक्त रखा गया है। जिसको लेकर ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विनीत कुमार गौड़ ने आम जनता से अपील की है कि सरकार की ओर प्रदत्त सुविधा का लाभ लेते हुए समय से पंजीकरण अवश्य करवायें। न्ब्ब के तहत 26 मार्च 2010 के बाद होने वाले विवाह का पंजीकरण अनिवार्य है। जिसके लिए सरकार की ओर से पूर्व में 250 रुपए का पंजीकरण शुल्क निर्धारित किया गया था। वर्तमान में नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन की ओर से 27



जनवरी 2025 से पूर्व हुई शादियों का पंजीकरण आगामी 26 जुलाई 2025 तक कराने के लिए पंजीकरण शुल्क की अनिवार्यता पर रोक लगाई गई है। और गांव-गांव में कैंप लगाकर लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 27 जुलाई से पहले यूसीसी के तहत विवाह का पंजीकरण करा ले, अन्यथा जुर्माना भुगतना होगा।

## पुलिस ने दो चोर दबोचे मोबाइल व सरिया बरामद

**शाह टाइम संवाददाता**

**पिरान कलियर।** रहमतपुर बाग से लोहा सरिया और मोबाईल फोन चोरी करने वाले दो चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि दानिश निवासी वार्ड चार पिरान कलियर ने तहरीर देकर बाताया था कि रहमतपुर रोड पर उनके आम के बाग की चार दिवारी का काम चल रहा हैं।सोमवार की रात को उसकी गैर मौजूदगी में शाहिद उर्फ विक्की निवासी नई बस्ती कलियर और राहुल निवासी किलकिली साहब बस्ती ने उसके बाग से लोहा सरिया और एक मोबाईल फोन चोरी कर लिया है। पुलिस ने टीम ने चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी थी।मुखबिर की सूचना पर दो दोनों चोरों को रहमतपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के पास से डेढ़ कुंतल लोहा,सरिया और मोबाईल फोन बरामद हुआ है। पुलिस दोनो आरोपियों को जेल भेज दिया हैं।टीम में थानाध्यक्ष रविन्द्र कुमार, प्रकाश मनराल, इमरान शामिल रहे।

## युवक पर हमला कर 2100 रूपये की नगदी छीनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिरान कलियर।** पतंजलि से काम कर लौट रहे एक युवक पर बाईक सवार युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। और 2100 रुपये की नगदी छीन कर फरार हो गए।पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर आरोपी युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं।

परान कलियर निवासी अंशुल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बाहदराबाद स्थित पतंजलि में काम करता हैं।मंगलवार की देर रात को वह काम कर वापस अपने घर लौट रहा था।इसी बीच रास्ते में दो बाईक पर सवार मोहित ओर मुकेश निवासी कमालपुर सैनी अपने अज्ञात दोस्तों के साथ उसका पीछा करने लगे और उन्होंने उसे ध नौरी-कलियर के बीच दो सड़कों पर रोक लिया। और उसके साथ लाठी डंडों से मारपीट करनी शुरू कर दी।शोर मचाने आसपास से गुजर रहे लोगों को आता देख सभी आरोपी धमकी देते हुए 2100 रुपए की नगदी छीनकर फरार हो गए।मारपीट में उसको काफी चोटें आई है।पीडित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की हैं।थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही हैं।

## हंस फाउंडेशन ने लगाया निशुल्क नेत्र शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के नगर पंचायत सुल्तानपुर आदमपुर के कार्यालय में हंस फाउंडेशन की ओर से निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगवाया गया। शिविर में चिकित्सकों ने दोपहर 12:00 बजे तक पच्चास से अधिक मरीजों के आंखों की जांच की।

मुख्य नेत्र चिकित्सक ने बताया कि शिविर में जिन मरीजों की आंखों में अधिक दिक्कत होगी उनका ऑपरेशन किया जायेगा । जबकि 50 लोगों को जांच के बाद निशुल्क चश्मा व आंखों की दवाइयां दी गई। हंस फाउंडेशन के मुख्य नेत्र चिकित्सक ने बताया कि विगत माह अन्य गाँव में लगाए गए निशुल्क नेत्र शिविर में जिन लोगों को आंखों के ऑपरेशन के लिये फाउंडेशन के हरिद्वार अस्पताल ले जाया गया था,उन सभी लोगों की मंगलवार को आंखों की जांच कर दवा दी गई। बताया जिन मरीजों के आंखों के ऑपरेशन किया जाना उन्हें हरिद्वार जिला स्थित हरिद्वार अस्पताल ले जाया जाएगा। मरीजों के लिए सभी सुविधा निशुल्क होगी। सभासद शादाब अली ने कहा कि हंस फाउंडेशन क्षेत्र में समय समय पर निशुल्क शिविर लगाकर गरीबों



की मदद करता आ रहा है, जिसका लोगों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने फाउंडेशन के संस्थापक का आभार भी जताया है। मौके पर काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## ओवरलोड वाहनों पर एक्शन से हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के भोगपुर बाणगंगा के पास परिवर्तन दल ए आरटीओ के द्वारा ओवरलोड वाहनों के खिलाफ छापेमारी करते हुए पांच वाहनों को को अलग-अलग थाना चौकिया में पकड़कर सीज कर दिए हैं परिवर्तन दल एआरटीओ रविंद्र सैनी के द्वारा जानकारी दी गई की सूचना मिली थी की कुछ लोग ओवरलोड अवैध खनन भोगपुर क्षेत्र में कर रहे हैं उस सूचना पर टीम बनाकर छापेमारी की गई टीम में परिवहन आरक्षी अर्जुन सिंह निपुल सिंह तथा परिवर्तन चालक सतपाल सिंह भी टीम में शामिल रहे गठित टीम को साथ लेकर मुखबिर की सूचना पर हमने छापेमारी की छापेमारी में पांच वाहनों को ओवरलोड में सीज कर दिया जिससे ओवरलोड अवैध खनन करने वालों में हड़कंप मच गया उन्होंने कहा आज की कार्रवाई में हमारी टीम के द्वारा कुल मिलाकर 17 वाहनों के चालान किए गए हैं उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा ही हमारे विभाग का सबसे पहला उद्देश्य है उन्होंने यह भी कहा कि ओवरलोड अवैध खनन व बगैर कागजों के गाड़ी चलाने वालों के



खिलाफ हमारी कार्रवाई जारी है और आगे भी जारी रहेगा।

# विजिलेंस विभाग में बढ़ाए जाएंगे 20 नए पद, कैबिनेट की मंजूरी

## मुख्यमंत्री धामी की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में लिए निर्णय

- विधवा व वृद्धावस्था पेंशन पर भी कैबिनेट का अहम निर्णय
- वित्त सेवा संवर्ग के ढांचे का भी होगा पुनर्गठन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड सरकार ने विजिलेंस विभाग में 20 नए पदों को बढ़ाने का फैसला किया है। बुधवार को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई कैबिनेट की बैठक में इस प्रस्ताव पर मंजूरी दी गई। इसके अलावा कैबिनेट बैठक में कई अहम अन्य फैसले भी हुए।

विजिलेंस विभाग में 20 नये पदों के लिए स्वीकृति मिलने के बाद अब पदों की संख्या 132 से बढ़कर 152 होगी। इसके अलावा लोक निर्माण विभाग के तहत पुलों की वहन क्षमता बढ़ाने से संबंधित अध्ययन के लिए परियोजना प्रबंधन इकाई (पी.एम.यू) के गठन की सहमति। इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा सूचीबद्ध 7 कंपनियों को सूचना प्रौद्योगिकी से संबंधित सेवाओं और सामग्रियों की आपूर्ति के लिए राज्य में भी सूचीबद्ध करने का निर्णय लिया गया है। उत्तराखण्ड वित्त सेवा संवर्ग के ढ़ांचे का पुनर्गठन किये जाने के अनुमोदन। उत्तराखंड वित्त सेवा संवर्ग के ढांचे में सृजित विभिन्न वेतनमान एवं प्रास्थिति के पदों को विभागीय कार्यावश्यकता के दृष्टिगत कार्य एवं दायित्वों के आधार पर श्रेणीवार पदों की कुल संख्या को अपरिवर्तित रखते हुए पुनर्वितरण किये जाने का अनुमोदन हुआ। बच्चों के बालिग (18 वर्ष) होने पर भी विधवा और वृद्धावस्था पेंशन नियमित रूप से दिए जाने का निर्णय लिया गया।

### राज्य कर विभाग में डिजिटल फॉरेंसिक लैब बनेगी

**कैबिनेट ने डिजिटल फोरेंसिक लैब की स्थापना का लिया फैसला**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य कर (टैक्स विभाग) विभागान्तर्गत डिजिटल फोरेंसिक लेबोरेटरी की स्थापना करने की योजना बनाई गयी है। इसके प्रस्ताव को बुधवार को कैबिनेट की बैठक में मंजूरी मिल गई है। लैब की परिकल्पना की गई है, जिसका उद्देश्य सूचना एवं साक्ष्यों का कलेक्शन, रिट्रीवल एवं एनालिसिस करते हुए कराधान के कानूनों का प्रभावी अनुपालन किया जाना है। फोरेंसिक लेबोरेटरी से राज्य कर विभाग के साथ ही राज्य में स्थित अन्य विभाग यथा सीजीएसटी, इनकम टैक्स आदि को भी लाभ मिलेगा।



### जिला खनिज फाउंडेशन न्यास नियमावली, 2025 को मंजूरी

**देहरादून।** उत्तराखंड राज्य खनिज अन्वेषण न्यास, नियमावली 2025 को बुधवार को सचिवालय में हुई मुख्यमंत्री धामी कैबिनेट मंजूरी मिल गई है।

खनिज अन्वेषण में राज्य सरकार विशेष रूप से लघु खनिजों के मामले में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। राज्य सरकार को राज्य खनिज अन्वेषण न्यास स्थापित करने के लिये प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण न्यास के शासी निकाय की छठी बैठक में चालू और आगामी वित्तीय वर्षों में राज्य खनिज अन्वेषण न्यास में राज्य सरकार द्वारा वार्षिक संग्रह के 10 प्रतिशत की सीमा तक राज्य

सरकारों को अनुदान प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। इस सम्बन्ध में खान मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में उत्तराखण्ड राज्य खनिज अन्वेषण न्यास के गठन के लिए नियमावली प्रख्यापित की गई है।

कैबिनेट द्वारा उत्तराखंड जिला खनिज फाउंडेशन न्यास नियमावली, 2017 यथासंशोधित 2023 के कतिपय प्रावधान को संशोधित करने एवं कतिपय अतिरिक्त नवीन प्रावधानों को सम्मिलित करते हुए उत्तराखंड जिला खनिज फाउंडेशन न्यास नियमावली, 2025 प्रख्यापित की जाने का अनुमोदन प्रदान किया गया।

### उत्तराखंड जियोथर्मल एनर्जी पॉलिसी 2025 को दी मंजूरी

**देहरादून।( शाह टाइम्स ब्यूरो )** उत्तराखंड जियोथर्मल एनर्जी पॉलिसी 2025 को भी कैबिनेट की मंजूरी मिल गयी है। इस पॉलिसी का उद्देश्य राज्य में जियो थर्मल संसाधनों की खोज एवं पहचान हेतु वैज्ञानिक और तकनीकी अनुसंधान को प्रोत्साहित करना है, जो आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टि से व्यवहार्य हो। नीति का उद्देश्य चिन्हित भू-तापीय ऊर्जा स्थलों के विकास और उपयोग को प्रोत्साहित करने के साथ ही भू-तापीय ऊर्जा के उत्पादन और विद्युत उत्पादन, हीटिंग और कूलिंग सिस्टम के प्रत्यक्ष इस्तेमाल, जल शुद्धिकरण और सामुदायिक विकास में इस्तेमाल को प्रोत्साहित करना है। इस नीति के माध्यम से भू-तापीय ऊर्जा के माध्यम से राज्य में कार्बन उत्सर्जन को कम करने और राज्य के दीर्घकालिक पर्यावरणीय व ऊर्जा लक्ष्यों में योगदान से राज्य की ऊर्जा सुरक्षा को सुदृढ़ करना है।

# पदक विजेताओं को खेल मंत्री ने किया सम्मानित

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** बीसवीं राष्ट्रीय आइस स्केटिंग प्रतियोगिता के विजयी खिलाड़ियों को खेल मंत्री रेखा आर्या ने सम्मानित कर आशीर्वाद प्रदान किया।

25 से 30 जून के बीच देहरादून स्थित हिमाद्री आइस स्केटिंग रिंक में आयोजित की 20 वीं राष्ट्रीय आइस स्केटिंग प्रतियोगिता में देश भर से 500 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें उत्तराखंड के स्पीड और फिगर स्केटिंग के 23 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न स्पर्धाओं में 9 मेडल हासिल किए। बुधवार को खेल मंत्री रेखा आर्या ने अपने कैंप कार्यालय में उत्तराखंड के विजयी खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर खेल मंत्री



रेखा ने कहा कि आइस रिंक के दोबारा शुरू होने के बाद अब आइस गेम्स में भी उत्तराखंड के खिलाड़ी राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करेंगे। खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि हाल ही में भारत की जिस महिला आइस हॉकी टीम ने यूएई में कांस्य पदक जीता है, उस टीम को भी रवानगी से पहले एक महीना हिमाद्री आइस रिंक में ही ट्रेनिंग दी गई थी। खेल मंत्री ने कहा कि प्रतिभाशाली स्केटिंग खिलाड़ियों को कम से कम शुल्क के साथ अभ्यास के सुविधा दी जाएगी। इस अवसर पर आइस स्केटिंग एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के अध्यक्ष शिव पैन्यूली, कोषाध्यक्ष ज्योति गैरोला, तकनीकी सचिव रूपा सिंह, मैनेजर नागेन्द्र सिंह नेगी, यशवंत सिंह और सुखवीर रावत के साथ कई अभिभावक भी उपस्थित रहे।

## डॉ नरेश बंसल ने की मोहंड में दिल्ली-दून हाईवे खोलने की मांग

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** भाजपा राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष व सासंद राज्यसभा डा.नरेश बंसल ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कांवड़ यात्रा व पर्यटन संख्या को देखते हुए नव निर्मित देहरादून-दिल्ली हाईवे का मोहंड का हिस्सा खोलने का आग्रह किया व कावंड यात्रा सुचारू रूप से चले व कावंड़ियों की श्रद्धा से खिलवाड न हो व प्रशासनिक सहयोग का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने राज्यसभा सांसद डॉ नरेश बंसल की मांग पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि बीते दिवस इस मामले को लेकर राज्यसभा सांसद डॉ नरेश बंसल ने नई दिल्ली स्थित उत्तराखंड निवास में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात की थी।

# विवेचनाओ में लापरवाही के जिम्मेदार होंगे पुलिस कप्तान: डीजीपी



- वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से प्रदेश के डीजीपी ने समस्त जनपदों के पुलिस उपाध्यक्षों के साथ की बैठक
- विवेचनात्मक गुणवत्ता बनाये रखना एक बड़ी चुनौती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ की अध्यक्षता में पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से गढ़वाल एवं कुमाऊ रेंज सहित समस्त जनपदों के पुलिस अधीक्षकों के साथ एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। प्रदेश के डीजीपी द्वारा की गई समीक्षा बैठक के दौरान गंभीर अपराधों की जांच में पारदर्शिता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण बढ़ाने व आपराधिक मामलों की विवेचना में सुधार करने को लेकर आदेश जारी किए गए।

वही न्यायालयीय निर्देशों के अनुपालन में बढ़ती जा रही लाप. रवाही को लेकर कहा गया कि थानों से लेकर पुलिस कप्तानों तक जवाबदेही तय की जाएगी।डीजीपी ने कहा कि सीमित जनशक्ति, कानून व्यवस्था ड्यूटी तथा आपदा राहत एवं बचाव कार्य में व्यस्तता के साथ-साथ विवेचनात्मक गुणवत्ता बनाये रखना एक बड़ी चुनौती है।

डीजीपी ने बताया कि अधिकतर अपराधों के लिये पुलिस मुख्यालय द्वारा सरल और अपराध-आधारित एसओपी तैयार की गई हैं, जिन्हें नए आपराधिक कानूनों के अनुरूप अद्यतन किया जाना आवश्यक है।

पुलिस महानिदेशक ने निर्देशित किया कि थानों की विवेचनाओं का प्रभावी पर्यवेक्षण, कमियों की पहचान और समयबद्ध सुधार सम्बन्धित क्षेत्राधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक एवं जनपद स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। मुख्यालय के निर्देशों की अवहेलना पर विवेचक, थानाध्यक्ष, क्षेत्राधिकारी और अपर पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारियों का उत्तरदायित्व भी सुनिश्चित किया जाय।

समीक्षा बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक अपराध एवं कानून व्यवस्था डॉ. वी मुरूगेशन, अपर पुलिस महानिदेशक प्रशासन एपी अंशुमान, पुलिस महानिरीक्षक, अपराध एवं कानून व्यवस्था नीलेश आनन्द भरणे, पुलिस महानिरीक्षक प्रशिक्षण अनंत शंकर ताकवाले, पुलिस महानिरीक्षक गढवाल परिक्षेत्र राजीव स्वरूप, पुलिस उपमहानिरीक्षक अपराध एवं कानून व्यवस्था धीरेन्द्र गुंज्याल, पुलिस अधीक्षक जीआरपी तृप्ति भट्ट,, एसएसपी एसटीएफ नवनीत भुल्लर उपस्थित रहे।

# एसटीएफ ने चीनू पंडित गैंग के दो शूटर दबोचे

- तीन पिस्तौल एक तमंचा व कारतूस बरामद, हरिद्वार में बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे बदमाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** एसटीएफ ने चीनू पंडित गिरोह के दो बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन पिस्टल व एक तमंचा बरामद किया। पकड़े गए बदमाश हरिद्वार में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के फिराक में थे। एसटीएफ ने कानूनी कार्यवाही कर उन्हें जेल भेजा।

पुलिस महानिदेशक दीपम सेठ के आदेशों के चलते कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर ने



पत्रकारों से बातचीत करते हुए बताया कि एसटीएफ उत्तराखण्ड की जेलों मे निरूद्ध ऐसे सभी अपराधियों की मॉनीटारिंग भी करती थी जो संगीन अपराधों में लिप्त है। हरिद्वार के रूडकी उपक. ारागार में निरूद्ध कुख्यात अपराधी विनीत शर्मा उर्फ चीनू पण्डित पुत्र सुदेश शर्मा निवासी पश्चिमी अम्बर तालाब थाना गंगनहर हरिद्वार जो पिछले कई वर्षो से जेल में बन्द है। जिस पर हत्या एवं हत्या का प्रयास अपहरण जैसे जघन्य अपराधों के लगभग 30 से अधिक मुकदमें दर्ज है व अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हुये अपराधिक गैंग को संचालित करता है। वर्ष 2014 में रूडकी उपकारागार के बाहर हुये गैंगवार में चीनू पण्डित गैंग के 3 व्यक्तियों की उक्त गैंगवार में हत्या हो गयी थी। जिसका बदला चीनू पण्डित जेल से ही अपने गैंग के माध्यम से अपने दुश्मनों को ठिकाना लगाने की फिराक में है।

एसटीएफ को सूचना मिली थी कि चीनू पंडित चीनू पण्डित पैराल में जेल से बाहर आने वाला है और जेल से बाहर आकर अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाला है एसटीएफ ने मुखबिर तंत्र के आधार पर गैंग के दो बदमाशों समर्थ पंवार उर्फ सागर पुत्र घनश्याम सिंह पंवार निवासी हकीकत नगर थाना सदर सहारनपुर हॉल निवासी अलकनन्दा एन्क्लेव ठाकुरपुर रोड़ प्रेमनगर व संजय नेगी पुत्र सरपंच नेगी निवासी ग्राम धारकोट पट्टी जाखनीधार थाना लम्बगाँव टिहरी को थाना प्रेमनगर जनपद देहरादून क्षेत्र से तीन पिस्टल में एक तमंचे के साथ गिरफ्तार किया।

## पंचायत चुनाव: कांग्रेस के पक्ष में बेहतर माहौल: जोशी

**देहरादून ( शाह टाइम्स )।** त्रिस्तरीय चुनाव को लेकर गढ़वाल से लौटे प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव महेश जोशी ने कहा कि प्रतापनगर विधायक विक्रम सिंह नेगी के कुशल प्रबंधन से जिला पंचायत क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम प्रधान के लिए क्षमता व योग्यता समीकरण के हिसाब से चयन किया गया जिससे कांग्रेस अधिक से अधिक सीटों पर जीत हासिल कर सके। उन्होंने कहा कि गुंजी से सेवानिवृत्त आईजी विमला गुंज्याल बीरोंखाल ब्लॉक के बिरगण गांव से सेवा. निवृत्त कर्नल यशपाल नेगी एवं टिहरी के सजवाणकांडा गांव के सेवानिवृत तहसीलदार गंभीर सिंह का निर्विरोध चयन ग्रामीणों की बौद्धिक सोच को दर्शाता है जो रिवर्स माइग्रेशन को मील का पत्थर साबित होगा।

# सहकारिता में व्यापक सुधार को नियमावलियों में होंगे बदलाव: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड सहकारिता विभाग के आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला सहकार मंथन-2025" के समापन अवसर पर विभागीय मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा कि सहकारिता क्षेत्र में व्यापक सुधार को सहकारी अधिनियम, नियमों में बदलाव किया जायेगा ताकि सहकारी व्यवस्था को भविष्योन्मुखी व पारदर्शी बनाया जा सके।

डॉ. रावत ने कहा कि उत्तराखंड में सहकारिता अब केवल बैंकिंग तक सीमित न रहकर, एक सामा. जिक-आर्थिक आंदोलन बन रही है। इसके लिए पारदर्शिता, तकनीक, और स्थानीय सहभागिता



आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 670 पैक्स समितियां हैं, जिनमें 11 लाख सदस्य पंजीकृत है। जबकि 10 जिला सहकारी बैंक व 1 राज्य सहकारी बैंक में 19 लाख खाताधारक हैं। कुल मिलाकर 30 लाख लोग सहकारिता व्यवस्था से जुड़े हैं जो राज्य की कुल जनसंख्या का लगभग 35 प्रतिशत है। कार्यक्रम में सुभाष रमोला, पूर्व अध्यक्ष, मेहरबान सिंह बिष्ट, निबंधक सहकारिता, ईरा उप्रेती, अपर निबंधक, आनंद शुक्ल, संयुक्त निबंधक, नीरज बेलवाल, संयुक्त निबंधक, मंगला त्रिपाठी, संयुक्त निबंधक, रमिंद्री मंदरवाल, उप निबंधक, राजेश चौहान, सहायक निबंधक (मुख्यालय),मो. निका सहित अन्य विभागीय अधिकारी व जनपदों से आए एडीसीओ एवं सहकार बंधु उपस्थित रहे।

## हरेला पर्व हमारे लिए पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर : जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी से उनके कार्यालय में 127 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) इको गढ़वाल राइफल्स के कमान अधिकारी कर्नल प्रतुल थपलियाल ने शिष्टाचार भेंट की।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की पारंपरिक संस्कृति और प्रकृति संरक्षण की भावना के अनुरूप यह पर्व हमारे लिए पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। कर्नल प्रतुल थपलियाल ने मंत्री को हरेला पर्व पर कार्यक्रम आहूत करने की सहमति करते हुए आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आमंत्रण भी दिया। साथ ही उन्होंने अवगत कराया कि इकाई की स्थापना के बाद से अब तक 127 इन्फैंट्री बटालियन (टीए) इको गढ़वाल राइफल्स द्वारा कुल 1.98 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं, जिससे 23,101 हेक्टेयर भूमि पर हरियाली फैलाई गई है।

# सामाजिक सुरक्षा के लिए आजीवन वृद्धा, विधवा पेंशन ऐतिहासिक: भट्ट

- कहा - इससे बच्चों के बालिग होने पर बुजुर्गों की उन पर निर्भरता कम हो जाएगी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने धामी सरकार के आजीवन वृद्धावस्था और विधवा पेंशन देने के निर्णय को सामाजिक सुरक्षा में ऐतिहासिक बताया है।

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि इससे बच्चों के बालिग होने पर बुजुर्गों की उन पर निर्भरता कम हो जाएगी। कैबिनेट बैठक में अन्य महत्वपूर्ण प्रस्तावों को भी उन्होंने राज्यहित में विकास और प्रशासनिक सुधारों को गति देने वाले बताया।

उन्होंने कैबिनेट के निर्णयों पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, वृद्धावस्था एवं विधवा पेंशन की शर्तों में राहत देना सरकार का अहम सामाजिक फैसला है।

अभी तक की नियमावली के अनुसार वरिष्ठ महिला नागरिकों के बच्चों की आयु 18 वर्ष से अधिक होने पर उनकी वृद्धावस्था पेंशन बंद कर दी जाती है। क्योंकि अमूमन देखा गया है कि बहुत से बुजुर्गों का ख्याल उनके बच्चे नहीं रखते हैं ऐसे उन्हें बड़ी लाचारगी का सामना करना पड़ता है।

## बुजुर्गों की समस्याओं को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री का आदेश

# वरिष्ठ नागरिकों की समस्याएं सुनेंगे सभी जिलाधिकारी: धामी

- जिला स्तरीय अपीलीय अधिकरण के पीठासीन अधिकारी होंगे डीएम

> उत्तराखंड सरकार अपने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति पूर्ण प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। वरिष्ठ नागरिकों से विनम्र अपील है कि यदि आप जीवन-यापन हेतु उपेक्षित महसूस करते हैं, तो अविलंब अपने नजदीकी भरण-पोषण अधिकरण अथवा जिला समाज कल्याण अधिकारी से संपर्क करें... **पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री उत्तराखंड।**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार वरिष्ठ नागरिकों को गरिमा और संरक्षण प्रदान करने के लिए प्रति प्रतिबद्ध है, इसी क्रम में जिलाधिकारियों को वरिष्ठ नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय अपीलीय अधिकरण का पीठासीन अधिकारी बनाते हुए, उन्हें संबंधित शिकायतों का निस्तारण करने को कहा गया है।

साथ ही तहसील स्तर पर उपजिलाधिकारी भरण पोषण संबंधित अधिकरण के पीठासीन अधिकारी और जिला समाज कल्याण अधिकारी पदेन भरण-पोषण अधिकारी के रूप में जिम्मेदार बनाए गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिकों के अधिकारों की रक्षा के लिए लागू 'माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों का भरण पोषण और कल्याण अधिनियम 2007 को प्रभावी ढंग से अमल में लाया जाए।

यह अधिनियम वरिष्ठ नागरिकों एवं माता-पिता को उनके बच्चों, बालिग पोते-पोतियों अथवा संपत्ति क उत्तराधिकारियों से भरण-पोषण की वैधानिक व्यवस्था प्रदान करता है। कानून को अमल में लाने के लिए जिला स्तर पर कुल 13 अपीलीय भरण-पोषण अधिकरण व सब डिवीजन स्तर पर 69 से अधिक भरण-पोषण अधिकरण कार्यरत हैं। भरण-पोषण की राशि अधिकतम 10 हजार रुपये प्रति माह निर्धारित की जा सकती है।

**संपत्ति हस्तांतरण में सुरक्षा प्रावधान**

कानून के तहत यदि कोई वरिष्ठ नागरिक देखभाल की शर्त पर संपत्ति हस्तांतरित करता है, लेकिन इसके बाद तय शर्तें पूरी नहीं होतीं, तो अधिकरण उस हस्तांतरण को अमान्य घोषित करते हुए, संपत्ति की वापसी सुनिश्चित कर सकता है।

**वरिष्ठ नागरिकों को ये हैं सेवाएं**

बागेश्वर, चमोली एवं उत्तरकाशी जिलों में निशुल्क वृद्ध एवं निशक्तजन आवास गृह संचालित किए जा रहे हैं। जहां कई जरूरतमंद वरिष्ठ नागरिक निवासरत हैं।

**कल्याण परिषद में ये किए शामिल**

राज्य में वरिष्ठ नागरिक कल्याण परिषद का गठन करते हुए रामचंद्र गौड़ को अध्यक्ष, तथा शांति मेहरा, नवीन वर्मा, और हरक सिंह नेगी को उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

# उत्तराखंड: महिला सरकारी कर्मचारी ने मांगी पुरुष पहचान

**लिंग परिवर्तन का पहला आधिकारिक आवेदन, राज्य के लोक सेवा क्षेत्र में लिंग पहचान बदलने की औपचारिक गुहार ने प्रशासनिक हलकों में मचाई हलचल**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** उत्तराखंड में एक ऐतिहासिक और अभूतपूर्व घटनाक्रम सामने आया है। यहां एक महिला सरकारी कर्मचारी ने पुरुष के रूप में अपनी पहचान बदलने के लिए औपचारिक आवेदन किया है। राज्य के लोक सेवा क्षेत्र में लिंग परिवर्तन का यह पहला ऐसा आधिकारिक अनुरोध है। इस अनूठे मामले ने न केवल प्रशासनिक गलियारों में हलचल मचा दी है, बल्कि लिंग पहचान के सामाजिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर भी व्यापक बहस छेड़ दी है।

सूत्रों के अनुसार, उत्तराखंड के एक सरकारी विभाग में कार्यरत यह नियमित कर्मचारी ने नियमानुसार अपनी पहचान बदलने के लिए औपचारिक आवेदन प्रस्तुत किया है। इस गुहार में अपनी वर्तमान महिला पहचान को त्याग कर पुरुष के रूप में आधिकारिक मान्यता प्राप्त करने की मांग की गई है। महत्वपूर्ण बात यह है कि इस आवे. दन को सरकारी स्तर पर अत्यंत गंभीरता से लिया गया है और आवश्यक प्रक्रियाएं पहले ही शुरू कर दी गई हैं। सचिवालय सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, कर्मचारी ने अपने आवेदन के साथ आवश्यक मेडिकल रिपोर्ट और विशेषज्ञ राय संलग्न की है। हालांकि, इस निर्णय के पीछे के व्यक्तिगत कारणों ख्र चाहे वे मान. सिक, सामाजिक या शारीरिक हों ख्र का सार्वजनिक रूप से खुलासा नहीं किया गया है, लेकिन इस साहसी कदम ने निस्संदेह उत्तराखंड के प्रशासनिक ढांचे के भीतर एक महत्वपूर्ण बहस छेड़ दी है।

विभागीय अधिकारियों ने पुष्टि की है कि यह पहला ऐसा मामला है जहां एक महिला सरकारी कर्मचारी ने अपनी पहचान बदलने के लिए इस तरह का आधिकारिक अनुरोध किया है। यह मामला भारत में लिंग पहचान पर विकसित हो रहे कानूनी ढांचों की पृष्ठभूमि में आया है, विशेष रूप से सर्वोच्च न्यायालय के उन फैसलों के बाद, जो किसी व्यक्ति के अपनी लिंग पहचान चुनने के संवैधानिक अधिकार की पुष्टि करते हैं। हालांकि, एक सेवारत सरकारी कर्मचारी द्वारा इस तरह का कदम नई प्रशासनिक चुनौतियां प्रस्तुत करता है, जिनमें सेवा पंजिकाओं में संशोधन, पहचान दस्तावेजों का पुनरीक्षण और भविष्य की नियुक्तियों या पदोन्नति पर पड़ने वाले प्रभाव शामिल हैं।

**क्या कहते है जानकार**

उत्तराखंड में लिंग समानता अधिकारों के लिए सक्रिय वकील रेणु डी सिंह ने इस महत्वपूर्ण कानूनी संदर्भ प्रदान किया। सिंह ने कहा, अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार घोषणाओं के तहत, यह कानून भारत में पूरी तरह से प्रचलित है। उन्होंने आगे कहा, एक व्यक्ति, चाहे वह पुरुष हो या महिला, स्वेच्छा से अपना लिंग चुन सकता है। यह कानून में भी प्रावधानित है। सिंह ने कानूनी भेदों को और स्पष्ट करते हुए कहा, जबकि ट्रांससेक्सुअल व्यक्तियों को इस संबंध में प्रामाणिक दस्तावेज प्रदान करने की आवश्यकता होती है, ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को केवल जानकारी प्रस्तुत करनी होती है।

प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं पर विस्तार से बताते हुए, सिंह ने आगे स्पष्ट किया, यदि व्यक्ति ट्रांससेक्सुअल है, तो उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र के उप-विभागीय मजिस्ट्रेट (एसडीएम) को सभी प्रासंगिक दस्तावेज जमा करने होंगे। हालांकि, यदि वे ट्रांसजेंडर के रूप में पहचान करते हैं, तो उन्हें केवल एसडीएम को औपचारिक रूप से सूचित करना होगा।

# सम्पादकीय

गुरुवार, 10 जुलाई 2025

## ब्रिक्स देशों को धमकी

अमेरिका फर्स्ट की नीति को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर पूरी तरह से एक तरह का भूत सवार है। वह किसी भी मंच से अमेरिका की जरा सी भी आलोचना को सहन करने के लिए बिल्कुल भी तैयार नहीं हैं। अब तो उन्होंने ब्रिक्स देशों को ही सीधे निशाने पर ले लिया है और उनको एक अगस्त से दस प्रतिशत एक्सट्रा टैरिफ लगाने की धमकी दे डाली। गत रविवार को हुई ब्राजील में ब्रिक्स देशों की बैठक में ट्रम्प की व्यापार नीति को लेकर आलोचना की गई थी। चीन ने तो खुलकर यह कहकर विरोध किया था कि व्यापार समानता पर आधारित होना चाहिए और इसमें किसी भी देश की एकतरफा मनमानी नहीं होनी चाहिए। अंतर्राष्ट्रीय मुद्राकोष को लेकर भी अमेरिका की आलोचना की गई थी कि वह उसके दबाव में काम करता है। जाहिर है, डोनाल्ड ट्रम्प यह आलोचना नहीं सुनने वाले और उन्होंने अब सीधे तौर से ब्रिक्स पर ही हमला बोल दिया और कहा कि ब्रिक्स ग्रुप अमेरिकी डॉलर को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने यहां तक कह डाला कि ब्रिक्स हमें नुकसान पहुंचाने और हमारे डॉलर को कमजोर करने के लिए ही बनाया गया था। ट्रम्प ने धमकी दे डाली कि जो ब्रिक्स के सदस्य देश हैं, उनको दस फीसदी टैरिफ देना होगा।

इससे अमेरिका डॉलर की ताकत बनी रहेगी और इसे चुनौती देने वालों को बड़ी कीमत चुकानी होगी। वह यह कहने से भी नहीं चूके कि डॉलर राजा है। हम इसे ऐसे ही रखेंगे। उन्होंने सदस्य देशों को चेताते हुए कहा कि अगर लोग इसे चुनौती देना चाहते हैं, तो वह कर सकते हैं, लेकिन उन्हें बड़ी कीमत चुकानी पड़ेगी। वह दंभई अंदाज में यह भी बोल गए कि उन्हें नहीं लगता कि उनमें से कोई वह कीमत चुकाने के लिए तैयार है। भारत भी इस ब्रिक्स का सदस्य होने के चलते ट्रम्प की इस धमकी के दायरे में आ गया। ट्रम्प ने साफ कहा कि भारत को भी दस फीसदी टैरिफ देना होगा। किसी को कोई छूट नहीं दी जाएगी। हालांकि ट्रम्प ने भारत के साथ व्यापार की बात को भी स्वीकारा और आशा जताई कि इस महीने ही या उनकी भारत यात्रा के दौरान एक व्यापारी समझौता हो सकता है और 2030 तक दोनों देश आपसी ट्रेड को 500 डॉलर तक पहुंचा देना चाहते हैं। उन्होंने अपनी टैरिफ नीति का बचाव करते हुए कहा कि अब तक सौ अरब डॉलर से ज्यादा का टैरिफ जमा हो चुका है। उन्होंने पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन पर भी हमला बोला और कहा कि पिछली बार जैसा मूर्ख राष्ट्रपति होता तो अमेरिकी लोगों का स्टैंडर्ड गिर जाता। ट्रम्प ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि 1 अगस्त 2025 से टैरिफ लागू होंगे और इसमें कोई बदलाव या छूट नहीं होगी। हालांकि उन्होंने हमेशा की तरह यह जरूर कहा कि अगर कोई देश उनसे अलग से बात करना चाहता है, तो उसके साथ अलग से डील हो सकती है। जाहिर है ट्रम्प के इस कदम से दुनियाभर का व्यापार प्रभावित होगा। जैसाकि कहा जाता है कि ट्रम्प खुद एक बड़े व्यापारी हैं इसलिए व्यापार पर जोर दे रहे हैं, जोकि स्वाभाविक भी है, लेकिन जिस तरह का ट्रम्प आचरण कर रहे हैं और दूसरे देशों पर एक तरह से अपने फैसले थोंप रहे हैं, यह विश्व बिरादरी के लिए अच्छे लक्षण नहीं हैं।

## ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका



जैसे महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया था, वैसे ही बिहार के चुनाव को चुराने की साजिश रची जा रही है, इलेक्शन कमिश्नर भाजपा और आरएसएस नेताओं की तरह बात करते हैं, भाजपा पता चल गया है कि हमने महाराष्ट्र मॉडल समझ लिया है, वे अब बिहार मॉडल लाए हैं, ये गरीबों का वोट छीनने का तरीका है, आपको जो करना है करिए, लेकिन बाद में कानून आप पर हावी होगा, कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप कितने ही बड़े क्यों न हो कानून आपको नहीं छोड़ेगा, आप अपना काम नहीं कर रहे हो, कुछ महीने पहले महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव हुआ, उसके कुछ महीने बाद महाराष्ट्र और हरियाणा का विधानसभा का चुनाव हुआ, लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन ने जीत दर्ज की, कुछ महीने बाद विधानसभा के चुनाव में हार गया।

**–राहुल गांधी, नेता विपक्ष, लोकसभा**

# ओली के हवा हवाई दावे से भारत का बेफिक्र रहना ही अच्छा





यशोदा श्रीवास्तव

नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की छवि भारत विरोधी की है,यह बात छिपी नहीं है लेकिन वे खुल्लम खुल्ला भारत को चुनौती देने की अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे, यह हैरान करने वाली बात है। वे कभी भारत के खिलाफ तीसरे देश के हाथ की कठपुतली बन जाते हैं तो कभी भारतीय भू क्षेत्र पर अपना दावा ठोक कर भारत को आंख दिखाते हैं। हद तो यह हो गई कि ओली अब भगवान राम के जन्म स्थान तक को नेपाल में होने का दावा कर रहे हैं। ओली के बे सिर पैर के दावे पर नेपाल के ही एक टिप्पणी कार ने कहा इस पर गौर कर दिमाग खपाने से बेहतर है कि भारत बेफिक्र ही रहे।

ओली के इस तरह अनाप-शनाप बकवास के पीछे का एक सच यह है कि वे नेपाल की राजनीति में निष्प्रयोज्य होते जा रहे हैं। अभी वे गठबंधन सरकार के प्रधानमंत्री हैं और उस दल के (नेपाली कांग्रेस) गठबंधन में हैं जो अपेक्षाकृत हिंदूवादी है और उसके भारत के हिंदुवादी नेताओं से अच्छे संबंध है। ऐसे में ओली को यह डर सताता रहता है कि भारत अपने समर्थक दल नेपाली कांग्रेस का पेंच जरा सा भी कस दिया तो उनकी कुर्सी गई। इस डर के बीच ओली नेपाल की राजनीति में कम्युनिस्ट होते हुए ही हिंदुत्व कार्ड खेलने की रणनीति पर तेजी से काम शुरू कर दिए हैं। जाहिर है भगवान राम भारत और नेपाल में समान रूप से सर्वमान्य और पूज्यनीय हैं। भगवान राम का ससुराल जनकपुर में है जो नेपाल में स्थित है। यह माता सीता का मायका है। इस रिश्ते की वजह से ही भारत और नेपाल के बीच रोटी बेटी जैसे संबंध को प्रगाढ़ता मिली है जो आज भी कायम है।

नेपाल में इन दिनों राज संस्था और हिंदू राष्ट्र की मांग जोर शोर से चल रही है। आने वाले चुनाव में नेपाल में दो ही मुद्दे हावी रहेंगे। एक गणतंत्र और धर्मनिरपेक्ष दूसरे राजशाही और हिन्दू राष्ट्र। ओली संभावित राजनीति की इस धारा को बखूबी समझ रहे हैं और इससे भयभीत भी हैं। यही वजह है कि वे कभी देश भक्ति का कार्ड खेलते हैं तो कभी हिंदुत्व का।

इस बार हिंदुत्व का कार्ड खेलते हुए ओली ने भगवान राम के नेपाल में जन्मने का राग अलापना शुरू किया है। नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एमाले) के केंद्रीय पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में ओली ने स्पष्ट लहजे में कहा कि प्रभु राम का जन्म नेपाल में ही हुआ है यह सच्चाई कहने में किसी को डरने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि नेपाल के चितवन जिले के माड़ी में ही प्रभु राम का जन्म हुआ है। वह पवित्र स्थल राम की जन्मस्थली है। प्रधानमंत्री ओली आगे कहते हैं कि हम पर्यटन की बातें करते हैं, लेकिन राम नेपाल में जन्मे थे यह बात कोई और कहे, यह कब तब चलेगा? केवल कथाएं बना कर किसी और स्थान को जन्मभूमि बताना कहां तक उचित है? ओली का इशारा साफ तौर पर भारत की ओर है। उन्होंने कहा, राम के जन्म के वक्त नेपाल राज्य की क्या सीमाएं थीं, क्या प्रशासन था, वह अलग बात है। शायद वहां था-समुदाय का गांव रहा होगा, लेकिन आज वह भूभाग नेपाल में ही है। इसलिए सच कहने में हिचक क्यों? प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि किसी को यह बात बुरी लग सकती है, इससे डर कर सत्य बोलने से नहीं रुकना चाहिए। उन्होंने कहा, राम भगवान हैं या नहीं, यह हर किसी का व्यक्तिगत विश्वास है, लेकिन जो लोग भगवान राम को मानते हैं, उनके लिए राम की जन्मभूमि एक पवित्र स्थल है। ओली ने कहा अगर सच्चाई बोलने से कोई नाराज होता है तो वह होता रहे।

प्रधानमंत्री ओली ने यह भी दावा किया कि भगवान शिव, ऋषि विश्वामित्र और कौशिक ऋषि भी नेपाल के ही हैं। उन्होंने कहा, शिव यहीं के हैं, विश्वामित्र यहीं के हैं। यह रामायण में खुद लिखा है। प्रधानमंत्री ओली ने कहा कि वाल्मीकि कृत रामायण में उल्लेख है कि विश्वामित्र ने राम और लक्ष्मण को कोशी नदी पार करके पश्चिम दिशा में यानी नेपाली भूभाग में ही शिक्षा दी थी। यह रामायण में यह लिखा गया है। वाल्मीकि रामायण में यह वर्णित है कि कोशी नदी पार करके विश्वामित्र ने राम-लक्ष्मण को शिक्षा दी। इससे स्पष्ट है कि विश्वामित्र चतरा नेपाल के थे।

इतना ही नहीं उन्होंने नेपाल पर्यटन बोर्ड से कहा कि भगवान राम की जन्मस्थली का डिजिटल माध्यम से प्रचार प्रसार कर अधिक से अधिक विदेशी श्रद्धालुओं को नेपाल आने के लिए आकर्षित किया जाय। ओली ने कहा कि नेपाल के धार्मिक स्थलों का प्रचार बिल्कुल आधुनिक तरीके से और आक्रामक ढंग से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री ओली ने स्पष्ट किया कि धर्म में विश्वास करना या न करना हर व्यक्ति का स्वतंत्र अधिकार है, लेकिन भगवान राम नेपाल में जन्मे थे और सीता का निधन भी यहीं हुआ था, जैसी बातों का ग्रंथों में उल्लेख है, इसे पूरी दुनिया में प्रचारित करने से डरने की जरूरत नहीं है। इसके पहले ओली जब भारत के उत्तराखंड में स्थित काला पानी, लिपुलेख और लिंपियाधुरा नामक पहाड़ी क्षेत्र को अपने भू भाग का हिस्सा बताते हुए भारत पर कब्जा करने का आरोप मढ़ते हैं तो इससे वे खुद को पक्का देशभक्त साबित करने की कोशिश करते हैं।

यह भू क्षेत्र उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल के पिथौरागढ़ जिले का हिस्सा है। दर असल यह भू क्षेत्र भारत, नेपाल और चीन सीमा पर स्थित है जो नेपाल और भारत में बहने वाली काली या महाकाली नदी का उद्गम स्थल है। इस इलाके को काला पानी भी कहते हैं। यहीं पर लिपुलेख दर्रा भी है। यहां से उत्तर-पश्चिम की तरफ कुछ दूरी पर एक और दर्रा है, जिसे लिंपियाधुरा कहते हैं।

1816 में अंग्रेजों और नेपाल के गोरखा राजा के बीच हुए सुगौली समझौते में काली नदी के जरिए भारत और नेपाल के बीच सीमा तय की गई थी। समझौते के तहत काली नदी के पश्चिमी क्षेत्र को भारत का इलाका माना गया, जबकि नदी के पूर्व में पड़ने वाला इलाका नेपाल का हिस्सा माना गया। काली नदी के उद्गम स्थल को लेकर दोनों देशों के बीच विवाद रहा है। भारत नदी के पूर्वी धारा को काली नदी का उद्गम मानता है जबकि नेपाल पश्चिमी धारा को काली नदी का उद्गम स्थल मानता है। इसी आधार पर दोनों देश काला पानी के इलाके पर अपना-अपना दावा करते हैं। ए तीनों इलाके 370 वर्ग किमी में फैले हुए हैं। यहां रहने वाले लोगों की नागरिकता भारतीय है। काला पानी भारत, तिब्बत और नेपाल के बीच ट्राई-जंक्शन पर है। यह क्षेत्र सामरिक तौर पर इतना महत्वपूर्ण है कि यहां से भारत का चीनी सेना पर नजर रखना आसान है।भारत ने पहली बार 1962 के युद्ध में यहां सेना तैनात की थी। अभी भी यहां भारत-तिब्बत सीमा पुलिस तैनात है। लिपुलेख दर्रा उत्तराखंड को तिब्बत से जोड़ता है। भारत से मानसरोवर जाने वाले तीर्थयात्री लिपुलेख दर्रे से होकर गुजरते हैं। 1962 में चीन के हमले के बाद भारत ने लिपुलेख दर्रे को बंद कर दिया था। 2015 में चीन के साथ व्यापार और मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए इसे दोबारा खोला गया। मई 2020 में भारत ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को सुगम बनाने के लिए पिथौरागढ़ से लिपुलेख दर्रे तक 80 किमी लंबी नई सड़क का उद्घाटन किया था, जिसे लेकर नेपाल ने नाराजगी जताई थी। अंग्रेजों के साथ संधि के करीब 100 साल बाद तक इस इलाके को लेकर कोई विवाद नहीं हुआ। यहां तक कि भारत ने 1962 में चीनी आक्रमण को रोकने के लिए इस इलाके में अपनी सेना तक तैनात कर दी थी। अभी भी इस इलाके के कई हिस्सों में भारतीय सेना तैनात है। फिर ओली इस दुर्गम इलाके को अपना बताते हैं। सवाल उठता है कि यदि ऐसे ही हवा हवाई सबूतों के आधार पर किसी भू क्षेत्र अथवा जन्मस्थली पर दावा ठोकना हो तो भारत भी नेपाल के लुंबिनी को अपने देश का हिस्सा कह सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी है



श्री श्री परमहंस योगानंद

**जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं।**

नेहा प्रकाश

गुरु वह अनन्त द्वार हैं जिसके माध्यम से ईश्वर हमारे जीवन में प्रवेश करते हैं। तथा यदि हम अपनी इच्छा और चेतना को गुरु के साथ समस्वर नहीं करते हैं तो सम्भवत: ईश्वर भी हमारी सहायता नहीं कर सकते। आजकल लोग ऐसा मानते हैं कि शिष्यत्व स्वेच्छापूर्वक गुरु को अपनी स्वतंत्र इच्छाशक्ति समर्पित करने के समान है परन्तु गुरु की सार्वभौमिक करुणा के प्रति निष्ठा निश्चित रूप से दुर्बलता का प्रतीक नहीं है।

स्वामी युक्तेश्वरजी ने कहा था, इच्छा की स्वतंत्रता पूर्वजन्म और जन्मोत्तर की आदतों या मानसिक भावनाओं के अनुसार कार्य करने में निहित नहीं है परन्तु, सामान्य मनुष्य अपना दैनिक जीवन वस्तुत: अपनी इच्छाशक्ति का रचनात्मक प्रयोग किए बिना ही व्यतीत करते हैं संकट में, दु:ख में और यहां तक कि आनन्द में भी।

स्वतन्त्रता का वास्तविक अर्थ है अपने अहंकार से मुक्त जीवन जीना। यह तभी सम्भव है जब हम अनन्त ज्ञान, सर्वसमावेशी चेतना, सर्वव्यापी प्रेम पर ध्यान करते हैं, जिसे शिष्य एक सच्चे गुरु की शिक्षाओं के माध्यम से अनुभव कर सकते हैं। गुरु शब्द दो शब्दों से मिलकर बना है 'गु' का अर्थ है अन्धकार और 'रु' का अर्थ है समाप्त करना या भंग करना।

गुरु जन्म-जन्मान्तर तक हमारे हाथों को थामे रखते हैं जब तक कि हम माया की अन्धकारपूर्ण गलियों को पार कर अपने वास्तविक निवास अर्थात आत्मज्ञान में स्थित होकर सुरक्षित नहीं हो जाते, तो कोई व्यक्ति सच्चे गुरु को कैसे प्राप्त कर सकता है? ऐसा कहा जाता है कि गुरु को हम नहीं खोजते हैं, अपितु स्वयं गुरु ही हमें खोज लेते हैं।

जब सर्वोच्च सत्य को प्राप्त करने की हमारी लालसा अत्यधिक तीव्र हो जाती है, तो ईश्वर हमें आत्म-साक्षात्कार की चुनौतीपूर्ण यात्रा पर प्रगति करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए एक ईश्वरीय माध्यम अर्थात गुरु को भेजकर प्रत्युत्तर देते हैं। ऐसे गुरु ईश्वर के द्वारा निर्धारित होते हैं। वे ईश्वर के साथ एकाकार होते हैं और उन्हें धरती पर ईश्वर के एक प्रतिनिधि के रूप में उपदेश देने की ईश्वरीय स्वीकृति प्राप्त होती है। गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी हैं। माया के सागर को पार करने के लिए शिष्य गुरु-प्रदत्त साधना का अनुसरण करके ज्ञान की अपनी जीवनरक्षक नाव का निर्माण करता है।

परमहंस योगानन्द एक ऐसे ही सच्चे गुरु थे जो दिव्य गुरुओं की परम्परा से थे और जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व में क्रियायोग मार्ग के ज्ञान का प्रसार करने की दिशा में कार्य किया। क्रियायोग आत्म-साक्षात्कार प्राप्त करने के सर्वोच्च मार्गों में से एक है। अपने आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ, योगी कथामृत में, जिसने लाखों व्यक्तियों के जीवन को उन्नत किया है, योगानन्दजी लिखते हैं कि क्रियायोग एक मनोदैहिक प्रणाली है जिसके द्वारा मानव रक्त को कार्बन से मुक्त और ऑक्सीजन से संचारित किया जाता है। इस अतिरिक्त ऑक्सीजन के परमाणु प्राणधारा में परिणत हो जाते हैं जिसके द्वारा योगी ऊतकों के क्षय को नियन्त्रित और यहां तक कि रोक भी सकता है। आध्यात्मिक प्रगति की ऐसी शक्तिशाली पद्धति को मानवजाति के साथ साझा करना आवश्यक था और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए योगानन्दजी ने अपने गुरु स्वामी युक्तेश्वरजी के आदेश से सन् 1917 में रांची में योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया (वाईएसएस) और सन् 1920 में लॉस एंजेलिस में सेल्फ-रियलाइजेशन फेलोशिप (एसआरएफ) की स्थापना की। सत्य के साधकों के लिए एसआरएफ और वाईएसएस से आत्म-साक्षात्कार गृह-अध्ययन पाठमाला के माध्यम से क्रियायोग की शिक्षाएं उपलब्ध हैं।

ऐसा माना जाता है कि यदि किसी श्रद्धावान व्यक्ति की लालसा गहन और ईश्वर को जानने की तड़प अथक है, तो एक सच्चे गुरु स्वयं ही अपने शिष्य का मार्गदर्शन करने के लिए आते हैं। यह एक सच्चे गुरु का दिव्य वचन है। गुरु चाहे भौतिक शरीर में हों या न हों, वे सदैव उस शिष्य के निकट रहते हैं जो उनके साथ समस्वर होता है, क्योंकि एक सच्चे गुरु की चेतना शाश्वत होती है। सन्त कबीर के शब्दों में, हवह शिष्य अत्यन्त सौभाग्यशाली होता है जिसने एक सच्चे गुरु को खोज लिया है।

# पत्रकारिता की नाक काटने पर तुला गोदी मीडिया



निर्मल रानी




यदि आप गोदी मीडिया से जुड़े भोंपू टीवी चैनल्स पर टी आर पी केंद्रित चोंच लड़ाने व उत्तेजना पैदा करने वाली डिबेट देखें तो शायद ही कोई दिन ऐसा गुजरता हो जिस दिन गोदी मीडिया के इन टीवी एंकर्स को किसी न किसी डिबेट के सहभागी या दर्शकगण के बीच बैठे किसे जागरूक व्यक्ति के हभाथों घोर अपमान न सहना पड़ता हो। जनता के बीच तो यह लोग अब जाने से ही डरते हैं क्योंकि वहां भी कई बार इन्हें अपमानित होकर वापस आना पड़ा है। स्वयं के सेलेब्रेटी होने का भ्र्म पाले ऐसे कई पत्रकारों को कई बार जनता धक्के देकर भगा चुकी है। आखिर क्या कारण है कि पत्रकारिता जैसा पवित्र व जिम्मेदार पेशा अब इतना बदनाम हो गया है कि गोदी मीडिया से जुड़े वर्तमान भोंपू व पक्षपातपूर्ण एवं झूठी रिपोर्टिंग करने वाले पत्रकारों का बर्ताव व उनका मनोभाव देखकर लोग अपने बच्चों को पत्रकारिता सिखाने से परहेज करने लगे हैं?

आम लोग बड़े ही भरोसे के साथ टी वी देखते व पत्र पत्रिकाएं पढ़ते हैं। पत्रकारों का एक राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय नेटवर्क जगह जगह के ताजा हालात के बारे में अपने अपने मीडिया संस्थान को पूरी जिम्मेदारी के साथ अवगत कराता है। इसी सामग्री को प्रकाशित या प्रसारित कर देश दुनिया को किसी घटना की जानकारी दी जाती है। इसके अतिरिक्त मीडिया सरकार व समाज के दर्पण का भी काम करता है। सत्ता से उसकी नाकामियों पर सवाल पूछता है परन्तु गत दस वर्षों से तो यही मीडिया न केवल सरकार का वफादार भोंपू बन चुका है बल्कि उल्टे सत्ता से सवाल करने वालों को ही कटघरे में खड़ा कर रहा हे। यह सत्ता के बजाए विपक्ष से सवाल करने को ही पत्रकारिता समझता है। गोदी मीडिया सरे आम सांप्रदायिक एजेंडा परोसता है और देश में साम्प्रदायिक ध्रुवीकरण करने में अपनी मुख्य भूमिका अदा कर रहा है।

पत्रकारिता को शर्मसार करने वाले ऐसे ही दलाल किस्म के पत्रकारों पर न जाने कितने मुकद्दमे चल चुके हैं और कई पर तो अभी भी चल रहे हैं। देश की अदालतें ऐसे टी वी चौनल्स व पत्रकारों को कई बार डांट फटकार लगा चुकी हैं। अभी पिछले ही दिनों रिपब्लिक टीवी के एडिटर-इन-चीफ अर्नब गोस्वामी के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने मानहानि का मामला दायर कर दिया। अर्नब गोस्वामी ने ऑपरेशन सिंदूर की रिपोर्टिंग के समय कांग्रेस पार्टी को राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ी होने वाली पार्टी बताकर कांग्रेस की छवि धूमिल करने की कोशिश की थी। रिपब्लिक टीवी वही न्यूज चैनल है जिसकी स्थापना मई 2017 में अर्नब गोस्वामी व भाजपा सांसद राजीव चंद्रशेखर ने संयुक्त रूप से की थी। राजीव चंद्रशेखर उद्यमी होने के साथ साथ वर्तमान में भाजपा केरल के प्रदेश अध्यक्ष होने के अलावा पूर्व इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, कौशल विकास, उद्यमिता व जल शक्ति मंत्रालय के राज्य मंत्री भी हैं। उधर अर्नब गोस्वामी की तारीफ यह है कि इन्हें 4 नवम्बर 2020 को 53 साल के एक इंटीरियर डिजाइनर को आत्महत्या के लिए मजबूर करने के मामले में मुंबई पुलिस ने गिरफ्तार किया था। इसके अलावा भी गोस्वामी के विरुद्ध कई आपराधिक और सिविल मामले दर्ज किए गए थे। इनमें मानहानि, उकसाने, गलत सूचना फैलाने और अन्य संबंधित आरोप शामिल हैं। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के मुंह पर कालिख पोतने वाला ऐसा दागदार व्यक्ति अब यह प्रमाण पत्र बांट रहा है कि कौन सा व्यक्ति व दल राष्ट्र भक्त है और कौन राष्ट्र के दुश्मनों के साथ खड़ा है?

कुछ दिन पहले ऐसे ही किसी एजेंडा पत्रकार ने पूरी पत्रकार बिरादरी को उस समय जलील किया जब उसने भारत की अंतर्राष्ट्रीय खुफिया एजेंसी रॉ के पूर्व निदेशक अमरजीत सिंह दुलत का साक्षात्कार किया और उस दौरान उसने दुलत से एक अप्रासंगिक प्रश्न पूछ लिया। उसने पुछा कि कुछ दिन पहले आप पाकिस्तान गए थे? इस सवाल पर पहले तो दुलत ने पूछा की यह किसने बताया आपसे? जवाब न मिलने के बाद वे खड़े हो गए और निकालो इसको साले को...। मालूम है मैं कौन हूं? इसी तरह पिछले दिनों जी न्यूज और CNN-News18 के विरुद्ध पुंछ की अदालत ने एफआईआर का आदेश दिया तथा प्रत्येक पर 5 करोड़ रूपए का जुर्माना सुनाया। मामला यह था कि 7 मई 2025 को ऑपरेशन सिंदूर के दौरान, पुंछ में पाकिस्तानी हमले में कारी मोहम्मद इकबाल नामक एक सज्जन व्यक्ति शहीद हो गए थे। उस समय ममछमू और CNN news 18 जैसे चैनल बड़ी ही बेशर्मी से इकबाल को आतंकवादी बता रहे थे तथा बिना किसी सबूत के यह दावा कर रहे थे कि कारी मोहम्मद इकबाल का सम्बन्ध लश्कर-ए-तैयबा से था, जबकि वे स्थानीय लोकप्रिय समाजसेवी थे तथा राष्ट्रभक्त व्यक्ति थे। मरणोपरांत उनकी छवि बिगाड़ने, फर्जी व अपमानजनक सामग्री प्रसारित करने के लिए ही अदालत ने इन चैनल्स पर 5 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया। निश्चित रूप से यह पक्षपातपूर्ण पत्रकारिता के मुंह पर जोरदार तमाचा है। यह कैसा गैर जिम्मेदार मीडिया है कि दुश्मन की गोली से शहीद होने वाले अपने ही देशवासियों को आतंकवादी बता रहा है?

याद कीजिए 14 जून 2020 का वह दिन जब अभिनेता सुशांत सिंह राजपूत ने आत्महत्या कर ली थी परन्तु आत्महत्या करने के बाद उसके परिवार वालों ने सुशांत की मित्र अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को इस तरह कटघरे में खड़ा कर दिया था गोया रिया चक्रवर्ती पर दोष मढ़ने के लिए मीडिया के पास सारे सुबूत मौजूद हों। उस दौरान इसी मीडिया ट्रायल की वजह से रिया को 27 दिनों तक जेल में भी रहना पड़ा था।

रिया चक्रवर्ती पर न केवल न केवल सुशांत को आत्महत्या के लिए उकसाने भर का आरोप था बल्कि उस पर 15 करोड़ की हेराफेरी का भी आरोप लगाया गया था। यहां तक कि इस मामले में ड्रग्स के एंगल से भी जांच की गई थी परन्तु पिछले दिनों इस मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो ने अदालत में दो क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी। सीबीआई की इस रिपोर्ट में अभिनेता की मौत के मामले में किसी साजिश से इनकार किया गया। गोया सीबीआई द्वारा रिया चक्रवर्ती को क्लीन चिट दे दी गई। इस रिपोर्ट के फौरन बाद जी न्यूज के स्वामी सामने आए थे और उन्होंने अपने चौनल पर इस सम्बन्ध में गलत खबर चलाने के लिए मुआफी मांगी। परन्तु बेशर्म पत्रकारों ने मुआफी मांगने की भी जरुरत महसूस नहीं की? देश में जिस तरह मीडिया द्वारा बेशर्मी की सारी हदें पार की जा रही हैं उसे देखकर यही कहा जाएगा कि पत्रकारिता की नाक कटाने पर तुला है गोदी मीडिया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# रजत जयंती वर्ष 25 YEARS 2000–2025 ... ढाई दशक का सुनहरा सफर

## दैनिक शाह टाइम्स के सभी विज्ञापनदाताओं, पाठकों व शुभचिंतकों को रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं


**मुनेश कुमार**
शंकर ईंट उद्योग
पता: चन्दैना कोली
तल्हेडी बुजुर्ग

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**सचिन पुनिया**
थाना प्रभारी फतेहपुर
जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**मौ. अतहर**
भावी चेयरमैन प्रत्याशी
नगर पंचायत छुटमलपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**डा. फैसल खान**
लाईफ केयर हॉस्पिटल
गंदेवडा छुटमलपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**नीरज पुंडीर**
वरिष्ठ समाजसेवी व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि मुजफ्फराबाद

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**अंकित वर्मा**
जिला कार्यकारिणी सदस्य
भारतीय जनता पार्टी

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**इमरान अली**
भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम पंचायत गंदेवडा ब्लाक पुंवारका, सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं

**सुलतान अहमद**
वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष
भारतीय किसान यूनियन तोमर
भावी प्रधान प्रत्याशी
ग्राम भटपुरा


**फरमान अली**
पूर्व प्रधन भटपुरा
भावी जिला पंचायत प्रत्याशी
वार्ड नंबर 3

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**चांदनी राठौर**
वरिष्ठ समाजसेवी व भाजपा नेत्री


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**सुधीर प्रकार सैनी**
ग्राम प्रधान
बादशाहपुर
बिहारीगढ


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**हरेन्द्र कश्यप**
वरिष्ठ समाजसेवी
ग्राम पंचायत
इस्माईलपुर, बिहारीगढ


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**सईद अहमद त्यागी**
व्यापार मण्डल अध्यक्ष
तल्हेडी बुजुर्ग



BRAIN DISCOVERY GLOBAL SCHOOL
Pathway to wisdom

**ADMISSION OPEN**
Pre- Nursery to Class 9
Day Boarding School
Run by Ex-DPS PRINCIPALS AND PROFESSORS


PROF. MOHAMMAD KAMIL
Prof. M. Kamil, an aluminous of Birla Institute of Technology and Science (BITS) – Pilani, is a humble teacher, an educationist, an administrator, and has expertise in Software Systems. With a career span of over 36 years, he served Jamia Millia Islamia in the Faculty of Engineering and Technology. Recently he completed his five-year assignment as Director, Centre for Information Technology, Maulana Azad National Urdu University (MANUU) Hyderabad.

He has a firm belief that learning windows are always open where the child, and adult learns to make wholesome happiness.

Free Meals, Tuition, Foundation Classes
Home work completed at school only
Enroll Now 9911002019, 9911002046
NH-344 Dehradun National Highway, Near Health Centre, Haroda, Saharanpur - 247769 U.P.
Website - www.braindiscoverysaharanpur.in operated by GGF


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**विनोद कुमार**
थाना प्रभारी
गागलहेडी


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**धनराज सिंह**
यूनिट हैड
दया शुगर मिल
गागलहेड़ी


दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त इंग्लिश मीडियम शिक्षण संस्थान **राष्ट्र देव इंटरनेशनल एकेडमी** में कक्षा नर्सरी से इंटरमीडिएट तक के प्रवेश प्रारम्भ
शिक्षण संस्थान में बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कंप्यूटर क्लास व उचित क्रीडा स्थल आदि की विशेष सुविधाएं उपलब्ध

**शिवानी अग्रवाल**
पता: तल्हेडी बुजुर्ग से पनियाली मार्ग, तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स न्यूज पेपर की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**कैम्ब्रिज इंटरनेशनल स्कूल**
सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थान कैंब्रिज इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नर्सरी से इंटरमीडिएट तक प्रवेश प्रारम्भ।

**चेयरमैन प्रमोद त्यागी**
पता: तल्हेडी बुजुर्ग तहसील देवबंद जनपद सहारनपुर

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**विपिन कुमार**
चौकी प्रभारी
तल्हेडी बुजुर्ग


दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र की रजत जयंती पर हार्दिक शुभकामनाएं
**बाबूराम**
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत बेगमपुर
तल्हेडी बुजुर्ग


सभी देशवासियों को शाह टाइम्स रजत जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं

**अंकुर सैनी**
(सभासद)
वार्ड नंबर 7
नगर पंचायत छुटमलपुर